UFT LIVE TV

www.upfighttimes.com

upfighttlmesnews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# यूपी फाइट टाइम्स

आरएनआई नं0/2020/80511

संपादक :- सतीश कुमार गोयल

वर्ष:-03, अंक:-323, पृष्ठ:-12, मूल्य:- 1 रूपये

(फतेहपुर से प्रकाशित)

फतेहपुर, रविवार 17 सितम्बर 2023



रात्रि गश्त मिलान में लापरवाह ... 03

शार्ट सर्किट से फ्लैट में लगी ... 08

## इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर का पहले चरण का आज लोकार्पण करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नयी दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) का पहला चरण 'यशोभूमि' राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25' तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का भी उद्घाटन करेंगे।

आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'यशोभूमि' को करीब 5400 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह एक भव्य कन्वेंशन सेंटर, कई प्रदर्शनी हॉल और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें 73 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बने कन्वेंशन सेंटर में मुख्य सभागार, ग्रैंड बॉलरूम सहित 15 सम्मेलन कक्ष और 13 बैठक कक्ष शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता 11 हजार प्रतिनिधियों की है। कन्वेंशन सेंटर में देश का सबसे बड़ा एलईडी मीडिया अग्रभाग है। कन्वेंशन सेंटर का पूर्ण हॉल में छह हजार मेहमानों की बैठने की क्षमता है।

'यशोभूमि' में दुनिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी हॉलों में से एक है। उन्होंने बताया कि 1.07 लाख वर्ग मीटर से अधिक में बने इन प्रदर्शनी हॉलों का



उपयोग प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए किया जाएगा। इसमें 100 प्रतिशत अपशिष्ट जल के पुन- उपयोग, वर्षा जल संचयन के प्रावधानों के साथ अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली का उपयोग किया गया है और इसके परिसर को सीआईआई के भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) से प्लेटिनम प्रमाणन प्राप्त हुआ है। आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च तकनीक सुरक्षा प्रावधानों से भी सुसज्जित है। यह तीन हजार से अधिक कारों के लिए भूमिगत कार पार्किंग सुविधा भी 100 से अधिक इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट से सुसज्जित है।

नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25' के उद्घाटन के साथ 'यशोभूमि' दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से भी जुड़ जाएगी। नए मेट्रो स्टेशन में तीन सबवे होंगे - स्टेशन को प्रदर्शनी हॉल, कन्वेंशन सेंटर और सेंट्रल एरिना से जोड़ने वाला 735 मीटर लंबा सबवे; द्वारका एक्सप्रेसवे में प्रवेश/निकास को जोड़ने वाला दूसरा सबवे; जबकि तीसरा सबवे मेट्रो स्टेशन को %यशोभूमि% के भविष्य के प्रदर्शनी हॉल के फ़ोयर से जोड़ता है।

दिल्ली मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ट्रेनों की प्रचालन गति को भी 90 से बढ़ाकर 120 किमी/घंटा करेगी जिससे यात्रा का समय कम होगा। नयी दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक की यात्रा में करीब 21 मिनट लगेंगे।

> ● यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'यशोभूमि' को करीब 5400 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह एक भव्य कन्वेंशन सेंटर, कई प्रदर्शनी हॉल और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें 73 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में बने कन्वेंशन सेंटर में मुख्य सभागार, ग्रैंड बॉलरूम सहित 15 सम्मेलन कक्ष और 13 बैठक कक्ष शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता 11 हजार प्रतिनिधियों की है। कन्वेंशन सेंटर में देश का सबसे बड़ा एलईडी मीडिया अग्रभाग है। कन्वेंशन सेंटर का पूर्ण हॉल में छह हजार मेहमानों की बैठने की क्षमता है।

### उदयपुर में फिल्म सिटी की स्थापना की केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखी मांग




**उदयपुर।** राजस्थान में झीलों की नगरी उदयपुर में फिल्म सिटी की स्थापना के लिए लाइन प्रोड्यूसर मुकेश माधवानी ने इस बार केन्द्र सरकार के समक्ष उदयपुर में फिल्म सिटी की मांग को पुरजोर ढंग से रखा है। माधवानी ने शुक्रवार को उदयपुर में पर्यटन विभाग के हितधारकों की परामर्श बैठक के दौरान अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के समक्ष यह मांग रखी। माधवानी ने अपनी मांग में मंत्री को अवगत करवाया कि उदयपुर में सिनेमा को लेकर बहुत संभावनाएं हैं, यहां हर साल कई फिल्मों, एड, म्यूजिक एल्बम आदि की शूटिंग होती है। ऐसे में अगर उदयपुर में फिल्म सिटी की स्थापना होती है तो यहां पर्यटन को बल मिलेगा। साथ ही क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का मंच मिलेगा और रोजगार के भी द्वार खुलेंगे।

### भारत 100 मेगावाट बिजली की पायलट परियोजना शुरू करेगा-आरके सिंह


**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने कहा है कि भारत जल्द ही भंडार की गई हरित हाइड्रोजन का उपयोग करके निरंतर 100 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करेगा। सिंह ने कहा कि आगे आने वाले समय में भारत दुनिया में हरित हाइड्रोजन और अमोनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा निर्यातक होगा। उन्होंने कहा देश के पास सबसे सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि देश ने पहले से ही हरित हाइड्रोजन के लिए पर्याप्त विनिर्माण क्षमता हासिल कर ली है और खुद को इस तेजी से बढ़ रहे क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। सिंह यहां भारतीय उद्योग परिसंघ और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा स्वच्छ ऊर्जा पर आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी में बोल रहे थे। इसका विषय था - 'स्वच्छ ऊर्जा को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक चैंपियन- नवाचार और विनिर्माण ।'

## केदारनाथ-बदरीनाथ उत्तराखंड चार धाम पर सामने आया बड़ा अपडेट

### हो सकती परेशानी

**देहरादून।** उत्तराखंड चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। केदारनाथ धाम में बंद का ऐलान किया है। जबकि, गंगोत्री और बदरीनाथ हाईवे मलबा आन से बाधित हो गया है। ऐसे में तीर्थ यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेशनल हाईवे बंद से जगह-जगह यात्री फंस गए हैं।

तो दूसरी ओर, केदारनाथ आपदा से प्रभावित तीर्थ पुरोहितों को 2013 से भूमिधर अधिकार के तहत भवन नहीं दिये जाने और खड़े भवनों के साथ छेड़छाड़ किये जाने से आक्रोशित तीर्थ पुरोहितों ने समस्त केदारनाथ धाम से लेकर यात्रा पड़ावों तक बंद का ऐलान किया है। शनिवार से रविवार सुबह तक 24 घंटे तक केदारपुरी के बाजार बंद रहेंगे, जिससे तीर्थ यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा । **गंगोत्री-**



**बदरीनाथ हाईवे मलबा आने से बाधित**-उत्तराखंड में बारिश आफत बनी जा रही है। नेशनल हाईवे पर मलबा आने से ऋषिकेश-गंगोत्री और ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे चार घंटे बाधित रहा। इससे पहाड़ आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ी। सुबह करीब आठ बजे बदरीनाथ हाईवे पर तोताघाटी और व्यासी के पास चट्टान टूटकर गिरने से हाईवे बाधित हो गया। करीब 11 बजे हाईवे को वाहनों के लिए खोल दिया गया।

**उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में बारिश पर अलर्ट**

उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में चार धाम यात्रा रूट पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों से अपील की जाती है गंगोत्री, यमुनोत्री, बंदरीनाथ सहित चार धाम यात्रा पर जाने से पहले मौसम पूर्वानुमान का अपडेट जरूर ले लें। भारी बारिश पर अलर्ट जारी किया गया है।

## रक्षा मंत्री ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है।

छठी कक्षा से शुरू होने वाले ये सैनिक स्कूल गैर-सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी क्रमबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इन स्कूलों को 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की सरकार की पहल के तहत मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा नए सैनिक स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 23 नए स्कूलों को खोलने की मंजूरी दी है। इस पहल से सैनिक



स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी मोड के तहत खुलने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं। नए सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कैरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को, युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देता है। नए 23 सैनिक स्कूलों की प्रदेश वार सूची सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नए सैनिक स्कूलों के लिए नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे।

## अनंतनाग के 'नागों' का फन कुचल रही सेना, भागते दिखे आतंकी

### ड्रोन फुटेज में हुआ सबकुछ रिकॉर्ड

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों के साथ भारतीय सेना की मुठभेड़ चौथे दिन भी जारी है। पहाड़ी इलाके के जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चल रहे अभियान में ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। हाल ही में एक फुटेज सामने आया है जिसमें आतंकी अपनी जान बचा कर भागते दिखाई दे रहे हैं। सेना की कार्रवाई से पस्त आतंकी अब अपनी जान बचाने के लिए मजबूर हो रहे हैं और इधर-उधर भागते दिखाई दे रहे हैं। ड्रोन से की जा रही निगरानी के आधार पर सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के छिपने की जगह पर मोर्टार के गोले दागे हैं। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह से घेर रखा है। ऐसा लगता है कि अब आतंकियों की खैर नहीं है। सेना इस मुठभेड़ में जल्द ही विजय पा लेगी। दक्षिण कश्मीर जिले के कोकेरनाग इलाके के गडोले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बुधवार सुबह सेना की 19 राष्ट्रीय



राइफल्स इकाई के कमांडिंग अधिकारी कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट्ट के साथ ही एक सैनिक ने अपनी शहादत की। सेना के जवानों की शहादत बेकार न जाए इसके लिए भारतीय सेना चुन-चुनकर आतंकियों से बदला ले रही है।

## लखनऊ में बड़ा हादसा; रेलवे कॉलोनी में मकान ढहा, मलबे में दबकर पांच लोगों की दर्दनाक मौत

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में देर रात एक मकान की छत ढह गई, जिससे पांच लोगों की दब जाने से मौत हो गई। बारिश के बाद मकान और कमजोर हो गया था। सुबह सफाईकर्मियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची।

टीम ने मलबा हटाकर पांच लोगों को बाहर निकला और उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुबह लोगों का तांता लग गया जिसे संभालने के लिए और पुलिस बुलानी पड़ी। मृतकों में सतीश चंद्र (40), सरोजनी देवी (35), हर्षित (13), हर्षिता (10) और अंश (5) शामिल हैं। डीसीपी



● डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत ही स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पूर्व हृदेश कुमार ने बताया कि पुरानी रेलवे कॉलोनी में घर की छत ढह गई। परिवार के पांच लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**200 परिवार रहते हैं कॉलोनी में, मकान जर्जर**

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली कॉलोनी में करीब 200 परिवार रहते हैं। कॉलोनी के ज्यादातर मकान जर्जर हैं और कंडम घोषित किए जा चुके हैं। बावजूद इसके रेलवे प्रशासन ने लोगों से मकान खाली नहीं करवाए और लोग रह रहे हैं। जिसके चलते हादसा हुआ।

**देखते देखते तबाह हो गया परिवार**

जिस मकान की छत गिरी उस वक्त मकान में पांच लोग थे, जिनकी मौत मलबे में दबने से हुई है। सतीश चंद्र के पिता रामचंद्र पहले रेलवे में थे जिनकी मृत्यु के बाद मां का भी निधन हो गया और सतीश चंद्र को अनुकंपा पर नौकरी मिलने की उम्मीद थी। सतीश अपने परिवार के साथ यहां रहते थे जबकि सतीश के भाई अमित भी रेलवे में है।

**हादसे पर डिप्टी सीएम ने जताया दुःख, त्वरित राहत कार्य के दिए निर्देश**

हादसे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गहरा दुःख जताते हुए त्वरित राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत ही स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि रेलवे का यह मकान काफी पुराना था। अन्य कोई व्यक्ति इसमें फंसा ना हो। इस कारण मलबे को तुरंत हटाया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार के शेष परिजनों को सरकार की ओर से हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।

## केरल में निपाह संक्रमितों के कॉन्टैक्ट में 1008 लोग आए, इनमें 327 स्वास्थ्य कर्मी

**नई दिल्ली।** केरल के कोझिकोड में शुक्रवार को एक और व्यक्ति के निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसी के साथ राज्य में निपाह वायरस के चार एक्टिव मामले हो गए हैं। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस का छठा केस मिलने के बाद सभी स्कूल-कॉलेज और ट्यूशन सेंटर्स को 24 सितंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। 14 सितंबर से ही शैक्षणिक संस्थाएं बंद हैं। दूसरी तरफ निपाह वायरस से संक्रमितों के कॉन्टैक्ट में आने वाले लोगों की संख्या 1008 हो गई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि इनमें से 327 स्वास्थ्य कर्मी हैं। कोझिकोड जिले के बाहर संक्रमितों के संपर्क में 29 लोग आए हैं। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में मलप्पुरम के 22, वायनाड के 1 और कन्नूर-त्रिशूर जिले के 3-3 लोगों की पहचान हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ये आंकड़ा और बढ़ सकता है। कोझिकोड में निपाह वायरस से 30 अगस्त को पहली और 11 सितंबर को दूसरी मौत हुई थी। 30 अगस्त को मृतक के अंतिम संस्कार में 17 लोग शामिल हुए थे। इन सभी को आइसोलेशन में रखा गया है।



**निपाह के 4 एक्टिव मामलों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल**

केरल में स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को कोझिकोड में एक व्यक्ति (39) के निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। इसी के साथ कोझिकोड में निपाह वायरस के चार एक्टिव मामले हो गए। इनमें एक 9 साल के बच्चे की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में भर्ती है।

**कोरोना के मुकाबले निपाह वायरस से मृत्यु दर काफी ज्यादा**

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डीजी राजीव बहल ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत है। यह कोरोना वायरस से होने वाली मृत्यु दर की तुलना में काफी ज्यादा है। कोरोना से मृत्यु दर 2-3 प्रतिशत है। ICMR ने बताया कि केरल में निपाह वायरस के फैलने की वजह साफ नहीं है। हालांकि, अधिक मृत्यु दर को देखते हुए ICMR ने सावधानी बरतने की अपील की है। केरल में लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क पहनने और चमगादड़ों के संपर्क में आने वाले कच्चे भोजन से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**भारत ने ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के 20 डोज मांगी**-ICMR के बताया कि निपाह वायरस के इलाज के लिए भारत ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 और डोज ऑस्ट्रेलिया से मांगी है। अभी हमारे पास केवल 10 डोज मौजूद हैं। हमारे शरीर में मौजूद एंटीबॉडी को जब लेबोरेटरी में बनाया जाता है, इसे मोनोक्लोनल एंडीबॉडी कहते हैं। ये कैंसर समेत कई बीमारियों के इलाज में मददगार होती है। भारत के बाहर विश्व भर में अब तक निपाह से संक्रमित 14 लोगों को ही मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दी गई है। इनमें सभी की जान बची है। भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी डोज मंगवाए थे। उस साल केरल के कोझिकोड और मलप्पुरम जिले में निपाह से 17 लोगों की मौत हुई थी।

## न्यूज सार

### ब्लेकमेल कर धोखाधडी करने वाला वांछित गिरफ्तार




मीरापुर। पुलिस ने एक महिला को ब्लेकमेल कर धोखाधडी कर लाखो रूपये ठगने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानध्यक्ष रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि मीरापुर की एक महिला के साथ ब्लेकमेल कर धोखाधडी करते हुए दो लोगो ने लाखो रूपये की ठगी कर ली थी। पुलिस ने इस समबंधा में दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित चल रहे योगेश पुत्र बदलेराम निवासी सोन्दह थाना पलवल, हरियाणा को मीरापुर के मोंटी तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सम्बंध में पुलिस अन्य आरोपी सूर्या को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

फोटो कैप्शन– धोखाधडी में वांछित को जेल भेजती पुलिस।

### मंडलायुक्त अखिलेश सिंह एवं आईजी आर के भारद्वाज ने रुधौली तहसील में मामलों का कराया सम्पूर्ण समाधान में दिए कड़े निर्देश



यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। रुधौली तहसील समाधान दिवस के अवसर पर बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज के अध्यक्षता में जनपद बस्ती के रुधौली तहसील में जनसुनवाई की गयी रुधौली तहसील पर आए हर एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनवाई कर निस्तारण के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए गये पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आने वाले शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण घ्सुनिश्चित कराएं पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज द्वारा कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करें राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी इस अवसर पर एसडीएम रुधौली तहसीलदार रुधौली व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडिया सेल पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बस्ती।

### थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गैंगेस्टर अली अहमद के घर से एक मोटर साइकिल जब्त किया गया

यूपी फाइट टाइम्स



बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश क्रम में बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी के दिशा निर्देश पर रूधौली क्षेत्राधिकारी श्रीमती प्रीती खरवार के कुशल पर्यवेक्षण में लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0 नि0 शारदा प्रसाद मु0 अ0 सं0 387/22 धारा 3 यू0 पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती से सम्बन्धित अभियुक्त अली अहमद पुत्र कुतुब अली सा0 दिरहमतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा की चल सम्पत्ति बस्ती जिलाधिकारी के संस्तुति के उपरान्त मोटर साइकिल नं0 UP43P 6573 स्प्लेण्डर प्रो0 को उसके घर से लाकर थाना स्थानीय पर धारा 14 गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत जब्त कर दाखिल कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है जब्त सम्पत्ति का विवरण मोटर साइकिल नं0 UP 43P 6573 स्प्लेण्डर प्रो0।

# रविवार से आयुष्मान भव: अभियान का होगा आगाज, 14 स्थानों पर लगेंगे आयुष्मान मेले

**जिले के 223 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर शनिवार को लगेंगे आयुष्मान मेले**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने दी जानकारी**

यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर 16 सितम्बर। जिले में आयुष्मान भवः अभियान का आगाज 17 सितम्बर को होगा । पहले दिन जिले के 14 सीएचसी पर आयुष्मान मेलों का आयोजन होगा जिनमें विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे।यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने सीएमओ कार्यालय सभागार में सीएचओ के साथ आयोजित बैठक में शुक्रवार को दी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हाटा, कसया, कुबेरस्थान,मोतीचक, रामकोला,फाजिलनगर सहित सभी 14 सीएचसी पर रविवार को आयोजित मेले में चक्रानुक्रम में स्त्री रोग, बाल रोग, सर्जन, नेत्र और ईएनटी विशेषज्ञों की सेवाएं भी देने की योजना है। इसी प्रकार 223 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर शनिवार को आयुष्मान मेले लगेंगे।डॉ पटारिया ने बताया कि अभियान के प्रथम घटक सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान, स्वैच्छिक रक्तदान और अंगदान के संकल्प संबंधी आयोजन दो अक्टूबर तक चलेंगे। दूसरे घटक आयुष्मान आपके द्वार के तहत विभिन्न विभागों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से आयुष्मान भारत योजना के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाया जाएगा ताकि ऐसे प्रत्येक परिवार



को प्रति वर्ष पांच लाख तक के इलाज की सुविधा सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती होने के बाद मिल सके।सीएमओ ने बताया कि अभियान के तीसरे घटक आयुष्मान मेलों का स्वास्थ्य और पोषण की दृष्टि से काफी महत्व है। इसमें शनिवारीय मेले सभी सक्रिय 223 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर लगाए जाएंगे। प्रथम शनिवार को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। दूसरे शनिवार को टीबी, मलेरिया, डेंगू, कुष्ठ, फाइलेरिया जैसे संचारी रोगों के मरीजों की स्क्रीनिंग होगी और उनका इलाज करवाया जाएगा। तीसरे शनिवार को गर्भावस्था जांच,नियमित टीकाकरण व पोषण संबंधी सेवाएं दी जाएंगी। चौथे शनिवार को नेत्र देखभाल संबंधी सेवा घर के नजदीक ही दी जाएंगी।उन्होंने बताया कि अभियान के चौथे घटक के तौर पर दो अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन होगा जिसमें स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा के साथ साथ आयुष्मान कार्ड का वितरण व प्रदर्शन होगा। यह आयोजन ग्राम और वार्ड स्तर पर होंगे। अभियान के पांचवे घटक के तौर पर छह बिंदुओं में शत प्रतिशत सूचकांक वाले गांव या वार्ड को आयुष्मान गांव या आयुष्मान वार्ड घोषित किया जाएगा। इन बिंदुओं में मार्च 2024 तक पांच वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरण, आभा आईडी जेनरेशन, तीस या इससे अधिक उम्र के लोगों का गैर संचारी रोगों के लिए स्क्रीनिंग, प्रति हजार जनसंख्या पर एक वर्ष में कम से कम तीस लोगों की टीबी जांच और टीबी के सफल उपचार परिणाम 85 फीसदी से अधिक होना शामिल हैं।

## लखनऊ रेलवे कॉलोनी में छत गिरने से हादसा, तीन बच्चों समेत एक परिवार के 5 लोगों की मौत

लखनऊ में शनिवार को बड़े हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। रेलवे कॉलोनी में छट गिरने से 3 बच्चों समेत एक परिवार के 5 की मौत हो गई। मृतकों में 40 वर्षीय सतीश चंद्र, 35 वर्षीय सरोजनी देवी, 13 वर्षीय हर्षित, 10 वर्षीय हर्षिता और 5 वर्षीय अंश हैं।इस हादसे को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया है। मौके पर एसडीआरएफ टीम ने पहुंचकर मृतकों के शवों को निकाला। हादसा आलमबाग के आनन्द नगर फतेह अली चौराहे के किनारे बनी रेलवे कॉलोनी में हुआ। शनिवार की सुबह आलमबाग रेलवे कॉलोनी में एक पुराने की मकान की छत ढहने से पांच लोगों की जान चली गई। मरने वालों में 3 बच्चे शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों को मलबे में से



निकाल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसके अलावा वहां पर अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। आलमबाग रेलवे कॉलोनी हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से राहत कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। रेलवे कॉलोनी में हुई इस घटना में 40 वर्षीय सतीश चंद्र की मौत हुई है। इसके अलावा अन्य मरने वालों में 35 वर्षीय सरोजनी देवी, 13 वर्षीय हर्षित, 10 वर्षीय हर्षिता और 5 वर्षीय अंश शामिल है। मृतकों की पहचान हो गई है। घर में सोते समय यह हादसा हुआ। इस कारण किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला। घटनास्थल पर ही पांचों की मौत की बात सामने आ रही है।जर्जर मकान में हुआ हादसा लखनऊ में वर्षों पुरानी रेलवे कॉलोनी के मकान जर्जर हो चुकी हैं। इसी में से एक मकान की छत शनिवार की सुबह गिर गई। इस हादसे में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। हालांकि, इस घटना में पांच लोगों की मौत के बाद उनकी लाश ही निकाली जा सकी। आलमबाग के आनन्द नगर फतेह अली चौराहे के किनारे रेलवे कॉलोनी का निर्माण किया गया है।

## तालाब ओवरफ्लो होने के कारण लिंकमार्ग में कटाव

मीरापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेडा में तालाब ओवर फ्लो होने के कारण लिंक मार्ग क्षतिग्रस्त होने के आसार बने हुए हैं जिस कारण ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। ग्रामीणो ने प्रशासन से सडक पर हो रहे कटाव को सही कराने की मांग की है। मीरापुर क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेडा में बारिश व ग्राम के पानी से व तालाब की सफाई न होने के कारण तालाब ओवर फ्लो हो गया है जिस कारण सम्भलहेडा, महमूदपुर को मीरापुर से जोडने वाला लिंकमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। यह मार्ग विश्व प्रसिद्ध पंचमुखी महादेव मंदिर पर जाता है जिस कारण सैकडो श्रद्धालु मंदिर में पहुंचते हैं। लोगो का कहना है कि लिंकमार्ग अगर क्षतिग्रस्त हो गया तो श्रद्धालुओं व ग्रामीणो को आने जाने में



काफी कठिनाई का सामना करना पडेगा। ग्रामीणो ने बताया कि तालाब में पूरे गांव का गन्दा पानी लगातार आता है साथ ही बारिश का पानी भी भरा हुआ है जिस कारण तालाब ओवरफ्लो हो गया है जिस कारण सडक का कटान शुरू हो गया है। ग्रामीणो ने प्रशासन से मार्ग के कटान को रोकने के लिए तालाब के किनारे मिट्टी डालवाने की मांग करते हुए पत्र प्रेषित किया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रिहान अंसारी के प्रति रोस व्याप्त करते हुए हंगामा किया ग्राम प्रधान रिहान अंसारी ने कहा कि मार्ग के कटान का मामला उनके संज्ञान में अभी आया है जल्द ही मार्ग पर मिट्टी डालने का कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

फोटो कैप्शन– सम्भलहेडा महमूदपुर में लिंकमार्ग सही कराने की मांग करते ग्रामीण।

## संजय सिंह बने भाजपा के जिलाध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ताओं में छाई खुशी की लहर

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को जारी जिला अध्यक्षों की सूची में अभी तक भाजपा जिला संयोजक रहे मिलनसार, सरल, सौम्य स्वभाव के संजय सिंह को भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। 1984 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुड़ने के बाद 1988 से 1994 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे अतर्रा निवासी संजय सिंह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बनाए गए। पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक तथा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रहने के बाद संजय सिंह 20 वर्ष तक भाजपा के जिला कार्यसमिति सदस्य रहे। 2012 से लेकर तीन बार लगातार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे। इसके बाद भाजपा के जिला महामंत्री रहे और फरवरी 2022 से लेकर अभी तक भाजपा के जिला संयोजक का दायित्व निभाते रहे। पूर्वजों से मिली राजनीतिक विरासत के फलस्वरुप 1995 से 2012 तक नगर पालिका में सभासद रहते हुए 2002 में उप चेयरमैन रहे संजय सिंह के परदादा ठाकुर मतोला सिंह जिन्होंने बांदा चित्रकूट जनपद में 1952 में जनसंघ की स्थापना की और 1962 में नरैनी विधानसभा सीट से जनसंघ से विधायक रहे। उन्होंने हिंदू इंटर कॉलेज अतर्रा, डिग्री कॉलेज अतर्रा, आयुर्वेदिक कॉलेज तथा



बांदा डिग्री कॉलेज की स्थापना की। संजय सिंह के बाबा जगन्नाथ सिंह 1977 में बिंदकी विधानसभा से विधायक रहे और दो बार 1955 और 1965 में अतर्रा नगर पालिका के चेयरमैन रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा संजय सिंह को भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद के भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। फोन के माध्यम से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है वहीं तमाम भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर उन्हे माला पहनाकर तथा मुंह मीठा करा कर बधाई दे रहे हैं।

## प्रधान पर लगाया मानक विहीन कार्य का झूठा आरोप

बहराइच। बलहा विकासखंड के ग्राम पंचायत ककरी में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।मानक के अनुरूप में कार्य करवाया जा रहा है। इंटरलॉकिंग कार्य से गांव में हो रही ग्राम प्रधान की प्रशंसा। कुछ षड्यंत्रकारी ग्रामीणों ने मानकों के अनदेखी का झूठा आरोप लगाया था। शनिवार के दिन मीडिया के द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान हुआ खुलासा। ग्रामीण ने बताया कि नाली निर्माण व इंटरलॉकिंग कार्य में मानक के अनुरूप में कार्य करवाया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के ऊपर मानक के अनुसार मटेरियल प्रयोग न करने का आरोप लगाया है। इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में बालू मौरंग



और बजरी डालकर करवाया जा रहा है इस मामले में ग्राम प्रधान ने बताया कि मेरे द्वारा गांव में लाखों के बजट से इंटरलॉकिंग कार्य मानक के अनुरूप में करवाया जा रहा है मुझे कुछ षड्यंत्रकारियों के द्वारा फर्जी बदनाम किया जा रहा है। इस पूरे मामले में विकासखंड अधिकारी संदीप तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है जल्द ही जांच कर रिपोर्ट लगाई जाएगी।

## देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा

**पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया**

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से शुरू हुई देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा श्रंगीनारी से आरम्भ हुई पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया स्थान स्थान पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यात्रा बभनान गौर होते हुये अमौली शुमाली सोनहा दसिया होते हये रूधौली विधानसभा क्षेत्र में पहुंची जहां बड़ी संख्या में सपा नेताओं कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने साईकिल यात्रियों का हौसला बढाया पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने साईकिल यात्रियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि जिस तरह से उनका स्वागत हो रहा है इससे स्पष्ट है कि जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और बदलाव को तैयार है समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि जहां जहां साईकिल यात्रा से लोगों में उत्साह आ गया है यह यात्रा आने वाले लोकसभा के चुनावों में निर्णायक साबित होगी रूधौली के



समाजवादी पार्टी के विधायक राजेन्द्र चौधरी ने अमरौली शुमाली में साईकिल यात्रियों का भव्य स्वागत किया साईकिल यात्रा के दौरान जीतीपुर बभनान गौर अमरौली शुमाली शिवाघाट हरिहरपुर चौराहा आदि में आयोजित सभाओं में सपा नेताओं ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा कहा कि यह सरकार सभी मोर्चो पर पूरी तरह से विफल है और समाज में नफरत पैदा कर रही है लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव समाजवादी पार्टी के विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव विधायक कविन्द्र चौधरी उर्फ अतुल राजेन्द्र चौधरी प्रवीण पाठक के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में किसान मजदूर नौजवान व्यापारी के साथ ही सभी वर्ग त्रस्त है आने वाले लोकसभा के चुनाव में सपा पूरी मजबूती से चुनाव मैंदान में उतरेगी विजय के नये रेकार्ड बनेगे साईकिल यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से रन बहादुर यादव प्रमोद यादव जर्सी यादव जितेन्द्र यादव मो. उमर खां सुभाष यादव शहाबुद्दीन अंसारी अंकित पाण्डेय रोहित कन्नौजिया भोला पाण्डेय प्रदीप यादव पतिराज चौधरी दिनेश निषाद चन्द्र प्रकाश सोनी रतनसेन चौधरी सुशील चौधरी के साथ ही साईकिल यात्रा में अभिषेक यादव के साथ चल रहे अखिलेश गुप्ता राघवेन्द्र यादव जयसिंह प्रताप यादव अविनाश विद्यार्थी राकेश शर्मा प्रिन्स सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

## जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील बबेरू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। तहसील बबेरू समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10 से 12 बजे तक कार्यालयों में आवश्यक रूप से उपस्थित रहकर जन शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए, इसके पश्चात क्षेत्र में भ्रमण के दौरान प्राप्त होने वाली छोटी–बडी समस्याओं जैसे भूमि विवाद, आपसी रंजिश के मामले तथा सभी पेंशन के मामले, बिजली, पानी, सडक, राशन एवं पोषाहार वितरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा गौवंश आदि सम्बन्धित समस्याओं का संज्ञान लेकर यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने–अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा पर नियमित निगरानी रखते हुए विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता में कोई कमी नही रहनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम रानीपुर निवासी फरियादी देवराज ने उसकी भूमि पर अवैध निर्माण कराये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार कमासिन एवं पुलिस की टीम को तत्काल मौके पर जाकर जांच करते हुए प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। मनुहारपुरवा निवासी रामकन्या ने उसके पति द्वारा शराब का सेवन करने व मारपीट करने तथा पारिवारिक सम्पत्ति बेचने की शिकायत पर एसएचओ बबेरू को प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम बनबरौनी के ग्रामीणों द्वारा खाद के गड्ढे की भूमि पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल एवं एसएचओ मर्का को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने गुरौली निवासी आशीष कुमार को सर्पदंश से



मृत्यु होने पर तत्काल दैवीय सहायता के अन्तर्गत धनराशि उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। बबेरू कस्बा निवासी श्रीमती प्रेम देवी ने घर में चोरी होने के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में विकास, पुलिस, राजस्व, विद्युत, आपूर्ति विभाग, बेसिक शिक्षा आदि विभागों से सम्बन्धित कुल 98 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त प्रकरणों का समयबद्धता से गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रकरणों को सुनते हुए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जमीनी विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से जांच कर प्रकरण का निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आपसी मारपीट एवं रंजिश के मामलों में विशेष निगरानी रखते हुए कार्यवाही की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बन्धित समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बबेरू में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक श्री लक्ष्मी निवास मिश्रा, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता, क्षेत्राधिकारी पुलिस, तहसीलदार बबेरू संतोष कुशवाहा एवं योगेन्द्र शरणशाह सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पेन्शनर्स परिषद ने मनाया स्थापना दिवस, स्व. त्रिपुरारी सरन को किया याद

## स्थापना दिवस में वरिष्ठ पेंशनर्स व मेधावी हुए सम्मानित

बदायूँ 16 सितम्बर। पेन्शनर्स परिषद के जनक स्व0 त्रिपुरारी सरन जी का जन्मदिन एवं उ. प्र. राजकीय सिविल पेन्शनर्स परिषद लखनऊ, शाखा बदायूँ का स्थापना दिवस शनिवार को भारत स्काउट एण्ड गाइड भवन के ऑडिटोरियम में मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्था के संरक्षक भीमसेन सागर के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मनोज कुमार रहे। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पेन्शनर्स जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक थी, को सम्मानित किया गया तथा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिट के मेधावी छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसी के साथ स्काउट एण्ड गाइड के प्रान्तीय उपाध्यक्षक श्री महेश चन्द्र सक्सेना (एडवोकेट) को भी सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पेन्शनर्स परिषद को आश्वस्त किया गया कि उनकी किसी भी समस्या के समाधान के लिए वह तत्पर रहेगें एवं पेन्शनर्स परिषद की जीर्णक्षीण भवन के पुर्नउद्धार के लिए भी आश्वस्त किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि पेन्शनर्स की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण



के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगे। मुख्य कोषाधिकारी द्वारा पेन्शनर्स से संबंधी किसी भी समस्या के लिए व्यक्तिगत रूप से सहयोग करने को आश्वस्त किया गया। संस्था के संरक्षक एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री भीमसेन सागर ने परिषद को मजबूद करने एवं पेन्शनर्स की समस्याओं के लिए सदैव संघर्ष करने की अपील की। परिषद के सदस्य श्री डी. के. अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में देश के शहीदों को नमन करते हुये देश के प्रति अपनी निष्ठा एवं कर्तव्य निभाने हेतु सभी का आवाह्न किया। वरिष्ठ कवि एवं समीक्षक महेश मित्र द्वारा संस्था के संस्थापक स्व.श्री त्रिपुरारी सरन जी को समर्पित अपने गीत के माध्यम से श्रृद्धांजलि अर्पित की। प्राथमिक शिक्षा संघ (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष श्रीमती सीमा यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्था के पदाधिकारी के रूप में संरक्षक भीमसेन सागर, प्यारे सिंह यादव 'शिशु जी', सुरेश चन्द्र सक्सेना, महामंत्री सुजान सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह राठौर, प्रताप सिंह, गयादीन मौर्य, श्यामचन्द्र गुप्ता, मोहन लाल यादव, राधे श्याम, हरिओम वर्मा, वरिष्ठ मंच संचालक रवीन्द्र मोहन सक्सेना उपस्थित रहें। कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन संयुक्त रूप से संतोष कुमार शर्मा एवं सुरेश चन्द्र सक्सेना ने किया, कार्यक्रम के अन्त में भीमसेन सागर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें




कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता मो0 सलीम निवासी ग्राम–गाजी का पूरा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता श्री पवन कुमार उर्फ हनुमान निवासी ग्राम–निहालपुर, मजरा सयारा मीठेपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर विपक्षीगणों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 19 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 02 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 23 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी श्री सौम्य मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित।

## रिकार्ड 30वीं बार प्रधानमंत्री को अपने खून से खत लिख, बर्थडे पर बुंदेलखंड राज्य का माँगा 'गिफ्ट'

यूपी फाइट टाइम्स



फतेहपुर। बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर रिकार्ड 30वी बार अपने खून से खत लिखा गया स आज शनिवार को बुंदेलखंड राष्ट्र समिति द्वारा पथरकटा चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम मे बुंदेलीयों नें खून से खत लिखा। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर खून से खत लिखकर उनको बधाई दिया । पाण्डेय के साथ उनके सहयोगी भी मोदी को खून से चिट्ठी लिखे एवं अलग राज्य की मांग किया स पत्र मे लिखा की बुंदेलखंड के लोगों की जन भावनाओं का ख्याल रखते हुए जल्दी से जल्दी बुंदेलखंड राज्य बनाने की अपील की स अभी रक्षाबंधन में बुंदेलखंड की हजारों बहनों ने प्रधानमंत्री को राखी भेजकर तोहफे में अलग राज्य देने की अपील की थी लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय ने अभी तक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हमेशा से छोटे राज्यों की पक्ष धर रही है। अगर ऐसा न होता तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक साथ तीन नए राज्य न बनाते। मोदी एक ही राज्य बना दें। यहां के लोग रोजी रोटी की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बुंदेलखंड देश का सबसे अच्छा पर्यटन क्षेत्र है। इसे पर्यटन हब बनाना है। यहां की बर्बाद हो रही सभी खूबसूरत धरोहरों को अगर कायदे से संवार दिया जाए तो न केवल यहां बाहर से हजारों सैलानी घूमने आएंगे बल्कि यहां रोजगार की अपार संभावनाएं भी विकसित होंगी लेकिन यह अलग राज्य बने बगैर संभव नहीं द्य प्रवक्ता देव व्रत त्रिपाठी नें कहा की संसद के विशेष सत्र में बुंदेलखंड राज्य बनाये प्रधानमंत्री मोदी व संसद के विशेष सत्र में बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाएं सांसद स अगर सांसदों ने अब भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी तो वे एक सुनहरा अवसर गंवा देंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के सांसदों की बारी है कि वे संसद के विशेष सत्र में एक साथ अलग राज्य का मुद्दा उठाकर मातृभूमि के प्रति अपने दायित्व को निभाएं। उनको एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर भी प्रधानमंत्री से मिलना चाहिएस अब सांसदों को आगे आना चाहिए। मनीष त्रिपाठी, बाल गोविन्द मिश्रा, रोहित कुमार, संतोष पासवान, अरुण विस्वकर्मा, ठाकुर शिव नरेश सिंह, ठाकुर सोनी सिंह, प्रियंका त्रिपाठी, राम प्रसाद विस्वकर्मा , राजेश अंशु सिंह परमार, आदित्य पाण्डेय, अंकुश त्रिपाठी, दीपक सिंह आदि बुन्देले रहे।

## थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शांति भंग करने वाले 4 अभियुक्त गिरफ्तार

यूपी फाइट टाइम्स




बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश क्रम में बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी के दिशा निर्देश पर रुधौली क्षेत्राधिकारी श्रीमती प्रीति खरवार के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु लालगंज थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार द्वारा विवाद के कारण शांति भंग की आशंका को लेकर 4 नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध कार्यवाही कर अंतर्गत सीआरपीसी में चालान करते हुए पुलिस हिरासत में लेकर पेश करने न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर बस्ती के समक्ष रवाना किया गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण साहिल चौधरी पुत्र हीरालाल चौधरी उम्र करीब 19 वर्ष अभिषेक उर्फ लवकुश पुत्र त्रिवेणी उम्र करीब 24 वर्ष साकिनान मकदूमपुर थाना लालगंज जनपद बस्ती संदीप चौधरी पुत्र सुभाष चौधरी उम्र 20 वर्ष अभिषेक चौधरी पुत्र इन्द्रपाल चौधरी उम्र करीब 19 वर्ष साकिनान देईसांड थाना लालगंज जनपद बस्ती।

## वारन्टी अभियुक्तों को शीघ्र करेंगे गिरफ्तार : एसआई संजीव सिंह

### भयमुक्त होकर घूम रहे वारन्टी अभियुक्त




यूपी फाइट टाइम्स

गोण्डा। न्यायालय सीजेएम द्वारा अगस्त माह 2023 में करीब आधा दर्जन अभियुक्तों के विरुद्ध जारी किए गए नॉन बिलेबिल वारंट के क्रम में स्थानीय पुलिस चौकी सोनी गुमटी के इंचार्ज ने शीघ्र गिरफ्तारी करने की बात कही। कोतवाली नगर अंतर्गत मोहल्ला रानीजोत के करीब आधा दर्जन अभियुक्तों के विरूद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा जारी किए गए नॉन बिलेबिल वारन्ट को कोतवाली नगर द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी सोनी गुमटी भेजा गया है। बताया जाता है कि चौकी इंचार्ज द्वारा अपने कार्यकाल में कई अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचाने में अहम भूमिका निभाया गया है। जानकारी लेने पर चौकी इंचार्ज संजीव कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए शीघ्रता शीघ्र अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## रात्रि गश्त मिलान में लापरवाह पुलिस कर्मियों पर हुयी कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में अपराध अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक होती है इसे सुदृढ़ बनाये रखने हेतु बेहतर पुलिसिंग एवं आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना होनी अति आवश्यक है प्रायः रात्रि के समय आपराधिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है और हत्या लूट डकैती चोरी नकबजनी तथा महिलाओं के साथ अपराध आदि की घटनायें घटित होती है जिनका आम जनमानस में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व रोकथाम हेतु रात्रि में पुलिस की सक्रियता बढ़ाया जाना अति आवश्यक होता है उपरोक्त के अनुपालन में बस्ती पुलिस महानिरीक्षक आर0 के0 भारद्वाज द्वारा रात्रि प्रथम गश्त मिलान समय 11.00 बजे से 12.30 बजे तक व द्वितीय गश्त मिलान समय एक बजे से 3 बजे तक कराने हेतु परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के सभी थानों चौकीयों की पुलिस को रात्रि गश्त मिलान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया था जिसमें सभी पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी व समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष भी सम्मिलित हुये रात्रि गश्त मिलान में जनपद के पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारीगण निकलकर गश्त मिलान को चेंकिग करने हेतु निर्देशित किया गया था सभी थाना क्षेत्र में कम से कम तीन प्वाइंट बनाकर गश्त मिलान की चेंकिग की गयी बस्ती पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज द्वारा गश्त मिलान की चेंकिग



किया गया जिसमें थाना कोतवाली के चौकी पटेल चौक पर चौकी इंचार्ज व चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारीगण के साथ अपने निर्धारित गश्त मिलान चेकिंग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाये गये व थाना पुरानी बस्ती के चौकी हडिया पर चौकी इंचार्ज व चौकी पर नियुक्त सभी कर्मचारीगण के साथ अपने निर्धारित गश्त मिलान चेंकिग प्वाइंट पर न रहकर चौकी पर मौजूद पाये गये जिस पर पुलिस महानिरीक्षक आर के भारद्वाज द्वारा उपरोक्त सभी कर्मचारियों को लाईन हाजिर कर दिया गया चेंकिग के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर जनपद बस्ती अपने सरकारी आवास पर मौजूद पाये गये जिस पर उनको व्यक्तिगत पत्रावली पर चेतावनी दी गयी प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडिया सेल पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय जनपद बस्ती।

## अध्यक्ष, जिला पंचायत ने 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के लाभार्थियों को टूलकिट किया वितरित

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थियों को परियोजनाओं के लिए डमी चेक किया गया वितरित

कौशाम्बी। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री द्वारा विश्वकर्मा जयन्ती के पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित समारोह में "विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना" के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित उद्यमी व व्यापारीगण एवं लाभार्थियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन को सुना। अध्यक्ष,जिला पंचायत कल्पना सोनकर द्वारा "विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना" के लाभार्थीगण–ज्ञान सिंह, गौतम कुमार, सुचित पाल, खुशनुमा बानों एवं



रानी पाल को टूलकिट वितरित किया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थीगण–श्री प्रशान्त मिश्रा को दोना पत्तल की परियोजना के लिए रू0–05 लाख का डमी चेक वितरित किया। इसी प्रकार श्रीमती नीलम देवी को ब्यूटी पार्लर की परियोजना के लिए रू0–1.50 लाख का डमी चेक, श्रीमती अंकिता चौरसिया को पोल्ट्री फीड की परियोजना के लिए रू0–50 लाख का डमी चेक, श्री संजय कुमार को पशु आहार की परियोजना के लिए रू0–05 लाख का डमी चेक एवं श्री पुष्पराज को केला उत्पाद की परियोजना के लिए रू0–10 लाख का डमी चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उपायुक्त उद्योग श्री के0के0 अमर एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रान्तीय वरिष्ठ महामंत्री उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल श्री रमेश अग्रहरि एवं श्री वस्मी नकवी सहित अन्य व्यापारीगण व लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज डायरी

### डीएम अंद्रा वामसी एवं एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 मामलें प्राप्त हुए जिसमें से 22 मौके पर निस्तारण



यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हर्रैया में सम्पन्न हुआ जिसमें बस्ती जिलाधिकारी अंद्रा वामसी तथा पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 मामलें प्राप्त हुए जिसमें से 22 का मौके पर निस्तारण किया गया इसमें राजस्व विभाग के 32 पुलिस के 20 विकास के 15 विद्युत के 8 शिक्षा के 6 स्वास्थ्य के 3 तथा सरयू नहर खण्ड अयोध्या के 2 मामलें आये जिलाधिकारी ने कुल 46 अधिकारियों को तहसील हर्रैया के विभिन्न प्राईमरी स्कूलों एवं आगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए निर्देशित किया तहसील दिवस में कुल 4 अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जिनका वेतन रोकने के लिए उन्होने निर्देशित किया है इसमें जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हर्रैया के सहायक अभियन्ता विद्युत सरयू नहर खण्ड एवं पीडब्ल्यूडी शामिल है बैठक का संचालन हर्रैया उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द्र ने किया इसमें सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति सीएमओ डा. आर.पी. मिश्रा डीडीओ निर्मल द्विवेदी पीडी राजेश झा अनिल कुमार जगदीश शुक्ल अनूप कुमार तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### एनसीसी सीओ कर्नल एपीएस पटवाल ने एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना का किया निरीक्षण



मोतीपुर/बहराइच। एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना में संचालित एनसीसी इकाई का 51 यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर कमाडिंग ऑफिसर कर्नल एपीएस पटवाल ने निरीक्षण किया।इस दौरान एनसीसी एएनओ धीरज कुमार व उपेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा कमान अधिकारी एपीएस पटवाल को विद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। कमान अधिकारी ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर एनसीसी कैडेट से मिल उनसे एनसीसी दायित्व, यूनिफार्म, टर्नआउट,ड्रिल,शारीरिक दक्षता,अनुशासन एवं आर्मी भर्ती आदि पर चर्चा की। उन्होंने केडेट्स को एनसीसी के द्वारा मिलने वाले समस्त लाभ लेने पर जोर दिया।साथ ही कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों को दिए जाने वाले बोनस अंक या प्राथमिकताओं के बारे में केडेट्स को अवश्य जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल दुर्गेश कुमार एवं प्रबन्धक अनिल कुमार ने कमान अधिकारी कर्नल एपीएस पटवाल का स्वागत किया।निरीक्षण के दौरान सूबेदार सुखविन्दर सिंह ,विपिन कुमार,जयराम मौर्य मौजूद रहे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



मोतीपुर बहराइच। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मधवापुर में मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रेम चन्द्र राजभर द्वारा अतिथियों का संगीत के माध्यम से स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच सांसद अक्षयबर लाल गोंड रहे तथा विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अजीत सिंह, ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा,श्रवण कुमार मदेशिया रहे।ग्रामीण बलराम मौर्य, मिथलेश, हितेश प्रताप सिंह,संजीव गोंड, उदयराज सिंह ग्राम प्रधान आशा देवी,सचिन दयानन्द,रोजगार सेवक मनोज गोंड,सहायक कोकिला सिंह पत्नी निर्मल सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई गई।

### राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के लिए छात्र–छात्रायें 28 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त उ0मा0वि0/इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यों/अभिभावकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना 2024–25 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 18 सितम्बर से बढ़ाकर दिनांक 28 सितम्बर 2023 कर दी गयी है। आवदेकों द्वारा हुई त्रुटियों का संशोधन 01 अक्टूबर 2023 तक किया जा सकता हैं। अपने–अपने विद्यालयों के पात्र छात्र/छात्राओं का वेबसाइट www-entdata-in पर ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

# ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा

विश्वकर्मा जयंती



सम्पादक
सतीश गोयल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना ह्यविश्वकर्मा योजनाह्न को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है।**

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।
हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।
विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं



और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।
धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।
पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।
विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।
महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।
विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।
माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना ह्यविश्वकर्मा योजनाह्न को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है। ये अपना भरणपोषण औजारों और हाथ से काम करके करते है। उन्होंने कहा कि इनमें सुनार हों, राजमिस्त्री हों, कपड़े धोने वाले हों या बाल काटने वाले के परिवार हों। ऐसे लोगों को इस योजना से आर्थिक ताकत प्रदान की जा सकेगी।

## संपादकीय

### सनातन चुनावी मुद्दा

सनातन अब पुख्ता तौर पर एक चुनावी मुद्दा बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मध्य प्रदेश के बीना में इसको जिस तरह से प्रमुखता दी, उसे देखते हुए यह और भी स्पष्ट हो गया है। वे वहां पेट्रोलकेमिकल्स कॉम्पलेक्स की आधारशिला रखने गए थे। मध्य प्रदेश उन कुछ राज्यों में शामिल है, जहां वषाृत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले महीने भोपाल की सभा से प्रधानमंत्री चुनाव का शंखनाद कर चुके हैं। सूबे के साथ देश को उम्मीद रही होगी कि वे जी-20, जिसे अब जी-21 बनाने का उन्हें यश प्राप्त है, उसके बेमिसाल आयोजन पर बोलेंगे। पर उन्हें मालूम है कि मध्य प्रदेश जैसे ध्रुवीकृत मतदाताओं वाले राज्य में यह मुद्दा नहीं चलेगा। यहां सनातन विरोधियों पर और विपक्षी 'इंड़िया', जिसे कुछ लोग 'घमंड़िया' भी कहते हैं, उन पर हमला ही नतीजा देगा। प्रधानमंत्री इन्हें देश-समाज को बांटने वाला बताते हैं। इसलिए कि तमिलनाडु. के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन का उन्मूलन कर एक समतामूलक समाज की स्थापना की बात कही थी। उनके दल के कई नेताओं ने भी इसे दोहराया था, इस पर वे लोग अभी भी कायम हैं। चूंकि द्रमुक 'इंड़िया' का खास घटक है, इसके बावजूद उसके नेताओं के द्वेषपूर्ण और सनातनी हिन्दुओं पर चोट पहुंचाने वाले बयान पर कांग्रेस का तीखी निंदा नहीं करने और उदयनिधि से माफी नहीं दिलाने पर भाजपा में बहुत रोष है। द्रमुक का तो वोट बैंक ही बहुसंख्यक हिन्दू के स्थायी विरोध पर टिका है। वह दशक बाद प्रदेश की राजनीति में लौटा ही है, इन्हीं कट्टर विरोधी मतों के जरिए। पर वह 'इंड़िया' पर भाजपा के हमले का आसान हथियार बन रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से इस पर नरम प्रतिक्रिया हिन्दी पट्टी में उसके नतीजे को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। तमिलनाडु. में तो द्रमुक का कुछ बिगड़ने नहीं जा रहा है, पर वह चुनावी राज्यों में 'इंड़िया' की संभावनाओं का बंटाधार कर सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव होने हैं, जहां 'इंड़िया' भाजपा से सीधे मुकाबले की तैयारी में है। अभी पिछले ही दिन, इसने मध्य प्रदेश में हरेक 15 दिनों पर गठबंधन के नेताओं की रैली निकालने का कार्यक्रम घोषित किया है। वहां सीटें साझा करने का फामूर्ला भले तय नहीं है लेकिन इसे लेकर उसमें कोई दुविधा नहीं है।

## चिंतन-मनन

### आत्मा का दिव्य भाव

जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान। वह उन बातों को स्वीकार कर लेता है, जो कृष्णभावनामृत में उसके कर्त्तव्य के अनुकूल हैं, अन्यथा उसे किसी भौतिक वस्तु की आवश्यकता नहीं रहती। वह प्रत्येक व्यक्ति को जो कृष्णभावनामृत के सम्पादन में उसकी सहायता करता है, मित्र मानता है और तथाकथित शत्रु से भी घृणा नहीं करता। वह समभाव वाला होता है और सारी वस्तुओं को समान धरातल पर देखता है, क्योंकि वह इसे भलीभांति जानता है कि उसे इस संसार से कुछ लेना-देना नहीं है।

# बिना सहमति लोकेशन ट्रैक करने, गूगल पर 773 करोड़ का जुमार्ना



पुनीत गौड़
पॉलिटिकल एडिटर

अमेरिका में बिना सहमति यूजर्स की लोकेशन को ट्रैक करने का आरोप प्रमाणित पाए जाने पर, गूगल पर 773 करोड रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल राब बोंटा ने इस आरोप मुकदमा दर्ज कराया था। गूगल के ऊपर आरोप था कि उपभोक्ताओं को उनके लोकेशन से जुड़े आंकड़ों पर ज्यादा नियंत्रण सौंपने का भृम देकर, उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की गई है। लोकेशन एप को बंद करने के बाद भी, यूजर की लोकेशन ट्रैक करने का काम गूगल द्वारा जारी रखा गया। इस मामले की सुनवाई में आरोपों को सही पाया गया। गूगल के ऊपर 773 करोड रुपए का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया गया। भारत में गूगल और एंड्रॉयड एप के माध्यम से भारतीय उपभोक्ताओं का बड़े पैमाने पर डेटा एकत्रित करने उनकी जासूसी करने तथा व्यापारिक हितों के लिये भारतीय उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं तरह-तरह की जानकारी एकत्रित कर इसका व्यापारिक उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। भारतीय उपभोक्ताओं के हितों एवं उनके अधिकारों को लेकर गूगल जैसी कंपनियां भारतीय नागरिकों का लगातार आर्थिक शोषण कर रहे हैं। गलत जानकारी देकर और निशुल्क सुविधाओं देकर गूगल और युटुब जैसे चैनल भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करने, कॉपीराइट एक्ट का उल्लंघन करने, बौद्धिक संपदा को जबरदस्ती हथियाना तथा उपभोक्ताओं की जासूसी कर रहे हैं। गूगल और एंड्रॉयड एकाधिकार के बल पर भारतीय उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। गूगल और एंड्रॉयड एप के माध्यम से जो सेवाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ताओं को दी जा रही हैं। उसमें भारतीय उपभोक्ताओं के हितों का सुरक्षित करने का काम भारत सरकार नहीं कर रही है। भारत सरकार के पास अभी तक ऐसी कोई एजेंसी नहीं है। जो गूगल, एंड्राइड, युटुब, फेसबुक जैसी संचार से जुड़ी सोशल मीडिया की कंपनियों की सेवाओं के बारे में नजर रख पाएं। एकाधिकार के बल पर जिस तरह से सोशल मीडिया की कंपनियां मनमानी कर रही हैं। आम नागरिकों के हितों और उनके मौलिक अधिकारों का हनन कर रही हैं। भारत सरकार अपने ही नागरिकों को संरक्षण देने का काम नहीं कर रही है। भारत की बौद्धिक संपदा बड़ी तेजी के साथ सारी दुनिया में फैल रही है। इस संपदा पर गूगल और युटुब जैसे सोशल मीडिया के बड़े-बड़े संस्थान, बिना पैसे दिए काफी राइट के अधिकार अपने पास ले रहे हैं। उपभोक्ताओं की समस्त जानकारी को व्यापारिक हितों के लिए उपयोग कर रहे हैं। तकनीकी के माध्यम से एक तरह से भारतीय नागरिकों के साथ, बाजारवाद में लूट हो रही है। उस पर किसी किस्म का नियंत्रण न तो नागरिक कर पा रहे हैं। नाही सरकार इस मामले में सजग है। विदेशी कंपनियों को लूटने के लिए खुलेआम भारत का बहुत बड़ा बाजार विदेशी कंपनियों को उपलब्ध करा दिया गया है। अभी तक सरकारी स्तर पर ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जैसी कार्यवाही अमेरिका एवं अन्य देशों में इन कंपनियों को नियंत्रित करने के लिए, वहां पर कानूनी शिकंजा लगातार कसा जा रहा है। पिछले एक दशक में अमेरिका एवं अन्य यूरोपीय देशों में सोशल मीडिया की इन कंपनियों के ऊपर करोड़ों रुपए की जुमार्ना की कार्रवाई कई देशों में हुई है। सोशल मीडिया की कंपनियों ने उन देशों में अरबों डॉलर का जुमार्ना भी अदा किया है। वहां के नागरिकों का उत्पीड़न नियंत्रित हुआ है। भारत सरकार इस मामले में आंख मूंद करके बैठी हुई है। भारत सरकार को इस मामले में त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह की कार्रवाई गूगल, फेसबुक, यूट्यूब इत्यादि सोशल मीडिया की कंपनियों पर सरकारों एवं न्यायालयों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सोशल मीडिया कंपनियों की सेवाओं में नागरिकों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। ऐसा कोई भी प्रयास भारत में होता हुआ दिख नहीं रहा है। समय रहते भारत सरकार को इस दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। इन कंपनियों के लिए कुछ नियम कानून एवं सेवाओं के संबंध में तकनीकी जानकारी एवं जिम्मेदारी के लिए भी इन कंपनियों को जिम्मेदार बनाने और उपभोक्ताओं के अधिकारों को संरक्षित करने के लिये कानूनी प्रावधान किये जाने चाहिए। अन्यथा भारत के करोड़ों उपभोक्ताओं को लूटने का कोई भी मौका विदेशी कंपनियां नहीं छोड़ेगी।

# कावेरी जल विवाद : जल्द तलाशना होगा समाधान



शरद कुमार सह सम्पादक



भविष्य में पानी को लेकर समूचे हिंदुस्तान में किस तरह के हालात उत्पन्न होने वाले हैं, उसकी एक ताजा तस्वीर अभी पानी के झगड़े को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के मध्य उभरी हुई है।
वो ऐसी तस्वीर है, जो निश्चित रूप से विकसित भारत के लिए अच्छी नहीं है। पानी का ये झगड़ा हमें चेताता है कि अब भी समय है पानी की गंभीरता को समझें और सर्तक हो जाएं। दो राज्यों के मध्य कावेरी जल विवाद दशकों से नासूर बना हुआ है। उस नासूर का जिन्न एक दफे फिर बोतल से बाहर निकल आया है।
दरअसल, 'कावेरी जल विनिमयन समिति' ने कर्नाटक सरकार को जब से तमिलनाडु को रोजाना पांच हजार क्यूसेक पानी देने को कहा है। तभी से दोनों राज्यों में तगड़ा विवाद छिड़ गया है। दोनों तरफ जमकर राजनीतिक तू-तू, मैं-मैं हो रही है। कर्नाटक अपने रुख पर अडिग है। साफ कह दिया है कि हम पानी नहीं छोड़ेंगे। सभी जानते हैं कि कावेरी एक अंतरराज्यीय नदी है जो कर्नाटक-तमिलनाडु के समीप से बहती है। नदी का एक भाग केरल राज्य से टच करता है। पड़ोसी राज्य पूरी तरह से उसी के जल पर निर्भर हैं।
चाहे खेतों की सिंचाई हो, या व्यक्तिगत इस्तेमाल में प्रयोग करना हो। सभी की पूर्ति इसी नदी के पानी से होती है। ये नदी महासागर में मिलने से पहले कराइकाल से होकर गुजरती है जो पांडिचेरी का हिस्सा है, इसलिए इस नदी के जल बंटवारे को लेकर हमेशा बवाल रहता है। बीते कुछ दशकों से नदी का पानी भी कम हुआ है। कम होने का सिलसिला लगातार जारी भी है। बहरहाल, पानी का विवाद तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच है, क्योंकि दोनों राज्यों की सीमाएं आपस में मिलती हैं। सूखे के कारण तमिलनाडु पानी की कमी से जूझ रहा है। तभी उन्होंने इस बाबत कावेरी जल विनियमन समिति से सिफारिश की कि कर्नाटक उन्हें प्रतिदिन की जरूरत के हिसाब से 24 क्यूसेक पानी दे। उनकी अर्जी सुनने के बाद कावेरी जल विनियमन समिति ने कर्नाटक सरकार को आदेशित किया कि पानी मुहैया कराएं, लेकिन कर्नाटक की हुकूमत ने पानी देने से साफ इनकार कर दिया। इनकार करने का तर्क भी सरकार ने दिया, कहा उनके पास खुद पर्याप्त पानी नहीं है।
उनका प्रदेश भी कम बारिश के चलते सूखे की मार झेल रहा है। इसके बाद दोनों राज्यों में रार और बढ़ गई। कर्नाटक ने इस मसले को लेकर दिल्ली में अपने शीषनेर्ताओं को अवगत कराकर, हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक सरकार की एक टीम दिल्ली पहुंची हुई है, जो अपने नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों से रायशुमारी कर रही है। अंग्रेजी हुकूमत के समय यानी 19वीं शताब्दी में मद्रास प्रेसीडेंसी और मैसूर राज के बीच सन 1924 में समझौता हुआ था। तब, इस समझौते में केरल और पुडुचेरी भी शामिल थे। आजादी के करीब दो-तीन दशकों तक तो सबकुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन जैसे से पर्यावरण में बदलाव हुआ। बारिश कम होने लगी और पानी की मांग बढ़ती गई। उसके साथ ही ये विवाद भी गहराता गया। मामला सर्वोच्च अदालत भी पहुंचा, लेकिन मसले का हल नहीं निकला। इससे पहले भी तमिलनाडु सरकार दो मर्तबा कर्नाटक के जलाशयों से प्रतिदिन 24,000 क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा चुकी है। हर बार कर्नाटक सरकार ने तमिलनाडु की याचिका का जमकर विरोध किया। बकायदा हलफनामा पेश कर कहा कि उनके यहां भी पानी की बहुत कमी है।
इस विवाद के निस्तारण के लिए केंद्र सरकार को आगे आना होगा। उन्हें कोई ऐसी जल नीति बनानी होगी जिससे विवाद का हल निकल सके। वरना ये झगड़ा कभी बड़ा रूप धारण कर सकता है। हालांकि केंद्र ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के बीच उनकी जल-बंटवारे क्षमताओं के संबंध में विवादों पर मध्यस्थता करने के लिए बीते 2 जून, 1990 को कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया था, लेकिन वह विवाद निपटाने में असफल रही। केंद्र को इसके आगे सोचना होगा। ये ऐसा विवाद बन गया है जो चुनावों में राजनीतिक दल अपने मेनिफेस्टो में भी अंकित करने लगे हैं। कहते हैं कि इस बार कावेरी जल का पानी लेकर रहेंगे, वही दूसरी ओर ये कहा जाता है कि कावेरी नदी का जल किसी सूरत में नहीं देंगे। ऐसे वादे चुनावों में होना अब आम हो गया है। कायदे से देखें तो कावेरी जल दोनों राज्यों के लोगों के लिए सिंचाई और पीने के पानी की जरूरतों को पूरा करने सहित आजीविका का प्रमुख स्त्रोत है।
इसलिए कोई भी इस विवाद से अपना हाथ पीछे नहीं खींचना चाहता। वहीं डीएमके नेताओं का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी नदी, निचले राज्य या क्षेत्रों को पानी देने से इनकार नहीं कर सकते। पर उनका ये तर्क कोई सुनने को राजी नहीं है। कर्नाटक प्रदेश पिछले कुछ महीनों में सूखे का सामना कर रहा है। इसलिए मुश्किल लगता है कि उनकी सरकार ह्यकावेरी जल विनियमन समितिह्न की सिफारिश माने। न मानने का एक कारण ये भी है कि चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की जनता भरपूर पानी देने का वादा किया था। इस लिहाज से वह तमिलों को शायद ही पानी दें।

# दो दिवसीय ओजोन क्षरण कारण तथा चुनौतियां पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का शुभारंभ

बहराइच। किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में विवेकानंद नेचर क्लब तथा पर्यावरण विज्ञान विभाग के तत्वाधान में 16 सितंबर ओजोन दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंध समिति सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विनय सक्सेना रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। विवेकानंद नेचर क्लब के संयोजक डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव ने ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन क्षरण के कारण पर्यावरण संतुलन पर तथ्यों के साथ प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। डॉ श्रीवास्तव ने पराबैंगनी किरणों के द्वारा विकिरणों से अवगत कराते हुए सभी को सचेत किया। प्राचार्य डॉ विनय सक्सेना ने विवेकानंद नेचर क्लब द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रशंसा के साथ–साथ आह्वान किया कि बच्चे कॉलेज कैंपस के पौधों को गोद लेते हुए उन्हें संरक्षित करने का प्रण करें। सचिव डॉक्टर एसपी सिंह ने तापमान परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाले खतरों से सभी को अवगत कराया तथा आह्वान किया कि समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है कि प्रकृति के संरक्षण से ही मानव जीवन संरक्षित हो सकता है, तथा आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेगी। गोष्ठी में आज के दिन ओजोन दिवस पर पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा ड्राइंग कंपटीशन कराया गया, जिसमें महिला पीजी कॉलेज बहराइच तथा किसान पीजी कॉलेज बहराइच के बच्चों ने सक्रियता से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संयोजक



डॉ सुमित श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि कल दिनांक 17 सितंबर को समस्त विजेता प्रतिभागियों मेडल तथा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में किसान पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ सूर्यभान रावत, भूगोल विभाग के डॉक्टर पुत्तू लाल त्रिपाठी, संतोष कुमार सिंह, अजय प्रताप सिंह, अनिल अवस्थी मध्यकालीन इतिहास, डा सुब्रत द्विवेदी, डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव प्राचीन इतिहास विभाग, डॉ सविता वर्मा चित्रकला विभाग, शिवम द्विवेदी वनस्पति विज्ञान विभाग, डॉ मनोज कुमार निषाद रसायन विज्ञान विभाग, अरविंद कुमार जंतु विज्ञान विभाग, विनीत कुमार पटेल जंतु विज्ञान विभाग तथा जिला विज्ञान क्लब बहराइच के जिला समन्वयक डॉ नंदकुमार शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अंशिल सिंह ने किया।

# भाजपा से ऊबी जनता लायेगी राजनीतिक बदलाव बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा शनिवार को रूधौली विधानसभा क्षेत्र से बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने दसिया में हरी झण्डी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया कहा कि यह यात्रा समाजवादी पार्टी के संदेश को लोगों के दिलों तक पहुंचा रही है साईकिल यात्रा के दौरान सभाओं में मंहगाई, बेरोजगारी गरीबी उत्पीड़न और भाजपा सरकार के मनमानी के मुद्दे प्रमुखता से उठाये जा रहे हैं साईकिल यात्रा में शामिल बस्ती सदर विधायक एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि जिस प्रकार से लोग साईकिल यात्रा में शामिल हो रहे हैं उससे तय है कि आगामी 2024 के लोकसभा के चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के संकल्पों को मतदाता पूरा करेंगे भाजपा के जन विरोधी नीतियों और नफरत फैलाने की साजिशों



को अब लोग पहचान गये हैं। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से शुरू हुई देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा का स्थान स्थान पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गौरा और हरदिया मानिकचंद सिविल लाइन्स में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी अतुल चौधरी कविन्द्र जावेद पिण्डारी मो0 स्वालेह तिलकराम चौधरी आदि ने कहा कि भाजपा के कुनीतियों से समाज का हर वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है जनता आने वाले चुनावों में भाजपा को करारी शिकस्त देने का मन बना चुकी है और भाजपा के अहंकार को मतदाता आईना दिखायेंगे सपा नेताओं कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने साईकिल यात्रियों का हौसला बढाया। साईकिल यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से विजय विक्रम आर्य मो0 सलीम अरविन्द सोनकर अशोक चौधरी शैलेन्द्र दूबे भोला पाण्डेय मनोज पाण्डेय अमरेन्द्र यादव प्रेमचन्द चौधरी विजय प्रजापति महेन्द्र चौधरी रजवन्त यादव कुणाल मिश्र इन्द्रजीत यादव संदीप राजभर रजनीश यादव प्रशान्त यादव लोकेश यादव मो. सलीम मो. शाहिर युनूस आलम संदीप चौधरी शिवेन्द्र चौधरी राजकुमार पाण्डेय सुशील यादव रामशब्द यादव प्रमोद यादव जर्सी यादव लोकेश यादव अखिलेश यादव राम सनेही यादव कल्लू मोदनवाल जितेन्द्र यादव राघवेन्द्र सिंह राम प्रकाश चौधरी हनुमान चौधरी सुनील चौधरी के साथ ही साईकिल यात्रा में अभिषेक यादव के साथ चल रहे अखिलेश गुप्ता राघवेन्द्र यादव जयसिंह प्रताप यादव अविनाश विद्यार्थी राकेश शर्मा प्रिन्स सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# सरल एप के ठीक से न काम करने से शिक्षकों में मचा अफरा तफरी का माहौल

## दोपहर बाद,सरल एप ने ली अंगड़ाई,तब शिक्षकों ने ली राहत की सांस

यूपी फाइट टाइम्स

बहराइच। आज जनपद बहराइच के समस्त परिषदीय स्कूलों में कक्षा 4 से 8 तक कि नैट परीक्षा सरल एप के माध्यम से दिवतीय दिवस को सकुशल सम्पन्न हुई,परीक्षा सम्पन्न होने के बाद शिक्षकों के द्वारा जैसे ही बच्चो के द्वारा उत्तर पुस्तिका ओ एम आर सीट को स्कैन करना प्रारम्भ किया त्यों ही सरल एप ने धोखा देना शुरू कर दिया,जिसको लेकर सभी शिक्षकों में अफरा तफरी का माहौल रहा।सभी शिक्षक एक दूसरे से आपस मे अपनी समस्या का समाधान पाना चाह रहे थे,कहीं से भी कोई सन्तोष जनक उत्तर न मिलने पर लगभग लगभग सभी शिक्षकों ने सरल एप और नेटवर्क सही होने की प्रतीक्षा करते हुए अपने दायित्वो का निर्वहन करते रहे,लगभग एक बजे के बाद से सरल एप ने



काम करना धीरे धीरे शुरू किया तब जाकर शिक्षकों ने राहत की सांस ली।धीरे धीरे सभी ने अपने अपने स्कूलों का वर्क पूरा किया। उधर परीक्षा सुचिता पूर्ण सम्पन्न हो रही है या नही इसके लिए जिले स्तर से अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक,डायट प्राचार्य,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,उप जिला अधिकारी,तहसीलदार,नायब तहसीलदार,एस आर जी,ए आर पी,तथा समस्त बी ई ओ भर्मणशील रहे। तजवापुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा अपनी ए आर पी टीम के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़नापुर,गनियापुर, टिकोरा मोड़,दुलम्हा,दहाव,सहित दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया,सभी स्कूलों में परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं चाक चौबन्द पाई गई। इस अवसर पर डॉ नँद किशोर शुक्ल,अनूप कुमार मिश्र,आनंद कुमार पाठक,विजय कुमार उपाध्याय,ब्रम्हमेंद्र कुमार शुक्ल,रोली सारस्वत,ममता मुंजाल,संध्या सिंह,शिखा त्रिपाठी,अनुपम मौर्य,भूपेंद्र कुमार,राधे श्याम वर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता मो0 सलीम निवासी ग्राम–गाजी का पूरा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता पवन कुमार उर्फ हनुमान निवासी ग्राम–निहालपुर, मजरा सयारा मीठेपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर विपक्षीगणों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को



प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 19 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 02 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 23 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पम्पिग सेट मशीन व चोरी करने के 02 शातिर चोर गिरफ्तार



यूपी फाइट टाइम्स

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों व चोरी/लूट में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना नवाबगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर पम्पिग सेट मशीन चोरी करने का आरोपी अभियुक्तगण 01. मनवीर व 02. मनीष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 02 अदद पम्पिग सेट मशीन व रूपये 2,000/– नगद बरामद की गई। जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01. मनवीर पुत्र जयचन्द गुर्जर निवासी मेहरपुर गुर्जर थाना रेहरा जनपद अमरोहा

02. मनीष पुत्र प्रहलाद निवासी पड़ाव गांधी इण्टर कालेज के पास कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

अनावरित अभियोग :–

01. मु0अ0सं0 443/2023, धारा 379 भा0द0वि0 थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

02. मु0अ0सं0 449/2023, धारा 380 भा0द0वि0 थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. 02 अदद पम्पिंग सेट।

03. रूपये 2000/– नगद बरामद।

गिरफ्तारकर्ता टीम–

01. उ0नि0 कामेश्वर राय मय टीम।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्तगिरफ्तार

यूपी फाइट टाइम्स

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा का चार्जभार ग्रहण करने के उपरान्त अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान किन्नूबरा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त मालिक राम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 गोली एलप्रासेफ 0.5उह बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. मालिक राम पुत्र हरीराम निवासी ग्राम विरमापुर थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–320/23, धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. 25 पत्ते (250 गोली) एलप्रासेफनशीली गोलीयाँ बरामद।

गिरफ्तार कर्ता–

उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह मय टीम।



# कौशाम्बी में ट्रिपल मर्डर, बवाल की आशंका पर गांव छावनी में तब्दील

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर के पंडा चौराहा पर शुक्रवार की सुबह हुए हीरा लाल,उसकी बेटी बृजकली और दामाद शिवसरन की सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की सूचना जैसे ही लोगो को सुबह मिली तो गांव में सनसनी मच गई। हत्या के बाद गांव में दर्जनों घरों में आगजनी की गई थी। जिसमे कई दोपहिया और चार पहिया वाहन और साइकिल सहित तमाम सामान जलकर राख हो गए। हत्या और आगजनी से गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी और एहतियातन भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। ज्ञात हो कि घटना की सूचना पर प्रयागराज जोन एडीजी,आईजी और कमिश्नर भी मौके पर गांव पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वही एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आठ लोगो पर मामला दर्ज किया गया है,जबकि दो लोगो को अरेस्ट कर लिया गया है। जिले में जमीनी विवाद में हुए ट्रिपल मर्डर में मृतकों के शवों का पुलिस की सुरक्षा में पोस्टमार्टम करा दिया गया।

## युवक की हत्या में पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद

कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के छबिलवापुर गांव में तीन साल पहले हुई युवक की हत्या में शामिल पत्नी व प्रेमी को अपर जिला जज प्रथम ने उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 15–15 हजार रुपये अर्थदंड वसूलने का आदेश दिया। तीन साल पहले सोते समय विवाहिता ने प्रेमी के साथ मिल तकिया से मुंह दबाकर पति की हत्या कर दी थी। ज्ञात हो कि अभियोजन पक्ष के मुताबिक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के छबीलवापुर निवासी रामचंद्र पटेल की 18 मई 2020 की रात घर में सोते समय हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने गांव के ही कल्लू सेठ, इंद्रपाल व सचिन को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली। पुलिसिया जांच में युवक की हत्या नामजद आरोपितों ने नही बल्कि मृतक की पत्नी सुनीता ने ही पड़ोस में रहने वाले अपने प्रेमी श्रीचंद्र के साथ मिलकर की थी। सोते समय रामचंद्र का तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद खुद ही शोर मचाना शुरू कर दिया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामला अपर जिला जज प्रथम राकेश कुमार की अदालत में चला। शासकीय अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने छह गवाहों को अदालत में परीक्षित कराया। गवाहों के बयान और पत्रावली में मौजूद साक्ष्य का अवलोकन करने के बाद एडीजे प्रथम ने युवक की हत्या में शामिल पत्नी व प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 15–15 हजार रुपये अर्थदंड वसूलने का आदेश दिया।

# चालान डिलीट के नाम पर अवैध बसूली को लेकर आनंद राजपाल ने ज्ञापन सौपा

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। व्यापारी नेता एवं बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आनंद राजपाल ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर चालान डिलिट करने के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को तत्काल रोकने की मांग किया है ज्ञापन में कहा गया है कि दिसम्बर 2017 से दिसम्बर 2021 तक के ई चालानों को मुख्यमंत्री ने माफ करते हुये इसे चालान पोर्टल से डिलिट करने का आदेश जारी किया गया है यहां तक कि कोर्ट में लम्बित मामले भी समाप्त कर दिये गये हैं इसकी पूरे प्रदेश में सराहना हुई लेकिन यातायात पुलिस और आरटीओ ने इन चालानों को डिलिट नही किया जो अब इनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन गये हैं सम्बन्धित व्यक्ति को मोबाइल नम्बरों पर फोन करके बुलाया जा रहा है और चालान डिलिट करने के नाम पर वसूली की जा रही है जबकि आप द्वारा सभी प्रकार के चालानों को पोर्टल से डिलिट करने का रूपष्ट आदेश जारी किया गया है बस्ती जनपद में ऐसे तमाम मामले व्यापार मंडल के सज्ञान में आये हैं ज्ञापन सौपने



वालों में प्रमुख रूप से आनंद राजपाल सूर्यकुमार शुक्ल अयोध्या प्रसाद साहू सुनील कुमार गुप्ता सतीश सोनकर अदालत प्रसाद हर्षित अग्रवाल अशोक निगम आदि मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

## माइक्रोप्लॉन बनाकर नियमित टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की। ज्ञात हो कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि माइक्रोप्लॉन बनाकर नियमित टीकाकरण में प्रगति लायी जाय तथा सर्वे कराकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण किया जाय। उन्होंने आर0सी0एच0 पोर्टल, ई–कवच एवं मंत्रा ऐप पर शत–प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में और कुपोषित बच्चां को चिन्हित कर भर्ती कराने के निर्देश दियें। बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 98 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने शेष लाभार्थियों का भी भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दियें। उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं का भुगतान शत–प्रतिशत सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत माह अगस्त में कुल 2747 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, जिसमें 215 अति जोखिमग्रस्त गर्भवती महिलाओं का भी उपचार किया गया। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अगस्त माह में कुल 12620 गोल्डेन कार्ड बनाये गये तथा माह अगस्त तक कुल 351351 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ–मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं सी0एम0एस0 सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज सार

### चुनावी रंजिश में वार्ड सभासद को मारपीट कर घायल किया



मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला कासमपुरा निवासी वार्ड 15 के सभासद के साथ चुनावी रंजिश के कारण एक युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को जानसठ सीएचसी में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मीरापुर के वार्ड 15 के सभासद राशिद पुत्र नूर अहमद ने बताया कि उसके वार्ड का पूर्व सभासद साजिद उससे चुनावी रंजिश रखता है जो केई बार उसके विरूद्ध शिकायती पत्र दे चुका है। ऐसा ही एक शिकायती पत्र शुक्रवार को राशिद को प्राप्त हुआ जिसकी जानकारी के लिए वह वार्ड के लोगो के पास जा रहा था। आरोप है कि उसी दौरान पूर्व मैम्बर साजिद ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी तथा धारदार हथियार से वार कर उसको घायल कर दिया। पीडित सभासद ने साजिद के विरूद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत दो घायल



मीरापुर। कस्बे के मौहल्ला कोटला दरबार निवासी एक व्यक्ति व एक बालक की सडक दुर्घटना में मृत्यू हो गयी जबकि दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल है। मीरापुर के मौहल्ला कोटला दरबार निवासी सजाउद्दीन उर्फ दिन्नी पुत्र शब्बीर उम्र 40 वर्ष अपने तीन भतीजे व भतीजी रिहान उम्र 6 वर्ष, इकरा 10 वर्ष व आरिफ 14 वर्ष को लेकर बाईक द्वारा मीरापुर से बहसूमा जा रहा था। जब इनकी बाईक बहसूमा थाना क्षेत्र के ग्राम मोड सदरपुर के पास पहुंची तो मेरठ की ओर से तेज गति से आ रही बाईक से इनकी भिडंत हो गयी। टक्कर लगते ही बाईक सवार सडक पर गिर गये और गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन्हे उपचार के लिए मवाना के अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान दिन्नी व रिहान की मृत्यू हो गयी जबकि इकरा व आरिफ गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना के बाद इनके परिवार व आपस पडोस में कोहराम मच गया। इकरा व आरिफ की हालत नाजुक बनी हुई है।

फोटो कैप्शन– दुर्घटना ग्रस्त बाईक तथा घटना स्थल पर एकत्र पुलिस व राहगीर

### सौराई बुजुर्ग का दो दिवसीय ऐतिहासिक भदहीं मेला एवं दंगल संपन्न



कड़ा विकास खण्ड के ग्राम सभा सौरई बुजुर्ग में होने वाला दो दिवसीय भदहीं मेला शनिवार को संपन्न हो गया मेले के प्रथम दिन शुक्रवार को मेला कमेटी द्वारा दंगल का आयोजन कराया गया जिसमें कौशांबी जनपद के अलावा अन्य कई जनपदों से भी पहलवान जोर आजमाइश करने के लिए आए निर्णायक अंतिम कुश्ती आकाश बमरौली एवं जितेंद्र दिल्ली के बीच हुई जिसमें जितेंद्र ने आकाश को पटकनी देकर चौंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरे दिन पूर्व निर्धारित स्थान पर मेले का आयोजन किया गया जिसमें आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसे देखकर मेले में आए हुए लोग मन्दमुग्द हो गए मेले में बच्चों ने आसमानी झूले का लुफ्त उठाया वहीं महिलाओं द्वारा मीना बाजार में जरूर की चीज खरीददारी की गई मेले में चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी भाजपा नेता रामप्रकाश पाल , डॉक्टर श्रवण आर्या , अंकित तिवारी , अनिल पाल , राजू पाल , भग्गन सरोज , गुलाब सरोज आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मोहद्दीनपुर गांव में बना अस्थाई थाना, रोशनलाल तैनात

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र मोहिउद्दीनपुर गांव में सात बिस्वा जमीन को लेकर ट्रिपल मर्डर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना को काबू करने के लिए पुलिस कमिश्नर और मंडला आयुक्त प्रयागराज के दिशा निर्देश पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अस्थाई थाना बना दिया गया थाने का चार्ज एक इंस्पेक्टर और ११ उप निरीक्षक तथा ७० सिपाही तैनात किया गया है पुलिस बल तैनात होने से स्थिति नियंत्रण पर काबू पाया गया है। मोहिददीनपुर गांव में दलित परिवार के होरीलाल ब्रजकली और शिवशरण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी हत्या से आक्रोषित ग्रामीणों ने १२ घंटे अफरा तफरी कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी घटना स्थल पर पुलिस कमिश्नर और मंडलायुक्त एडीजी प्रयागराज के साथ मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर अस्थाई थाना स्थापित करने का दोनों अधिकारियों ने एसपी को निर्देश दिया पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अस्थाई थाना का चार्ज इंस्पेक्टर रोशनलाल सरोज के साथ ११ उप निरीक्षक ७० सिपाही और महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया है कड़ी सुरक्षा के बीच गांव में स्थिति पुलिस ने संभाल लिया है अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 8 टीमे लगातार छापेमारी कर रहे हैं बहुत जल्द अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद करने के उपरान्त जेल भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# गौनाहा में जिला अध्यक्ष नवीन खरवार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक

## खरवार समाज के बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

यूपी फाइट टाइम्स

गौनाहा। प्रखण्ड अंतगर्त्त दिनांक 16/09/2023 शनिवार को खरवार जागरुकता अभियान के पाँचवा दीन का दौरा गौनाहा प्रखण्ड के ग्राम शेरवा एवं भुस्की में जिला अध्यक्ष नवीन खरवार के नेतृत्व में किया गया। जिसमे खरवार समाज को अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होने एवं अपने आदीवासी समुदाय को एकजुट करने पर चर्चा राजू खरवार प्रदेश अध्यक्ष ( युवा खरवार महासभा बिहार) ने किया और कहा की राज्य सरकार के द्वारा जारी आदेश का पालन ज्यादातर अंचल कार्यालयों में नही हो रहा है । जिसके कारण हमारे खरवार समाज के लोगो का सुचारु रूप से जाति प्रमाण पत्र नही मील पा रहा है। जिसका समाधान हेतु जिला पदाधिकारी महोदय को अवगत कराया जा चुका है। जो बहुत जल्द सरकार का आदेश का पालन करने का आदेश सभी अंचल कार्यालयों को आ जाएगा। परंतु हम खरवारो को जागरूक एवं एकजुट हो जाने की जरूरत है। क्योकि हम खरवारो को जानबूझकर खरवार विरोधी कुछ राजनीतिक नेताओं के सह पर ज्यादातर प्रशासनिक पदाधिकारियों,कर्मचारीयो द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।



जिसका सहन अब युवा पीढ़ी नही करेगी। और आने वाले चुनाव में खरवार समाज को प्रताड़ित करने वाले राजनीतिक पार्टीयो एवं नेताओं को मुँहतोड़ जबाब दीया जाएगा। क्योकि हम खरवारो का भी वोट सभी विधानसभा में अच्छी संख्या में है। लेकिन हमारे समाज में ज्यादा जागरुकता नही होने के कारण राजनीतिक पार्टीयो द्वारा लाभ उठा लिया जाता था।परंतु अब वैसा नही होगा क्योकि अब खरवार समाज जाग चुका है और राजनीतिक साजिश को समझने लगा है। वही बैठक में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश खरवार, जिला सचिव नितीश खरवार , नौतन प्रखंड अध्यक्ष श्याम खरवार , मझौलिया प्रखंड अध्यक्ष विपिन खरवार , धर्मेंद्र खरवार , उमाशंकर प्रसाद खरवार , लालबाबू खरवार, भरत खरवार, शत्रुघ्न खरवार, मोतीचंद खरवार, लालबाबू खरवार, सतन खरवार, प्रदीप खरवार, अन्य गणमान्य मौजूद रहे। वही जिला अध्यक्ष नवीन खरवार के अध्यक्षता में शम्पन्न बैठक का प्रसंसा सभी ने किया।

## जमीनी विवाद में तहसील दिवस और थाना दिवस खोखला साबित

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जमीनी विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए तहसील दिवस और थाना दिवस आयोजित किया जा रहा है जिसमें शिकायत कर्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जमीन के मामलों में तत्काल कार्रवाई कर मामले का निस्तारण करना सुनिश्चित किया गया है लेकिन सरकार के ढाई साल पूर्ण होने के बाद जमीन विवाद में हत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश के चंदौली जिले में भी जमीनी विवाद के कारण दबंगों ने कई दलितों की गोली मारकर हत्या कर दी थी इसके बाद सरकार ने आईजीआरएस और थाना दिवस तहसील दिवस को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया था लेकिन जमीनी विवाद के मामलों में राजस्व कर्मचारी और पुलिस प्रशासन संजीदा नहीं है इससे हत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है फिर भी जिला प्रशासन अपनी करनी पर पर्दा डालने में सफल हो रहा है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में जमीनी विवाद को लेकर दलितों के कई परिवारों के लोगों की हत्या कर दी गई थी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चंदौली में नरसंहार रोकने के लिए कई जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों को निलंबित कर दिया था इसके बाद प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को थाना दिवस तहसील दिवस को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया था प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्देश में कहा गया था की तहसील दिवस और थाना दिवस तथा आईजीआरएस में दर्ज होने वाले जमीनी विवादों को तत्काल निस्तारित किया जाए यदि मामला ग्राम समाज की सरकारी भूमि अवैध कब्जा करने का है तो दोनों पक्षों को जमीन से बेदखल कर दिया जाए यदि भूमि पटटा अथवा घर बनाने से संबंधित है तो उचित कार्रवाई कर घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाए लेकिन जिले की पुलिस चंदौली की घटना का सबक नहीं ले पाई और दूसरी घटना सात विश्वा जमीन के विवाद को लेकर तीन दलित परिवारों का घर उजाड़ दिया गया अपराधियों ने एक महिला सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए पुलिस को घटनास्थल पर १४ घंटे ग्रामीणों के गुस्सा का सामना करते हुए जलालत झेलनी पड़ी लेकिन जिला प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी से शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर वाह वही लूट रहा है जहां कहीं पर भी बड़ी घटनाएं जमीनी विवाद पर हो जाती है वहां पर पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर अपने आप को पाक साफ साबित करने में लगा रहता हैं।

## मर्डर में बहनोई व भाई-भाभी को कैद की सजा

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के उखैयाखास गांव बहन के घर समझौता कराने गए युवक की बहनोई व उसके भाई–भाभी ने हत्या कर दी थी। शुक्रवार को एडीजे एफटीसी द्वितीय ने हत्यारोपी बहनोई को सात व भाई–भाभी को छह–छह माह की सजा सुनाई है। इसके अलावा पांच–पांच हजार रुपये अर्थदंड वसूलने का भी आदेश दिया है। ज्ञात हो कि अभियोजन पक्ष के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के बिछौरा निवासी बासदेव पासी की बेटी गीता की शादी करारी थाना क्षेत्र के उखैयाखास गांव में हुई है। गीता का आरोप था कि उसका पति सियंबर पासी अपने भाई–भाभी के चक्कर में उसे प्रताड़ित करता है। इसे लेकर गीता के पिता बासदेव व भाई रामप्रकाश 25 मई वर्ष 2013 को उसके ससुरालवालों को समझाने उखैयाखास गए थे। इसी दौरान पति सियंबर ने रामप्रकाश के सिर पर चारपाई की पाटी से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में मृतक के पिता ने दामाद सियंबर व उसके भाई रामलोटन, भाभी कुसमा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामला अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय आभा पाल की अदालत में चला। शासकीय अधिवक्ता अनिल चौधरी ने आठ गवाहों को अदालत में परीक्षित कराया। गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद शुक्रवार को अदालत ने दोषी बहनोई को सात साल व उसके भाई–भाभी को छह–छह माह की सजा सुनाई है।

## संदीपन घाट पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में दामाद का अंतिम संस्कार

कौशांम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र मोहद्दीनपुर गांव के पास पंडा चौराहा स्थित सात बिस्वा जमीन के विवाद में शुक्रवार को महिला सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने आधा दर्शन घरों में आग लगा दिया था इसके बाद अफरा तफरी के बीच पुलिस और जिला प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा किसी तरह से तीन शवों को परीक्षण के लिए भेजा गया परीक्षण के उपरांत शनिवार को संदीपन गंगा घाट पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अंतिम संस्कार किया गया इस मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स और एसडीएम और सीओ सिराथू व राजस्व कर्मी मौजूद रहे हैं। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र मोहिउद्दीनपुर गांव के पास पंडा चौराहा स्थित सात विश्वा जमीन को लेकर मोहिदुनपुर गांव के होरीलाल और पड़ोसी यादव बिरादरी से विवाद चल रहा था जमीन की नाप जोक के उपरांत भी कब्जे को लेकरं गुरुवार की रात गांव के पड़ोसी लोगों द्वारा गृह स्वामी होरीलाल और दामाद शिवशरण तथा बेटी ब्रजकली की गोली मारकर हत्या कर दी गई हत्या से आक्रोषित ग्रामीणों ने अपराधियों के आधा दर्जन घरों में आग लगा दिया इससे लाखों की गृहस्थी जलकर नस्ट हो गई, घटना की सूचना पर पुलिस कमिश्नर एडीजी और मंडल आयुक्त सहित जिले के कई थानों का पुलिस बल तथा दो प्लाटून पीएसी दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गई धक्का मुक्की और अफरा तफरी के बीच काफी समय बाद आग पर काबू पाया गया काफी मान मनोव्वल के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शनिवार को पिता और बेटी का शव संदीपन घाट थाना क्षेत्र उमरछा में किया गया और दमाद केशवका अंतिम संस्कार संदीपन घाट कोखराज थाना क्षेत्र में एसडीम सौम्या मिश्रा सीओ अवधेश विश्वकर्मा सिराथू भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के लिए छात्र–छात्रायें 28 सितम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

कौशाम्बी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त उ0मा0वि0/इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यों/अभिभावकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना 2024–25 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 18 सितम्बर से बढ़ाकर 28 सितम्बर 2023 कर दी गयी है। आवदेकों द्वारा हुई त्रुटियों का संशोधन 01 अक्टूबर 2023 तक किया जा सकता हैं। अपने–अपने विद्यालयों के पात्र छात्र/छात्राओं का वेबसाइट www-entdata-in पर ऑनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

## किशोर ने छह साल के बच्चे से किया कुकर्म

फतेहपुर चौरासी (ब्यूरो)। छह साल के बच्चे के साथ गांव के ही किशोर ने कुकर्म किया। लहूलुहान हालत में वह घर पहुंचा और मां को जानकारी दी। मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने बच्चे का डॉक्टरी परीक्षण कराया है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गुरुवार को उसका उसका छह साल का बेटा गांव के पास बनी रही सडक के पास खेलने गया था। तभी गांव का ही 14 वर्षीय किशोर उसे बहला फुसलाकर पास के ही ज्वार के खेत ले गया और वहां बच्चे के साथ कुकर्म किया। थानाध्यक्ष राजेश पाठक ने बताया कि पीड़ित की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाईकोर्ट ने कहा– पीयूष मास्टर माइंड और रेनू–सोनू कांट्रैक्ट किलर, ये क्षमा के अधिकारी नहीं

कानपुर (ब्यूरो)। कानपुर में ज्योति हत्याकांड के मुख्य आरोपी ज्योति के पति पीयूष व उसके साथ षड्यंत्र में शामिल रहे रेनू व सोनू को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। तीनों की जेल से रिहाई की आस फिलहाल टूट गई है। हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए तीनों की सजा पर अपील की सुनवाई होने तक जमानत दिए जाने की याचिका खारिज कर दी है। साथ ही मार्च 2024 में अपील की अंतिम सुनवाई करने की बात भी कही है।

ज्योति की हत्या में उम्रकैद की सजा पाए पीयूष, रेनू व सोनू ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से तर्क रखा गया कि ज्योति के शरीर पर 14 घाव मिले थे। हत्या में इस्तेमाल चाकू की बरामदगी हुई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 37 व बचाव पक्ष ने पांच गवाह कोर्ट में पेश किए थे। कोर्ट विटनेस के रूप में भी दो गवाहों की गवाही हुई थी।

सेशन कोर्ट ने सभी तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सजा सुनाई है। पीयूष अपनी पत्नी की वीभत्स हत्या का मुख्य सूत्रधार है। उसने षड़यंत्र के तहत अपनी महिला मित्र मनीषा मखीजा से संबंधों के चलते पत्नी की हत्या करवाई। नौटंकी कर खुद को पीड़ित और



असहाय साबित करने के लिए कहानी को कई रंग दिए। पत्नी की हत्या के लिए अपराधियों से साठगांठ की। यह मुकदमा कांट्रैक्ट किलिंग का बड़ा उदाहरण है।

वहीं बचाव पक्ष ने पीयूष, रेनू उर्फ अखिलेश कनौजिया व सोनू कश्यप को जमानत दिए जाने की पैरवी करते हुए तर्क रखा कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान पीयूष को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी लेकिन सजा के बाद उसे दोबारा जेल जाना पड़ा था हालांकि रेनू और सोनू घटना के बाद 31 जुलाई 2014 से जेल में ही बंद हैं। मामले में पीयूष पर मनीषा मखीजा, अवधेश चतुर्वेदी और आशीष कश्यप के साथ मिलकर षडयंत्र रचने का आरोप है। मनीषा, अवधेश व आशीष को हाईकोर्ट से दो फरवरी 2023 को जमानत मिल चुकी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी व मो.अजहर हुसैन इदरीसी की दो सदस्यीय खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान माना कि पीयूष षड्यंत्र का मास्टरमाइंड है। रेनू और सोनू कांट्रैक्ट किलर हैं, जिन्होंने रुपयों के लिए हत्या जैसा गंभीर अपराध किया। दोनों ने जो अपराध किया है उसके लिए वह क्षमा के अधिकारी नहीं है। इसी सख्त टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने तीनों को जमानत देने से इनकार कर दिया।

# जमीन में नहीं मिला हिस्सा...तो मां-बाप को कुल्हाड़ी से मारा



औरैया (ब्यूरो)। औरैया जिले के दिबियापुर कोतवाली क्षेत्र में बुजुर्ग–दंपती की हत्या के बाद हत्यारोपी रमाकांत की पत्नी ऊषा देवी ने जो कहानी बताई। उसके अनुसार उन्हें केवल दो बेटियां होने के कारण न तो बेची गई जमीन से आए लगभग 50 लाख रुपये में से कोई हिस्सा दिया गया और न ही पिछले दिनों बांटी गई चार बीघा जमीन में कोई हिस्सा मिला। हिस्सा पाने के लिए वह गिड़गिड़ाते थे, लेकिन कोई सुनता नहीं था। ऊषा देवी के अनुसार तीन वर्ष पहले कलक्टरी रोड पर स्थित लगभग डेढ़ बीघा जमीन उनके ससुर ने बेची थी। मगर उनके पति को इसमें कोई हिस्सा नहीं दिया था। लगभग तीन माह पहले गांव की चार बीघा जमीन में से दो–दो बीघा जमीन दोनों छोटे भाइयों में बांट दी गई। इसमें भी उनके पति को कोई हिस्सा नहीं दिया गया। इसके बाद कई रिश्तेदारों से अपना हिस्सा दिलाने की मांग की। कई बार झगड़े हुए, थाने में भी प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। थक हारकर बृहस्पतिवार की सुबह उनके पति मोबाइल घर पर छोड़कर कहीं चले गए। ऊषा देवी ने बताया कि दोनों देवरों के एक–एक बेटा है। उनकी केवल दो बेटियां हैं। इसी के चलते बंटवारे में उन्हें कुछ नहीं मिलता था। हालांकि ऊषा देवी के दावा किया कि उनके पति ने बुजुर्ग माता–पिता की हत्या नहीं की है। बुजुर्ग दंपती के सबसे छोटे बेटे सर्वेश ने बताया कि शादी के बाद से ही उनके बड़े भाई रमाकांत घर में बंटवारे को लेकर विवाद करने लगे। आए दिन माता पिता से झगड़ा और मारपीट करना उनकी आदत में शामिल हो गया था। इसी से आजिज आकर माता–पिता ने जिंदा रहते रमाकांत को जमीन में कोई हिस्सा न देने की बात कही थी। लगभग तीन माह पूर्व पिता ने गांव स्थित अपनी चार बीघा जमीन में से दो बीघा जमीन उनके बेटे प्रिंस के नाम एवं दो बीघा जमीन मझले भाई उमाकांत के नाम लिख दी थी।

## बेटे ने पिता को पीटकर मार डाला, हुआ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर इलाके में घरेलू विवाद में बेटे ने अपने पिता को बेरहमी से पीटा। पिता की पिटाई के बाद उनका सिर दीवार में इस तरह से मारा की उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान लीलाधर भट्ट के रूप में हुई। वह सीआरपीएफ से असिस्टेंट कमांडेंट के पद से रिटायर हुए थे। मामले की सूचना आरोपित बेटे की पत्नी ने अंबेडकर नगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान दीपक भट्ट के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था, जिसके बाद से वो इन दिनों घर पर ही रहा था। उसने ये भी बताया कि उसका अक्सर अपने पिता से घर के कामों को लेकर कहा सुनी होती थी लेकिन मंगलवार को ये विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने पिता को काफी पीटा और पिता को जोर का धक्का दिया जिससे बुजुर्ग पिता का सिर दीवार से जा टकराया। इस दौरान बुजुर्ग को दिल का दौरा पड़ गया और अस्पताल में इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई।

## महज मोबाइल फोन लूटने के लिए युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के सरिता विहार थाना इलाके में बीती देर रात महज मोबाइल फोन लूटने के लिए एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस को बीती रात करीब साढ़े नौ बजे घटना की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने मोबाइल लूटने के बाद एक शख्स पर जानलेवा हमला करने की जानकारी दी।

घटना के संबंध में डीसीपी राजेश देव ने बताया कि बीती रात करीब 9:30 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी। इसमें बताया गया कि एक शख्स पर जानलेवा हमला किया गया और उसका मोबाइल फोन लूट लिया गया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल शख्स को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान दिल्ली के अली विहार कॉलोनी निवासी कन्हाई मलिक के रूप में हुई। मौके पर फॉरेंसिक क्राइम टीम को बुलाया गया और वहां से जरूरी सबूत जुटाए गए। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मृतक जसोला विहार स्थित डीएलएफ टावर में रिसेप्शनिस्ट के पद पर काम करता था।पुलिस को मौके से कोई चश्मदीद गवाह नहीं मिला है लेकिन पुलिस टीम टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच कर रही है। इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस के मुताबिक कन्हाई मलिक कल रात अपने घर से काम पर जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में दो बदमाशों ने उन्हें रोका और मोबाइल मांगा। जब कन्हाई ने मना किया तो बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। कन्हाई को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

## ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट हादसे में चार और घायलों ने तोड़ा दम, मृतकों की संख्या हुई आठ

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना इलाके में हुए लिफ्ट हादसे में चार और घायलों की मौत हो गई है। इस प्रकार मृतकों की संख्या आठ हो चुकी है। अस्पताल में भर्ती एक अन्य घायल कैफ की हालत नाजुक बनी हुई है। बिसरख थाना इलाक़े के निर्माणाधीन सोसायटी आम्रपाली ड्रीम वैली में एक बड़ा हादसा हो गया था। बिल्डिंग में लिफ्ट गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी थी। पांच लोग घायल हो गए थे। शनिवार सुबह इलाज के दौरान चार अन्य घायल लोगों ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या आठ हो गयी।




हादसे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीएम से जानकारी हासिल की थी और जिम्?मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात की थी। इसके बाद पूरे प्रोजेक्ट को सील कर दिया गया था और एनबीसी के जीएम समेत कंस्ट्रक्शन करने वाली कंपनी के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है।

हादसे में इस्ताक अली, अरुण तांती मंडल, विपोत मंडल, आरिस खान, असुल मुस्तकीम, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल और अरबाज अली की मौत हो गई है। हादसे में एकमात्र बच्चे कैफ की हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

# छोटे अस्पताल होंगे ठीक, बड़ों पर घटेगा बोझ; एलजी ने दिए निर्देश- डॉक्टरों और कर्मचारी की जल्द हो बहाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए छोटे अस्पतालों को ठीक किया जाएगा। इनमें पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने से मरीजों का बोझ बड़े अस्पतालों पर पड़ रहा है। इससे बड़े अस्पतालों की व्यवस्था भी चरमरा जाती है। वहीं, मरीजों को भी इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है। अस्पतालों की व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने समीक्षा बैठक में विभाग को डॉक्टरों और कर्मियों के खाली पदों को तत्काल स्थायी तौर पर भरने का आदेश दिया है। वर्तमान में दिल्ली सरकार के 30 अस्पताल हैं। इसके अलावा सोसायटी के सहयोग से सरकार आठ अन्य अस्पताल का संचालन कर रही है। इनमें से जीबी पंत, गुरु नानक आई केयर सेंटर, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज स्पेशलिस्ट सेवाएं देते हैं। जबकि लोक नायक, जीटीबी, डीडीयू सहित कुछ अस्पताल बड़े स्तर पर सामान्य सेवाएं दे रहे हैं। यह सेवाएं बाहरी दिल्ली व दूरदराज क्षेत्र में चल रहे सरकार के अन्य छोटे अस्पताल में भी मौजूद हैं, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। दिल्ली के बड़े अस्पतालों में प्रति दिन 3-4 हजार मरीज इलाज करवाने आते हैं। वहीं, छोटे अस्पतालों में मरीजों की संख्या एक से डेढ़




हजार की रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे अस्पतालों में व्यवस्था सुधरने के बाद सुविधाएं बेहतर होगी। अभी स्पेशलिस्ट सेवाओं के लिए मरीजों को बड़े अस्पतालों में छह माह से एक साल तक का इंतजार करना पड़ जाता है। हाल ही में लोकनायक ने एक मरीज को एमआरआई के लिए सवा तीन साल की वेटिंग दी थी। सेवाएं बेहतर होने के बाद यह घटकर कुछ दिनों की रह जाएगी।

**अनुबंध पर तत्काल भरे जाए पदः भारद्वाज**

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अस्पतालों में खाली पदों को भरने के लिए उपराज्यपाल से दो राउंड की बैठक हो गई है। इसमें कहा गया है कि जब तक यूपीएससी से स्थायी भर्ती नहीं होती, तब तक अनुबंध के आधार पर तत्काल खाली सभी स्पेशलिस्ट, डॉक्टर, टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाफ की भर्ती की जाए। ऐसा करने से अस्पताल की सेवाएं बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि खाली पदों की सूची तैयार करने के लिए दो-दो अस्पताल के साथ बैठक चल रही है। बैठक में अस्पताल के प्रमुख, विभाग प्रमुख, स्थानीय विधायक, सीडीएमओ अपनी बात रखते हैं। साथ ही भविष्य के आधार पर जरूरत बताते हैं। दिल्ली के अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्टाफ व अन्य सेवाओं को भी बढ़ाया जाएगा।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी**- दिल्ली के सभी अस्पतालों में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की भारी कमी हैं। इसमें रोबोटिक्स व सामान्य सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया, न्यूरो, कार्डियो, गैस्ट्रो सहित अन्य विभाग के प्रोफेसर शामिल हैं। दिल्ली सरकार के आंकड़ों के अनुसार करीब 250 स्पेशलिस्ट की सूची तैयार की गई है।

## बुराड़ी दुष्कर्म मामले में नया खुलासाः न्यू उस्मानपुर में भी हुई थी दरिंदगी, खाका का पोटेंसी टेस्ट पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बुराड़ी में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात रहे उप-निदेशक के मामले में नया खुलासा हुआ है। पूछताछ में नाबालिग ने दावा किया है कि 2018 से 2020 के बीच न्यू उस्मानपुर इलाके में जहां वह रह रही थी, वहां कुछ लड़कों ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस खुलासे के बाद न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। उधर, इस मामले में गिरफ्तार आरोपी अधिकारी की पोटेंसी टेस्ट रिपोर्ट आ गई है। उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। यानि



अधिकारी शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 13 अगस्त को बुराड़ी इलाके में 17 साल की नाबालिग ने दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात रहे उप-निदेशक प्रेमोदय खाका (51) के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत की थी। जिसमें पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके पिता की मौत के बाद पिता के दोस्त रहे अधिकारी ने बुराड़ी स्थित अपने घर रहने के लिए बुला लिया।

जहां उन्होंने अक्तूबर 2020 से फरवरी 2021 के बीच दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। उसने आरोप लगाया कि अधिकारी की पत्नी ने उसे गर्भपात करवाने के लिए गोली दी थी। बुराड़ी थाना पुलिस ने शिकायत पर अधिकारी रहे प्रेमोदय खाका और उनकी पत्नी के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद दंपती को गिरफ्तार कर लिया गया।

अब पीड़िता ने दावा किया कि जब वह न्यू उस्मानपुर स्थित अपने घर में रहती थी, इस दौरान कुछ लड़कों ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने पीड़िता की काउंसिलिंग करवाई और उसका बयान लिया। इसके बाद बुधवार को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पीड़िता ने पांच लड़कों को नामजद किया है। उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की जा रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मानसून की विदाई से पहले बारिश मौसम को सुहावना बना रही है। दिल्ली एनसीआर में शनिवार को एक बार फिर झमाझम बारिश हुई है। हवा के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले शुक्रवार को सुबह हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी थी।

## कुत्तों का कहर : दिल्ली में महिला को किया घायल, गाजियाबाद में नौ साल की बच्ची को छह जगह काटा

**नई दिल्ली।** देश के अन्य हिस्सों के साथ दिल्ली-एनसीआर में भी कुत्तों का खौफ लगातार बढ़ रहा है। लगभग हर रोज दिल्ली-एनसीआर से कुत्तों के हमले की एक-दो नहीं कई घटनाएं सामने आ रही हैं। एक तरफ यह समस्या लगातार बढ़ रही है तो दूसरी तरफ इसका कोई कारगर हल सामने नहीं आ पा रहा। दिल्ली के वसंत कुंज, डी-6 गंगा अपार्टमेंट में रहने वाली महिला को कुत्तों के झुंड ने घायल कर दिया। इससे जुड़ा एक वीडियो वायरल हो गया। महिला के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घुटनों की हड्डियां टूट गई हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़िता अनुराधा डोगरा गंगा अपार्टमेंट में रहती हैं। उनके पति एम्स में चिकित्सक हैं। 11




सितंबर की सुबह महिला सैर के लिए अपार्टमेंट से निकल रही थी। उसी दौरान चार-पांच कुत्ते उन पर टूट पड़े। उनके पति एम्स ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां इलाज किया जा रहा है।

**नौ साल की बच्ची को कुत्ते ने छह जगह काटा**

गाजियाबाद में दुकान पर चीनी लेने जा रही नौ साल की बच्ची ने कुत्ते ने हमला कर दिया। करीब तीन मिनट तक हमलावर रहे कुत्ते ने बच्ची को छह जगह काटा है। हमले में गिरी बच्ची का शोर सुनकर आसपास से गुजर रहे बाइक सवारों ने बचाया। घटना गोविंदपुरम बिजलीघर के पास की है। घटना के बाद घर पहुंची बच्ची काफी डरी हुई है। परिजनों ने संजयनगर स्थित सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन लगवाया। उधर, नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इन्कार किया है। गोविंदपुरम में राजू गिरि डेयरी संचालक हैं। राजू की नौ वर्षीय पुत्री रुनझुन बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे घर से दुकान पर चीनी खरीदने जा रही थी। बिजलीघर के पास किराने की दुकान के सामने अचानक एक कुत्ता पीछे से आया और हमला कर दिया। रुनझुन के कमर के नीचे पीछे की ओर से कुत्ते ने छह जगह पर काट लिया। रुनझुन ने बताया कि कुत्ते ने उसे गिरा दिया।

## नाबालिग लड़की से स्कूल में यौन उत्पीड़न पर डीसीडब्ल्यू ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) को बिहार के सहरसा में एक स्कूल के अंदर नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न से जुड़ी घटना की शिकायत मिली है। मामले का संज्ञान लेते हुए डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वाति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि बिहार के सहरसा में बच्ची के साथ स्कूल के डायरेक्टर का बेटा दो साल तक बलात्कार करता रहा। स्कूल की प्रिंसिपल ने भी आरोपित की मदद की। बच्ची के परिवार ने हमें शिकायत भेजी है। अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। डीसीडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोपित ने स्कूल में दुष्कर्म किया। आरोपित ने लड़की का वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल किया। इतना ही नहीं स्कूल की महिला प्रिंसिपल अपराध को अंजाम देने में नियमित रूप से आरोपित की सहायता करती रही। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

हालांकि, पीड़िता ने डीसीडब्ल्यू को बताया है कि आज तक बिहार सरकार की ओर से किसी ने भी उससे मुलाकात नहीं की। आगे की कानूनी सहायता और मुआवजा उन तक पहुंचना बाकी है। साथ ही पीड़िता के परिवार ने मामले की जांच के तरीके पर भी चिंता जताई है।

डीसीडब्ल्यू का कहना है कि इस हृदय-विदारक घटना ने पीड़िता को गहरा सदमा पहुंचाया है, जिससे उसे अत्याधिक शारीरिक और भावनात्मक पीड़ा हुई है। दो वर्षों में उसने जो आघात झेला है, वह शब्दों से परे है और इसे ठीक होने में पूरी जिंदगी लग सकती है। डीसीडब्ल्यू द्वारा पत्र में आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## ऑन डिमांड लग्जरी कार चोरी करने वाले 8 गिरफ्तार, 2.5 करोड़ कीमत की 10 गाड़ियां बरामद

**नोएडा।** नोएडा पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के आठ शातिरों को गिरफ्तार किया है, जो ऑन डिमांड लग्जरी गाड़ियां चुराने का काम करते थे। उनके पास से 2.5 करोड़ कीमत की 10 लग्जरी गाड़ियां बरामद हुई है, जो अलग-अलग राज्यों से चुराई गई थी। पकड़ी गई गाड़ियों में कुछ ऐसी हैं, जिनका अभी तक नंबर अलॉट नहीं हुआ है। सेक्टर 20 और फेस-1 थाना पुलिस के सयुंक्त प्रयास से अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 8 शातिर गिरफ्तार हुए। इनके पास से 9 ईसीएम और 1 पिस्टल बरामद हुए। गिरफ्तार चोरों की शिनाख्त इमरान उर्फ टट्टी, मोनू उर्फ जमशेद, फरनाम, राशिद उर्फ काला, शाहिवजादा, साकिब उर्फ गद्दू, रोहित मित्तल और रंजीत सिंह के रूप में हुई है। इसका मास्टरमाइंड साकिब उर्फ गद्दू है। गिरोह दिल्ली-एनसीआर और



गाजियाबाद से फॉर्च्यूनर, स्कार्पियो, इनोवा, क्रेटा, बलेनो जैसी लग्जरी कार चोरी करता था। पहले गिरोह के सदस्य गाड़ियों की डिमांड के अनुसार रेकी करते थे। इसके बाद गाड़ी के शीशे को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। यदि कार पुश बटन स्टार्ट होती है तो मो. फरमान और राशिद उर्फ काला 'की प्रोग्रामिंग डिवाइस' को एक कार से कनेक्ट कर प्रोग्रामिंग के जरिए 'रिमोट की' तैयार करके कार स्टार्ट करते थे।कार चोरी में 3 से 4 मिनट लगते थे। इस दौरान गिरोह के अन्य लोग आसपास नजर भी रखते थे। कार स्टार्ट होते ही बताए गए जगह पर बुलाया जाता था। एक दिन में कम से कम दो से तीन गाड़ियां चुराई जाती थी। गिरोह फार्च्यूनर को 8-10 लाख, स्कॉर्पियो को 5-6 लाख, क्रेटा को 3-4 लाख, ब्रेजा और स्विफ्ट को 1-2 लाख रूपये में ऑन डिमांड फर्जी दस्तावेज तैयार कर रोहित मित्तल, रंजीत, बप्पा को बेचकर पंजाब, जयपुर, हैदराबाद जैसी जगहों पर भेज देते थे। इस पूरे मामले पर पुलिस का कहना है कि हमेशा सेकेंड हैंड गाड़ियां ऑथोराइज डीलर से खरीदें। गाड़ी खरीदने से पहले सर्वे कराएं और बीमा कवर की भी जानकारी लें। गाड़ी की चाबी में रिमोट नहीं है तो उस स्थिति में गाड़ी की खरीदारी ना करें। गाड़ी का जीपीएस काम नहीं कर रहा है तो जांच करें। किसी भी सेकेंड हैंड गाड़ी को खरीदते समय पुष्टि कर लें कि गाड़ी की दो चाबियां है या नहीं।

## संगम विहार में मंदिर में घुसकर तोड़ी भगवान की मूर्ति, घटना के वक्त शराब के नशे में था आरोपी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में स्थित मंदिर में रखी मूर्ति को कुछ शरारती तत्वों में तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को संगम विहार स्थित गुप्ता कॉलोनी, जे-2 ब्लॉक से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉलर ने बताया कि यहां पर किसी ने शनि मंदिर में मूर्ति तोड़ दी है।

मौके पर पहुंची टीम को शिकायतकर्ता श्रीपाल सिंह पुत्र स्व बादाम सिंह मिले और उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने शनि देव की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर आरोपित आईपीसी की धारा 153 ए/295/295 ए/427 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपित के




खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी की जांच के बाद एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित व्यक्ति घटना स्थल से 500 मीटर दूर शराब के नशे में धुत मिला था। आरोपित की पहचान 33 वर्षीय सर्वेश पुत्र राम कुमार निवासी उन्नाव यूपी के मूल निवासी के रूप में हुई है।की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा शामिल हैं।

## दिल्ली में बंदूक की नोक पर 1 करोड़ रुपये की लूट, एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में चार अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति से 1 करोड़ रुपये लूट लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मोती नगर निवासी सुरेश ने पुलिस को बताया कि बुधवार को कमलेश शाह ने उसे एक करोड़ रुपये से भरे दो बैग चांदनी चौक में पहुंचाने के लिए दिए थे।

पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने कहा, दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह राकेश के साथ ऑटो रिक्शा से चांदनी चौक जा रहा था। जब वे लगभग 3.50 बजे मेट्रो पिलर नंबर 147, वीर बंदा बैरागी मार्ग के पास पहुंचे, तो दो मोटरसाइकिलों पर चार लोग आए, उन्हें रोक लिया और पिस्तौल दिखाकर उनके दो बैग लूट लिए और प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन की ओर भाग गए। उन्होंने कहा, आईपीसी और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गुलाबी बाग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। 24 जून को, दिल्ली के प्रगति मैदान सुरंग के अंदर दो बाइक पर चार लोगों ने बंदूक की नोक पर एक डिलीवरी एजेंट और उसके सहयोगी से लगभग 2 लाख रुपये लूट लिए थे।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज किया निचली अदालत का फैसला, कहा- संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं करती दिव्यांगता

**नई दिल्ली।** किराये की दुकान से बेदखल करने के मामले में निचली अदालत के निर्णय को खारिज करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि महज दिव्यांगता किसी व्यक्ति को कोई भी पेशा, व्यवसाय या व्यापार अपनाने के उसके संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं करती है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने कहा कि किसी दिव्यांग व्यक्ति को किसी भी व्यापार या व्यवसाय को करने के अधिकार से वंचित करना संवैधानिक अधिकार का अपमान होगा।

अदालत ने कहा कि दृष्टि/दिव्यांगता उसके व्यवसाय को चलाने के उद्देश्य से संबंधित परिसर की वास्तविक आवश्यकता को कम नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि दृष्टिबाधित होने के कारण व्यवसाय चलाने में अक्षम होने का याचिकाकर्ताओं का दावा अत्यंत निंदनीय है और सिरे से खारिज करने लायक है।अदालत की यह टिप्पणी किरायेदारों की याचिका पर की, जिसमें अजमेरी गेट इलाके में एक किराये की दुकान से उन्हें बेदखल करने के निचली अदालत के निर्णय




को चुनौती दी गई थी। निचली अदालत ने इस आधार पर याचिकाकर्ताओं को बेदखल करने का आदेश दिया था कि मकान मालिक को अपने आश्रित बेटे के लिए व्यवसाय शुरू करने को परिसर की आवश्यकता थी। वहीं, उक्त निर्णय को याचिकाकर्ताओं ने इस तर्क पर चुनौती दी कि मकान मालिक का बेटा कम दृष्टि की बीमारी से पीड़ित है और इलाज के बावजूद इसे ठीक नहीं किया जा सका। ऐसे वह स्वतंत्र रूप से व्यवसाय चलाने की स्थिति में नहीं था।

## न्यूज सार

### रक्षामंत्री राजनाथ बोले- सनातन पर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण

लखनऊ (संवाददाता)। सनातन धर्म पर अलग–अलग दलों के नेताओं के विवादित बयान आने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को लेकर हो रहा विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। सनातन धर्म वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने वाला धर्म है। यह धर्म जाति, पंथ और मजहब से ऊपर उठकर संपूर्ण विश्व को अपना परिवार कहने वाला धर्म है। इसका न कोई आदि है न कोई अंत है। इस पर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। सनातन धर्म को मानने वाली महिलाएं चीटियां दिखने पर उन्हें आटा डालती है। इस पर विवाद नहीं होना चाहिए। रक्षामंत्री लखनऊ में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन जल्द होगा। उन्होंने लखनऊ के विकास पर कहा कि फरवरी से लखनऊ में मिसाइलों का निर्माण होने लगेगा। शहीद पथ पर एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जाएगा।

### योगी सरकार ने जारी किए एक हजार करोड़ रुपये, बड़ी परियोजनाओं पर होगा काम

लखनऊ (संवाददाता)। प्रयागराज में 2025 में होने वाले महाकुंभ के लिए सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया। इस बजट से मेला संबंधी बड़ी परियोजनाओं पर काम होगा। सरकार ने महाकुंभ की तैयारियों लिए 2500 करोड़ रुपये जारी करने का एलान किया था। इसी के तहत मेला प्राधिकरण को दूसरी किस्त के तौर पर एक हजार करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इससे पहले 30 मई को भी 1000 करोड़ रुपये दिए गए थे। अब दूसरी किस्त जारी होने के बाद प्रयागराज में तेजी से काम होगा। कुंभ के मद्देनजर यहां पांच आरओबी स्वीकृत हैं। कुछ का काम शुरू हो चुका है जबकि बाकी पर अब काम तेज होगा।

### २६ पीपीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर बने आईपीएस, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

लखनऊ (संवाददाता)। प्रांतीय पुलिस सेवा के 26 अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा काडर में प्रोन्नत कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इसका आदेश जारी कर दिया। बता दें कि इससे पहले 21 अगस्त को आयोजित विभागीय प्रोन्नत समिति की बैठक में वर्ष 1993 और 1994 बैच के 26 अधिकारियों को आईपीएस काडर में प्रोन्नत करने की सहमति बनी थी। राष्ट्रपति की अनुमति मिलने पर इन सभी को आईपीएस काडर में प्रोन्नति प्रदान की गई है। जिन पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस काडर में प्रोन्नत किया गया है, उनमें प्रदीप कुमार, विपुल कुमार श्रीवास्तव, हरि गोविंद, पंकज, विद्यासागर मिश्रा, घनश्याम, आनंद कुमार, राजेश कुमार, राम सुरेश, मोहम्मद तारिक, रवि शंकर निम, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, निधि सोनकर, बसंत लाल, सुशील कुमार, देवेंद्र भूषण, आशुतोष मिश्रा, डॉ. राजीव दीक्षित, कुंवर ज्ञानंजय सिंह, रामनयन सिंह, आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश कुमार, विनोद कुमार पांडेय, नीरज कुमार पांडेय और सुरेंद्र नाथ तिवारी शामिल हैं।

### कार्टून चौनल देखने पर बहन से झगड़े में लगी डांट, किशोर ने लगा ली फांसी

लखनऊ (संवाददाता)। मदेयगंज इलाके में बहन से कार्टून चौनल देखने को लेकर हुए झगड़े के चलते पड़ी डांट से नाराज 15 साल के अभिषेक कुमार ने फांसी लगा ली। शुक्रवार सुबह उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। हादसे के बाद से पूरा परिवार सदमे में है। मदेयगंज के बादशाहजी बाग इलाके में प्राइवेट कंपनी कर्मी सुरेश परिवार संग रहते हैं। उनका बेटा अभिषेक कुमार सरकारी स्कूल से कक्षा आठ का छात्र था। सुरेश के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात अभिषेक का अपनी बहन से टीवी देखने को लेकर झगड़ा हुआ। बेटी अपनी मनपसंद कार्यक्रम देखने की बात कह रही थी जबकि अभिषेक कार्टून देखने की जिद कर रहा था। इस दौरान परिजन ने अभिषेक को डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर वह अपने कमरे में चला गया। शुक्रवार सुबह मां शालिनी जब उसे जगाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। परिवार के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में अभिषेक का शव फंदे से लटकता मिला। यह देखते ही कोहराम मच गया। किशोर अभिषेक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर पर था।

### फ्रेट विलेज के रूप में विकसित होंगे लॉजिस्टिक पार्क

लखनऊ (संवाददाता)। मोहनलालगंज स्टेशन के पास प्रस्तावित मल्टी मोडल लॉजिस्टिक पार्क को फ्रेट विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, टर्मिनल, पार्किंग व मशीनों के साथ कर्मचारियों, श्रमिकों के रहने के लिए मकान भी बनेंगे। एलडीए में शुक्रवार को सिटी लॉजिस्टिक प्लान की बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने आर्किटेक्टों व कंसल्टेंट को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा, लखनऊ मेट्रोपॉलिटन रीजन का क्षेत्रफल 2,926 वर्गकिमी है, जबकि मास्टर प्लान एरिया 649 वर्गकिमी है। ऐसे में क्षेत्रफल व भविष्य में अनुमानित आबादी को ध्यान में रखकर लॉजिस्टिक प्लान को अंतिम रूप दिया जाए। कंसल्टेंट ने प्रेजेन्टेशन में बताया कि चारबाग, आलमबाग व बादशाहनगर को मिलाकर 10 प्रमुख रेलवे स्टेशन हैं। इनमें से सर्वाधिक फ्रेट मूवमेंट मोहनलालगंज, अमौसी व आलमनगर स्टेशन से होता है।

### ४६१.४२ एकड़ औद्योगिक भूखंडों का होगा आवंटन

जगदीशपुर(अमेठी) (संवाददाता)। औद्योगिक क्षेत्र अमेठी में उद्योग लगाने की चाह रखने वाले उद्यमियों को एक और मौका मिल रहा है। उद्यमियों को ऑनलाइन ई–नीलामी से जमीन देने की दूसरे राउंड की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिले में 461.42 एकड़ औद्योगिक भूखंड के आवंटन की सूची जारी की गई है। इसके लिए 20 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की वेबसाइट पर पहले चरण में 41 औद्योगिक भूखंडों की सूची जारी की गई थी। आवेदन के लिए अलग–अलग तिथि जारी की गई थी। इसमें कई उद्यमी रह गए थे।

# रेलवे कॉलोनी में मकान ढहा, मलबे में दबकर पांच लोगों की मौत, मरने वालों में तीन मासूम



लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली रेलवे कॉलोनी में देर रात एक मकान की छत ढह गई, जिससे पांच लोगों की दब जाने से मौत हो गई। बारिश के बाद मकान और कमजोर हो गया था। सुबह सफाईकर्मियों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची। टीम ने मलबा हटाकर पांच लोगों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुबह लोगों का तांता लग गया जिसे संभालने के लिए और पुलिस बुलानी पड़ी। मृतकों में सतीश चंद्र (40), सरोजनी देवी (35), हर्षित (13), हर्षिता (10) और अंश (5) शामिल हैं। डीसीपी पूर्व हृदेश कुमार ने बताया कि पुरानी रेलवे कॉलोनी में घर की छत ढह गई। परिवार के पांच लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की फतेह अली कॉलोनी में करीब 200 परिवार रहते हैं। कॉलोनी के ज्यादातर मकान जर्जर हैं और कंडम घोषित किए जा चुके हैं। बावजूद इसके रेलवे प्रशासन ने लोगों से मकान खाली नहीं करवाए और लोग रह रहे हैं। जिसके चलते हादसा हुआ। जिस मकान की छत गिरी उस वक्त मकान में पांच लोग थे, जिनकी मौत मलबे में दबने से हुई है। सतीश चंद्र के पिता रामचंद्र पहले रेलवे में थे जिनकी मृत्यु के बाद मां का भी निधन हो गया और सतीश चंद्र को अनुकंपा पर नौकरी मिलने की उम्मीद थी। सतीश अपने परिवार के साथ यहां रहते थे जबकि सतीश के भाई अमित भी रेलवे में है।

हादसे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गहरा दुःख जताते हुए त्वरित राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत ही स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि रेलवे का यह मकान काफी पुराना था। अन्य कोई व्यक्ति इसमें फंसा ना हो। इस कारण मलबे को तुरंत हटाया जा रहा है। डिप्टी सीएम ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार के शेष परिजनों को सरकार की ओर से हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।

## साइबर ठगों के जाल में फंस छह ने गंवाए 17.25 लाख

लखनऊ (संवाददाता)। साइबर जालसाजों ने छह लोगों के खातों में सेंध लगाते हुए 17.25 लाख की चपत लगा दी। पीड़ितों ने साइबर क्राइम सेल, हुसैनगंज, चिनहट और गोमतीनगर थाने में केस दर्ज कराया है।

हुसैनगंज निवासी सुभाष चंद्र के मुताबिक, बीते मंगलवार को बिग बाजार शॉपिंग के लिए डेबिट कार्ड की डिटेल भरी थी। कुछ देर बाद ही खाते से तीन बार में 75 हजार रुपये कट गए।

इसके अलावा चिनहट के न्यू नंदी विहार कालोनी निवासी फरहत अंजुम का बचत खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है। जालसाज ने उनके खाते से दो लोगों के खातों में 3.91 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। गोमतीनगर के विनीत खंड –2 निवासी अवनीश कुमार अवस्थी के मुताबिक, फेसबुक पर एक युवती ने विदेशी नागरिक बनकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। उसने खुद को लंदन का बताया। इसके अलावा विनयखंड –1 निवासी ददू प्रसाद को रिवॉर्ड पॉइंट कैश करने का झांसा कर जालसाज ने एप डाउनलोड करवाया और खाते से 98 हजार रुपये निकल लिए। विजयखण्ड –1 निवासी मो. गयास सिद्दीकी ने बताया कि बेटा एमिटी यूनिवर्सिटी से क्रेडिट ट्रांसफर के बेस पर बीटेक की पढ़ाई करने कनाडा जाना था। उन्होंने कनाडा में रहने के लिए कमरा किराये पर बुक कर 31 हजार रुपये का पेमेंट किया था। बेटा हमजा उक्त पते पर पहुंचा तो पता चला कि उक्त कमरे की जगह खाली प्लॉट पड़ा है। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली शीरी नाज के मुताबिक, 11 सितंबर को उनके पास एक जालसाज ने सैन्यकर्मी बनकर वीडियो कॉल की। उसने उनका मकान किराये पर लेने की बात कही। उसने अपने परिवार की फोटो और ट्रांसफर लेटर भी दिखाया।

## यूपी में भाजपा ने किया संगठन में बड़ा फेरबदल

लखनऊ (संवाददाता)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने प्रदेश में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है। पार्टी की ओर से शुक्रवार दोपहर जारी बहुप्रतीक्षित जिलाध्यक्षों की सूची में 98 संगठनात्मक जिलों में से 69 में नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जबकि 29 मौजूदा जिलाध्यक्षों को मौका दिया गया है। लखनऊ महानगर में आनंद द्विवेदी और लखनऊ जिला में विनय प्रताप सिंह को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर भाजपा में बीते दो महीने से मशक्कत चल रही थी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह बीते सोमवार से प्रतिदिन क्षेत्रवार जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर मंथन कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक के साथ क्षेत्रीय अध्यक्षों और आरएसएस के पदाधिकारियों से भी सूची पर रायशुमारी की गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी का कहना है कि सभी



प्रमुख लोगों से रायशुमारी के बाद सर्वसम्मति के आधार पर नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। 69 संगठनात्मक जिलों में नए जिलाध्यक्ष लोकसभा चुनाव की कमान संभालेंगे। वहीं 29 जिलों में अनुभवी जिलाध्यक्षों के हाथ चुनाव की बागडोर रहेगी। चार महिलाओं को जिलाध्यक्ष की कमान दी गई है। भाजपा के अवध क्षेत्र के 15 जिलों में से 10 जिलों में नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। बलरामपुर के प्रदीप कुमार, गोंडा के अमर किशोर कश्यप, अयोध्या जिला के संजीव सिंह, लखीमपुर में सुनील सिंह और उन्नाव के अवधेश कटियार ही सीट बचाने में सफल रहे हैं। गोरखपुर क्षेत्र के 12 में से 9 जिलों के जिलाध्यक्ष बदले गए हैं। गोरखपुर महानगर के राजेश गुप्ता, गोरखपुर जिला के युधिष्ठिर सिंह और संत कबीरनगर में मौजूदा जिलाध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव को बरकरार रखा है। कानपुर क्षेत्र के 17 में से 13 जिलों में नए जिलाध्यक्ष बदले गए हैं। इटावा के संजीव राजपूत, फर्रुखाबाद के रूपेश गुप्ता, बांदा में संजय सिंह और ललितपुर के राजकुमार जैन को फिर मौका दिया गया है। पश्चिम क्षेत्र में सहारनपुर के जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, गाजियाबाद महानगर के संजीव शर्मा और नोएडा महानगर के मनोज गुप्ता को फिर मौका दिया गया है।

## शार्ट सर्किट से फ्लैट में लगी आग, फायर यूनिट ने आग में फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकाला

(गोसाईगंज) लखनऊ (संवाददाता)। सुशांत गोल्फ सिटी के अशोक विहार कॉलोनी स्थित चार मंजिला मोहिनी रेजिडेंसी के भूतल पर शनिवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार, क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी मामचंद बड़गूजर फायर यूनिट व पांच दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे।

फायर यूनिट ने आग पर काबू पाने के साथ ही वहां फंसे आधा दर्जन लोगों को बीए सेट की मदद से सकुशल बाहर निकाला। एफएसओ पीजीआई मामचंद बड़गूजर के मुताबिक स्वास्थ विभाग में तैनात रणधीर सिंह पत्नी बिंदिया सिंह व बेटी रिया के साथ अशोक विहार स्थित मोहिनी रेजिडेंसी अपार्टमेंट में भूतल के फ्लैट संख्या जी–दो



रहते हैं।

शनिवार सुबह करीब 4.48 बजे अचानक शार्ट सर्किट से फ्लैट में आग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने फ्लैट को घेर लिया और चारो तरफ धुआं भर गया। रणधीर पत्नी और बेटी के साथ भाग कर बाहर आ गये और शोर मचाया। शोर सुनकर प्रथम तल के लोग भी निकल आए लेकिन तब तक आग की लपटों ने जीने को भी अपनी चपेट में लिया।

इसी बीच घटना की सूचना पाकर सीएफओ व एफएसओ पीजीआई की अगुवाई में फायर यूनिट दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे।द मकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। उधर,आग के बीच प्रथम तल पर फंसी महिला समेत 6 लोगों को बीए सेट के जरिए मामचंद ने मातहतों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला तब जाकर लोगों में राहत की सांस ली।

### शार्ट सर्किट से चलती बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री, 16 लोग थे सवार

(गोसाईगंज) लखनऊ (संवाददाता)। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ट्रू वैल्यू के सामने चलती बस में शार्ट सर्किट से आग लग गई। साइड मिरर में गाड़ी से धुआं निकलता देख चालक ने स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात की कमान संभाली तो घटनास्थल पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी अतुल श्रीवास्तव के मुताबिक बाराबंकी निवासी अमित कुमार सिटी बस चलाता है। शनिवार को परिचालक दिलीप के साथ अमित सवारियां लेकर स्कूटर इंडिया से शहीद पथ के रास्ते कमता जा रहा था।

## 800 करोड़ की टैक्स चोरी में फंसे आजम खां, फूट-फूटकर रोने लगे सपा नेता

लखनऊ (संवाददाता)। पूर्व मंत्री एवं सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां और उनके करीबियों के ठिकानों पर बीते तीन दिन से जारी आयकर विभाग के छापों के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि आजम खां ने जौहर ट्रस्ट के जरिए करीब 800 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है। रामपुर में जौहर ट्रस्ट द्वारा मौलाना अली जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में करोड़ों रुपये की अनियमितताएं करके यह टैक्स चोरी अंजाम दी गई है। आयकर विभाग ने जौहर ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों के ठिकानों से करीब दो करोड़ रुपये नकद बरामद किया है। इसके अलावा कुछ सोने के जेवरात भी मिले, जिनका मूल्यांकन कराकर वापस दे दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक आजम खां ने जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में 40 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा किया, जो जांच में गलत पाया गया। आयकर विभाग ने जब विश्वविद्यालय के भवनों का इंजीनियरों के जरिए मूल्यांकन कराया, तो इसकी लागत एक हजार करोड़ रुपये से अधिक मिली। हालांकि इसमें भूमि की खरीद को शामिल नहीं किया गया है। भूमि खरीद की पड़ताल के बाद टैक्स चोरी का आंकड़ा बढ़ सकता है। वहीं, आजम खां और ट्रस्ट के पदाधिकारी निर्माण कार्य में हुए खर्च का ब्योरा प्रस्तुत नहीं कर सके। जिन सप्लायरों और ठेकेदारों को बिना टीडीएस काटे भुगतान किया गया, उनके नाम तक नहीं बता सके। वहीं, शुक्रवार को कुछ ठिकानों को छोड़कर आयकर विभाग के छापों की कार्रवाई तकरीबन समाप्त हो गयी। सभी ठिकानों से मिले







दस्तावेजों को लखनऊ लाया जा रहा है, जहां विश्लेषण करने के बाद संबंधित लोगों को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। साथ ही छापों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट दिल्ली में सीबीडीटी मुख्यालय भेजी जाएगी।

जौहर विश्वविद्यालय की जांच में सामने आया कि पूरे परिसर में 40 इमारतें बनायी गयी, जिसमें से केवल दो नियम के मुताबिक मिलीं। शेष इमारतों में हुए खर्च को कोई हिसाब नहीं मिल सका है। यह भी पता चला कि जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण से पहले पीडब्ल्यूडी का गेस्ट हाउस, सड़क और 32 केवीए का सब स्टेशन बनाया गया था। बाद में आजम खां ने सरकारी जमीनों पर कब्जा करके विश्वविद्यालय की बाउंड्रीवाल बनवाई, जिसमें तीनों सरकारी इमारतों को परिसर में शामिल कर लिया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में तमाम सरकारी खर्च पर हुए निर्माण को लेकर आयकर विभाग की टीम रामपुर स्थित पीडब्ल्यूडी के दफ्तर पहुंची, जहां पर दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया गया। दरअसल, जांच में पता चला है कि विश्वविद्यालय की तमाम इमारतों में अलग–अलग सरकारी विभागों ने अपना बजट खर्च किया था। निजी विश्वविद्यालय होने के बावजूद नियमों को धता बताते हुए यह फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया। आयकर विभाग की सख्ती के बाद आजम खां फूट–फूट कर रोने लगे। उन्होंने अपने घर पर मौजूद टीम से कहा कि मैं तो फकीर हूं, शिक्षा देने का काम कर रहा हूं। आप लोग इस तरह परेशान करेंगे तो कोई भी गरीबों को शिक्षित करने आगे नहीं आएगा। आप वापस चले जाएं, मेरी बद्दुआ बहुत तेज लगती है। आजम की हालत देख उनकी पत्नी तजीन फात्मा और बेटा अब्दुल्ला आजम भी रो पड़े।

# रण के लिए भाजपा के सेनापति तैनात, जिलाध्यक्षों में अगड़ों पर दांव

लखनऊ (संवाददाता)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के रण के लिए जिलाध्यक्षों के रूप में अपने सेनापतियों की टीम तैनात कर दी है। चुनाव से ठीक छह महीने पहले घोषित जिलाध्यक्षों की सूची में पार्टी ने अगड़ों को तवज्जो दी है। लेकिन, पिछड़ों को भी पूरी तरजीह देकर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने और 60 फीसदी वोट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। पार्टी ने अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए करीब दो महीने की मशक्कत के बाद जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इन्हीं 70 फीसदी नए चेहरों की टीम के साथ पार्टी ने चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया। इसी टीम के ऊपर लोकसभा चुनाव का पूरा दारोमदार होगा। लिहाजा पार्टी ने प्रत्येक क्षेत्र में वोट बैंक व जातियों के सामाजिक समीकरण को देखकर प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। पार्टी के 98 जिलाध्यक्षों की सूची में अगड़ी जातियों से 57 लोग शामिल हैं। इनमें ब्राह्मण समाज से 21, ठाकुर समाज के 20, वैश्य समाज के 8, कायस्थ समाज के 5 और भूमिहार समाज से 3 जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं पिछड़े वर्ग से कुल 36 लोगों को जिलों की कमान सौंपी गई है। इसमें पार्टी ने अपने परंपरागत जाट, गुर्जर, कुर्मी, सैनी, मौर्य, शाक्य, कुशवाहा, लोधी और पाल समाज को पूरा मौका दिया है। पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का कहना है कि वर्तमान में इंडिया गठबंधन के कई नेता सनातन विरोधी बयान देकर जातीय खाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने अपने परंपरागत अगड़े वोट बैंक पर भरोसा जताने के साथ पिछड़े वर्ग को पूरा सम्मान देने का काम किया है। भाजपा के 98 जिलाध्यक्षों में मात्र पांच दलित वर्ग से हैं। जबकि अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी 22 फीसदी से अधिक है। वहीं आधी आबादी को भी पांच प्रतिशत से कम प्रतिनिधित्व दिया है। केवल चार महिलाओं को जिले की कमान दी गई है। निर्वतमान जिलाध्यक्षों में तीन महिलाएं थीं। भाजपा ने मूल संगठन में एक भी मुस्लिम या सिख समाज के कार्यकर्ता को प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में भी एक भी मुस्लिम और सिख नहीं है। उल्लेखनीय है कि भाजपा पसमांदा मुस्लिम समाज के वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय टीम में एएमयू के पूर्व कुलपति डॉ. तारिक मंसूर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के जिलाध्यक्षों में राजभर और निषाद समाज से एक भी कार्यकर्ता को मौका नहीं दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सतीश कुमार द्वारा रहमान प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स 19बी, नई बस्ती (निकट पुलिस चौकी) आबूनगर फतेहपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर दरियामऊ खागा, जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपादक – सतीश कुमार

## न्यूज सार

### 1640 को मिलेगी पहली किस्त, घर का सपना होगा साकार

सीतापुर (ब्यूरो)। सीएम आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अब आवास निर्माण के लिए इंतजार नहीं करना है। इन्हें 19 सितंबर को एक साथ पहली किस्त भेजी जाएगी। 1640 को इसका लाभ मिलेगा। ब्लॉकों पर उन्हें आवास स्वीकृति का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। सीएम आवास योजना के तहत दैवीय आपदा के पीड़ितों, दिव्यांगों, कुष्ठ रोगियों को लाभान्वित किया जाता है। हर साल गांजर क्षेत्र के ब्लॉकों में बाढ़ से तमाम परिवार बेघर हो जाते हैं। ऐसे 107 परिवारों को आवास सुविधा का लाभ मिलेगा। साथ ही कुष्ठ रोगियों और दिव्यांगों को योजना की पहली किस्त भेजी जाएगी। इसकी तैयारी की जा रही है। सभी लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र देने के लिए 19 सितंबर को ब्लॉकों पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि और अफसर मौजूद रहेंगे। रेउसा, रामपुर मथुरा, सिधौली, बिसवां महमूदाबाद ब्लॉक के 200 लाभार्थी 19 सितंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां डिप्टी सीएम की ओर से प्रथम किस्त की धनराशि खातों में भेजी जाएगी। सीएम आवास के 1640 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त भेजी जाएगी। जिससे वह आवास निर्माण शुरू कर सकें।

### दीपोत्सव के लिए शुरू हुई वालंटियरों की व्यवस्था

अयोध्या (ब्यूरो)। राम नगरी के दिव्य दीपोत्सव के लिए वालंटियरों की व्यवस्था का काम शुरू हो गया है। इसके लिए अवध विश्वविद्यालय और प्रशासन के अफसर लग गए हैं। दीपोत्सव नवंबर के पहले पखवारे में आयोजित होगा। व्यवस्था के लिए टेंडर निकाल दिया गया। अब वालंटियरों की व्यवस्था शुरू की गई है। हालांकि, अभी प्रशासन की ओर से रिकॉर्ड के लिए दीपों की संख्या की घोषणा नहीं की गई लेकिन सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने इस बार 21 लाख दीपों का रिकॉर्ड की घोषणा पहले ही कर दी थी। यह आंकड़ा रिकॉर्ड बनाने के लिए पिछले साल से ज्यादा है। सरयू तट पर दीपों की लड़ियां सजाने में वालंटियरों को लगाया जाता है। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को लगाया जाएगा। माना जा रहा है कि इसके लिए पिछले साल लगाए गए लगभग 18 हजार से ज्यादा छात्रों की जरूरत होगी।

### ऑनलाइन माध्यम से भी दीपोत्सव से जुड़ सकेंगे लोग

अयोध्या (ब्यूरो)। रामनगरी में इस बार दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां हैं। राममंदिर के उद्घाटन का महोत्सव एक तरह से दीपोत्सव से ही शुरू हो जाएगा। इस बार दीपोत्सव में 21 लाख दिये जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। दीपोत्सव से अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें इसलिए इसका ऑनलाइन प्रसारण कर लोगों को जोड़ने की योजना है। इसके लिए पर्यटन विभाग एक एप भी बना रहा है।

दीपोत्सव में राम की पैड़ी पर अकेले 21 लाख दीप जलाने की तैयारी है। इसके अलावा पूरे शहर में भी दीप जलाने को लोगों को प्रेरित किया जाएगा। रामजन्मभूमि समेत विभिन्न मठ–मंदिरों में भी हजारों दीप जलेंगे। दीपोत्सव पर नया कीर्तिमान बनाने को लेकर वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर भी लोगों को जोड़ा जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि इस बार नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

### कराटे में १८ मंडलों से प्रतिभाग करेंगे १००० खिलाड़ी

अयोध्या (ब्यूरो)। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रदेशीय विद्यालय कराटे प्रतियोगिता डॉ॰ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान और राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में 25 से 28 सितंबर के मध्य आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रदेश के 18 मंडलों के 1000 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभ्ाग करेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी को परखने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षक ने आयोजन समिति के साथ समीक्षा बैठक की संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय खेलों में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन अयोध्या मंडल को मिला है। प्रतियोगिता में 18 मंडल के 1000 से अधिक बालक और बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। बताया कि खिलाड़ियों के आवास व्यवस्था के लिए 10 विद्यालयों को आवास स्थल बनाया गया है। बालकों के लिए आदर्श इंटर कॉलेज, एसएसबी इंटर कॉलेज, राजकरण इंटर कॉलेज, एमएल एमएल इंटर कॉलेज और फार्बस इंटर कॉलेज में आवास व्यवस्था होगी।

### मंदिर की चौखट पर पहुंचते ही होंगे गज के दर्शन

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को राममंदिर निर्माण की ताजा तस्वीरें जारी की हैं। इनमें मंदिर के भूतल का दृश्य दिख रहा है। जबकि राममंदिर में लगे दरवाजे की भव्यता भी दर्शायी गयी है। राममंदिर के दरवाजों का निर्माण वैष्णव परंपरा के तहत किए गए हैं। मंदिर की चौखट पर पहुंचते ही भक्तों को सबसे पहले गज दर्शन होंगें। मंदिर के प्रवेश द्वार पर गज की मूर्ति तो बनाई ही जाएगी, मंदिर के दरवाजों पर भी गज के चित्र शोभा बढ़ाते नजर आएंगें। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को दो फोटो ट्वीट कर जारी की। उन्होंने लिखा राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर की एक झलक है। जिसे फाइनल टच दिया जा रहा है। एक तस्वीर में मंदिर के दरवाजे को दिखाया गया है। जो लगभग 10 फीट चौड़ा और 15 फीट ऊंचा है।

### मेडिकल कॉलेज में ४० करोड़ से बढ़ेंगे संसाधन

अयोध्या (ब्यूरो)। राम मंदिर निर्माण से पहले राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज का भी बेड़ापार कराने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जल्द ही 40 करोड़ रुपये से यहां तमाम सुविध ााएं बढ़ाई जाएंगी। इसके लिए सीएमएस ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव सांसद लल्लू सिंह को सौंपा है। सांसद शनिवार को यह प्रस्ताव लेकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकीय सुविधाओं के उच्चीकरण के लिए लगभग 40 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें एमआरआई मशीन, एक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक से संबंधित मशीनें, गुणवत्तापरक नैट मशीनों के अलावा लघु निर्माण से संबंधित प्रपोजल मंगलवार को सांसद लल्लू सिंह की ओर से मांगा गया था।

# खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार ऑल्टो कार, मां व दो बेटों समेत तीन की दर्दनाक मौत



रायबरेली (ब्यूरो)। रायबरेली जिले के खीरों थाना क्षेत्र में उन्नाव– लालगंज मुख्य मार्ग पर केसौली गांव के पास शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे खड़े ट्रक में पीछे से कार घुस गई। इससे कार सवार मां व बेटों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय हुई तेज आवाज से आसपास दहशत मच गई।

चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 व सेमरी पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे हुए सभी घायलों को बाहर निकाल कर एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने दो सगे भाइयों विनय प्रताप सिंह (22), अभय प्रताप सिंह (26) पुत्र गण शिवमंगल सिंह, मां कल्पना सिंह (48) पत्नी शिवमंगल सिंह को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल गौरव सिंह (5) पुत्र अभय प्रताप सिंह व गरिमा सिंह (7) पुत्री अभय प्रताप सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक सलोन थाना क्षेत्र के फतेहाबाद गांव के रहने वाले थे और अपनी आल्टो कार यूपी 32 डीएच 4912 से उन्नाव से वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही वह केसौली गांव के पास पहुंचे तभी वहां खड़े ट्रक यूपी 33 ए 9332 में उनकी कार पीछे से घुस गई। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि मृतक विनय प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह तथा कल्पना सिंह के शवों को लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गंभीर रूप से घायल बहन गरिमा सिंह व भाई गौरव सिंह को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। परिवार की ओर से तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## कमिश्नर ने किया आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

अयोध्या (ब्यूरो)। कमिश्नर गौरव दयाल ने रुदौली के अमराई गांव स्थित मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। बच्चों से बात कर कमियों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को टीम बना कमियों को चिह्नित करके दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। विद्यालय में 11 सितंबर से शैक्षिक सत्र की शुरूआत हुई है। यहां पहुंचे कमिश्नर ने साफ सफाई बेहतर कराने के लिए कहा। पढ़ रहे बच्चों से बात की, मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में दीवारों के सरफेस की फिनिशिंग बेतरतीब, गैलरी की लाइट एक सीध रेखा में न होने, जगह–जगह सीलन पर नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था को टीमें लगाकर ठीक कराने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग के अफसरों को 24 घंटे आपूर्ति के लिए उन्होंने डेडीकेटेड फीडर को तत्काल ऊर्जित कर 24 घंटे आपूर्ति करने के लिए कहा। बच्चों को इनडोर व आउटडोर गेम खेलने के लिए व्यापक शेड्यूल बनाने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। बालक और बालिका छात्रावास व मेस में बच्चों का भोजन चखकर जांचा, मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण में संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद चंद्र जैन, उपश्रमायुक्त प्रतिभा तिवारी, एसडीएम रुदौली सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता मौजूदरहे। कमिश्नर ने निर्माणाध ाीन खाद्य व औषधि प्रयोगशाला भवन का निरीक्षण किया। लगने वाली टाइल्स को पैटर्न वाइस लगाने और सजावटी ग्रूव काटने का निर्देश दिया।

## बदमाशों ने गल्ला व्यापारी से लूटे ९.५० लाख रुपये

सीतापुर (ब्यूरो)। शहर कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने दिनदहाड़े एक गल्ला व्यापारी से साढ़े नौ लाख रुपये लूट लिए। लूट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। व्यापारी बैंक से कैश निकालकर अपनी दुकान पहुंचा था। उधर, लूट से नाराज व्यापारियों ने मंडी समिति कार्यालय पर धरना दिया। अफसरों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को किसी तरह शांत कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। हेमपुरवा निवासी विनोद गुप्ता की गल्ला मंडी में किसान ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त है। वह गल्ला खरीदते व बेचते हैं। कंपनी में उनके तीन हिस्सेदार भी हैं। विनोद के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 11रू35 बजे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा से करीब साढ़े नौ लाख रुपये निकाले थे। पैसा बाइक की डिग्गी में रखकर वह अपने चाचा सुरेश कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू के साथ आढ़त के लिए निकल गया। कुछ देर बाद विनोद जब अपनी दुकान पर पहुंचा और बाइक की डिग्गी से पैसा निकालने लगा, तभी एक युवक उनके पास आया। विनोद जब तक कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बदमाश ने नकदी से भरा बैग छीन लिया। छीनाझपटी में विनोद गिर गया। उसके हाथ व चेहरे पर चोटें आईं हैं। व्यापारी के गिरते ही बदमाश पैसों से भरा बैग लेकर भाग निकला। वहीं दिनदहाड़े व्यापारी से लाखों की लूट की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। थोड़ी ही देर में एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सीओ सदर आदि मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पूरा घटनाक्रम शहर में लगे कई सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि बदमाश का साथी पल्सर बाइक लेकर घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर हेलमेट लगाए खड़ा था। उधर, घटना के बाद आढ़त के व्यापारियों ने काम बंद करते हुए परिसर में ही बनी मंडी समिति में धरना दिया। एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार ने व्यापारियों को कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह शांत कराया। एएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि विनोद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस ने जब बैंक व शहर में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो फुटेज में बाइक दिख गई। जिस बाइक से वारदात अंजाम दी गई, उसकी नंबर प्लेट पर पुलिस का लोगो और नीली पट्टी बनी थी। बाइक पर एक नंबर भी लिखा था, इसकी पड़ताल की जा रही है। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट लगा रखा था। वहीं लूट को अंजाम देने वाले बदमाश ने हेलमेट नहीं लगाया था।

## पश्वलिथीन में बंधा मिला शव, ठिकाने लगाने की फिराक में बाइक पर लादकर ले जा रहे थे लाश

अयोध्या (ब्यूरो)। अयोध्या जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के आजाद नगर घटौली चौराहे पर शनिवार सुबह लगभग 4रू00 बजे बाइक से पॉलिथीन में बांध ाकर शव ले जाते समय दो बाइक सवार ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर गिर गए। जब ग्रामीण दौड़े तो बाइक सवार बाइक व नीली पॉलिथीन में बंधा शव छोड़ कर फरार हो गये।

पॉलिथीन के अंदर खून के धब्बे व पैर दिखने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पीआरबी को दी। शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय गांव के लोग भारी संख्या में जमा हो गए। पुलिस अध ाीक्षक ग्रामीण की मौजूदगी में फॉरेंसिक टीम ने गहन छानबीन की। इसके बाद पालीथीन में बंधे शव को थाने ले जाकर खोला गया। मृतक के पास मिले पर्स से उसकी पहचान



शाकिब (35) पुत्र अजीज निवासी परसौली कोतवाली रुदौली के रूप में हुई। मौके से प्राप्त बाराबंकी में पंजीकृत काले रंग की सुपर स्प्लेंडर भी मृतक के नाम से ही पंजीकृत है। मृतक के चेहरे पर दाहिनी तरफ किसी गंभीर ठोस वस्तु से मारने के निशान है। मौके पर एक मौलवी वाली टोपी, ऐनक, इत्र की सीसी, कुर्ता व दो जोड़ी चप्पल भी बरामद हुआ है। समझा जाता है कि हत्यारे युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की फिराक थे। जिस स्थान पर शव प्राप्त हुआ है वहां से महज 500 मीटर की दूरी पर शारदा सहायक जुड़वा नहरें बह रही हैं। घटना के बाद तीन थानों की पुलिस फोर्स व पुलिस अध ाीक्षक ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एसपी ग्रामीण की मौजूदगी में फॉरेंसिक टीम ने ड़ताल की। एसपी ग्रामीण ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार प्रथम दृष्ट्या ऐसा लग रहा है कि हत्या के बाद शव को छुपाने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि अभी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### ई रिक्शा पलटने से आठ विद्यार्थी घायल

बिसवां (सीतापुर) (ब्यूरो)। जहांगीराबाद चुंगी मंशाराम बाबा गेट के पास शुक्रवार को ई रिक्शा पलटने से उस पर सवार आठ विद्यार्थी घायल हो गए। ये सभी बच्चे कौवाखेड़ा गांव से बीएनएसडी विद्यालय पढ़ने जा रहे थे। हादसे में ई रिक्शा पर सवार मोनिका, अनन्या, अनामिका, अश्वनी, आदित्य, वर्षित, अवनीश और कांति देवी घायल हो गईं। इनमें से वर्षित का एक हाथ और एक पैर टूट गया। वहीं कांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। इन दोनों बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। अन्य सभी बच्चों का इलाज सीएचसी बिसवां में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ई रिक्शा के सामने अचानक एक बाइक आ गई। ई–रिक्शा के पीछे बस आ रही थी।

# शव के साथ 500 किमी. मधुबनी तक किया सफर

अयोध्या (ब्यूरो)। आरटीओ की चेकिंग के दौरान खड़ी कराई गई बस में बुजुर्ग की मौत के बाद अजीब स्थिति पैदा हो गई। शव कैसे ले जाया जाए इसे लेकर असमंजस रहा। दरअसल बस में मृतक रामचंद्र की पत्नी व उनका छोटा बेटा नितीश मौजूद थे। बस छोड़े जाने के बाद जब रामचंद्र के शव को उतारने की बात हुई तो परिजनों ने कंडक्टर से कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उन्हें बिहार के मधुबनी तक छोड़ दें। इससे कंडक्टर दिल पसीज गया और उसने शव को गोरखपुर ले जाकर उतारा। इस दौरान बस में बैठे यात्रियों ने 500 किमी. तक शव के साथ सफर किया।

रामचंद्र की मौत के बाद बस में चीख–पुकार मच गई। अन्य वाहनों में बैठे लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने तत्काल सभी बसों के कागजात व चाबियां चालकों को सौंप दीं। आक्रोशित लोगों की भीड़ देखकर एआरटीओ प्रवर्तन अपनी टीम के साथ गाड़ी में बैठकर चले गए।

रामचंद्र का बड़ा बेटा गुरशरण शाह दिल्ली में नौकरी करता है। छोटे बेटे नितीश ने बताया कि पिता को लिवर की समस्या थी। बड़े भाई ने ही दिल्ली में इलाज के लिए बुलाया था। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने पिता को जवाब दे दिया था। इसके बाद हम लोग घर बिहार में सुपौल जा रहे थे। रौनाही थाने के सामने चेकिंग के दौरान खड़ी कराई गई बिहार की एक और बस में



एक युवक के गर्मी के कारण मूर्छित होने की सूचना मिली। सोशल मीडिया पर भी इस युवक के मूर्छित होने और उसके बाद उसकी मृत्यु होने का समाचार वायरल होता रहा। लेकिन देर शाम तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार रौनाही थाने के सामने खड़ी कराई गईं बसों में सवारी से ज्यादा सामान भरा हुआ था। बस अंदर घुसने पर अजीब सी उमस थी। इसी कारण यात्रियों में काफी गुस्सा था।

चेकिंग के दौरान घटना की यह पहली खबर नहीं है। इससे पहले 20 दिसंबर 2022 को तहसीनपुर टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान एक बस बेकाबू होकर पलट गई थी। घटना में 14 यात्री घायल हुए थे।

समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद ने परिवहन विभाग के अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

कागजात पूरे न होने के कारण बसों को रोका गया था। लेकिन हंगामा बढ़ने के बाद सभी बसों को छोड़ दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टीम गई थी। बसों पर सवार दो यात्रियों की हालत बिगड़ने की सूचना मिली थी। बस में उनके परिजन थे। बस ड्राइवर के साथ उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है। मृत्यु की कोई सूचना नहीं है।

# अभिषेक हटाए गए, कमलेश बने महानगर अध्यक्ष



अयोध्या (ब्यूरो)। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने शुक्रवार को विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष की सूची जारी कर दी। अयोध्या में संगठन ने महानगर अध्यक्ष पद पर बदलाव किया है। अभिषेक मिश्रा को हटाकर कमलेश श्रीवास्तव को महानगर अध्यक्ष बनाया है। जबकि सांसद लल्लू सिंह के करीबी संजीव सिंह को जिलाध्यक्ष पद पर दूसरी बार चुना गया है। भाजपा महानगर का गठन होने के बाद कमलेश श्रीवास्तव 2018 में पहले महानगर अध्यक्ष चुने गए थे। तब से वे लगातार संगठन की ओर से दी गयी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालते रहे हैं। राजनीति की अच्छी समझ, सहज, सरल स्वभाव व बीते सालों में हुए विधानसभा, पंचायत व नगर निगम के चुनाव में संगठन की ओर से दी गईं जिम्मेदारियों के बेहतर निर्वहन पर उन्हें यह पुरस्कार मिला है। वे वर्तमान में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री के पद पर हैं। बीते विधानसभा चुनाव में उन्हें अंबेकडकर नगर का जिला प्रभारी बनाया गया था। पंचायत चुनाव में इन्हें गोंडा का प्रभारी भी बनाया गया था। नगर निगम चुनाव में जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गयी थी। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर जनसभाएं व रैलियों का प्रभारी भी इन्हें बनाया गया था। वहीं, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख बीकापुर व भाजपा संगठन के कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। प्रदेश नेतृत्व द्वारा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव को घोषित करने व जिला अध्यक्ष संजीव सिंह के कार्यकाल का विस्तार होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। घोषणा होने के बाद पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं सहित माला व रामनामी पहना कर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का स्वागत किया। सूची जारी होने के बाद महानगर अध यक्ष व जिलाध्यक्ष ने श्रीराम जन्मभूमि तथा हनुमान गढ़ी में दर्शन–पूजन किया। इस दौरान परमानंद मिश्र, शैलेंद्र कोरी, आलोक द्विवेदी, बालकृ ष्ण वैश्य, तिलकराम मौर्य, राघवेंद्र पांडेय मौजूद रहे। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के जिलाध्यक्ष सत्यदेव मिश्र ने भी नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष को बधाई दी है। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष ने बातचीत में कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी उसपर खरा उतरने की पूरी कोशिश रहेगी। अयोध्या की गरिमा के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा में संगठन की भूमिका व लोकसभा चुनाव में महानगर के कार्यकर्ताओं से सामंजस्य स्थापित कर केंद्र सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष पद से हटाए गए अभिषेक अपने मुखर अंदाज के चलते हमेशा विवादों में बने रहे। सूत्रों के अनुसार सांसद लल्लू सिंह की नाराजगी भी उनपर भारी पड़ी। हालांकि जिला पंचायत के चुनाव में अध यक्ष पद पर रोली सिंह की जीत में अभिषेक की भूमिका अहम रही थी। नगर निगम के चुनाव में महापौर पद के लिए वे दावेदारी भी कर रहे थे। टिकट न मिलने पर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की थी। उनके इस अंदाज को उनका विरोध माना जाता रहा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संगठन ने उनपर भरोसा जताया है। इस भरोसे पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। पार्टी की रीतियों–नीतियों से जन–जन को जोड़ा जाएगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

# यूक्रेन का उद्देश्य अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता दोबारा हासिल करना, एंटनी ब्लिंकन ये बोले



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन के लिए अपार समर्थन व्यक्त करते हुए शनिवार को जोर देकर कहा कि उनका उद्देश्य अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को फिर से हासिल करने में सफल होना है। ब्लिंकन ने जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। ब्लिंकन और बेयरबॉक दोनों हाल ही में यूक्रेन से लौटे हैं, उन्होंने कहा, हम अपनी यात्राओं पर नोट्स की तुलना करने में सक्षम थे, लेकिन यह भी स्पष्ट कर दिया कि हम दोनों उस मजबूत समर्थन को जारी रखने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं जो हम और दुनिया भर के दर्जनों अन्य देश यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं – सैन्य, आर्थिक, मानवीय। ब्लिंकन ने कहा, उद्देश्य यूक्रेन के लिए अपनी संप्रभुता, अपनी क्षेत्रीय अखंडता को फिर से हासिल करने के अपने प्रयासों में सफल होना है – लेकिन न केवल रूसी आक्रामकता से बचने के लिए, जो उसके पास है और होगा, बल्कि भविष्य में पनपने और अपने पैरों पर मजबूती से खड़े होने में सक्षम होना है। कल, पूर्व अमेरिकी वाणिज्य सचिव पेनी प्रित्जकर को यूक्रेन की आर्थिक बहाली के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया था। ब्लिंकन ने कहा, श्आर्थिक पक्ष की बात करें तो कल ही हमने यूक्रेन की आर्थिक बहाली के लिए हमारे विशेष प्रतिनिधि की भूमिका निभाने, जर्मनी के साथ, यूरोपीय संघ के साथ, जी–7 भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए कई वर्षों के हमारे पूर्व वाणिज्य मंत्री पेनी प्रित्जकर को नामित किया। और कई अन्य जो इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यूक्रेन के लिए आर्थिक रूप से सफल होने का सबसे स्थायी तरीका निजी क्षेत्र के निवेश के माध्यम से है। भले ही सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान यूक्रेन का समर्थन करते हैं और यह जारी रहेगा अंततः यूक्रेन के लिए आर्थिक रूप से सफल होने का सबसे टिकाऊ तरीका निजी क्षेत्र के निवेश के माध्यम से है। ब्लिंकन ने कहा, इसलिए हम इन पर कई प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि प्रित्जकर की विशेषज्ञता और उल्लेखनीय ज्ञान ऐसा करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, ष्पेनी प्रित्जकर ऐसा करने में मदद करने के लिए दुनिया भर में उल्लेखनीय विशेषज्ञता, उल्लेखनीय ज्ञान, संपर्कों के उल्लेखनीय नेटवर्क लाती हैं।ष ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव को चर्चा में लाते हुए, ब्लिंकन ने कहा कि जर्मनी और अमेरिका दोनों दृढ़ता से पहल पर लौटने का आग्रह करते हैं। ब्लिंकन ने कहा, ष्बेशक, हम दोनों काला सागर अनाज पहल की वापसी का दृढ़ता से आग्रह करना जारी रखते हैं, जिसने जब यह लागू था, तो यूक्रेन को 30 मिलियन टन से अधिक अनाज निर्यात करने में सक्षम बनाया, जो 18 बिलियन रोटी के लिए पर्याप्त था। उन्होंने कहा कि समझौते की कभी जरूरत नहीं होनी चाहिए थी। ष्यह केवल आवश्यक था क्योंकि रूस ने यूक्रेन को दुनिया में अपना भोजन निर्यात करने से रोक दिया था। लेकिन जब समझौता लागू था, तो इसने कम से कम उस भोजन को बाहर निकलने में सक्षम बनाया। चूंकि रूस ने इसे फाड़ दिया है, इसलिए भोजन बाहर नहीं निकल रहा है, उन्होंने कहा। ब्लिंकन ने आगे कहा कि विकासशील देशों में लोग सबसे अधिक पीड़ित हैं।

## उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग ने की रूसी रक्षा मंत्री से मुलाकात



मॉस्को (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने शनिवार को नेविची हवाई क्षेत्र में रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात की। उन को प्रेब्राझेंस्की रेजिमेंट के गार्ड ऑफ ऑनर से नवाजा गया। बताया जा रहा है कि उत्तर कोरियाई नेता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर यहां पहुंचे हैं।

रूसी रक्षा मंत्री ने प्रिमोरे क्षेत्र में स्थित नेविची हवाई क्षेत्र में उत्तर कोरियाई नेता को मिग –31 आई मिसाइल वाहक पर किंजल मिसाइल प्रणाली दिखाई। वहीं, रूसी एयरोस्पेस बलों के लंबी दूरी के विमानन के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सर्गेई कोबिलैश ने हाइपरसोनिक विमान मिसाइल प्रणाली की उड़ान और तकनीकी क्षमताओं पर रिपोर्ट की। इस दौरान, किम जोंग उन को रूस के आधुनिक विमानों से भी परिचित कराया गया।

विशेष रूप से, लड़ाकू विमानों के चालक दल के कमांडरों ने एसयू –34 सुपरसोनिक बम लड़ाकू, एसयू –30 एसएम, एसयू –35 एस लड़ाकू विमानों और एसयू –25 एसएम 3 हमलावर विमान की क्षमताओं के बारे में बताया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे ज्यादा ध्यान उड़ान की विशेषताओं और हथियार क्षमताओं पर दिया गया।

किम जोंग उन ने शुक्रवार को रूस के सुदूर पूर्व में यूरी गगारिन कोम्सोमोल्स्क–ऑन–अमूर एविएशन प्लांट के इंजीनियरिंग केंद्र और उत्पादन दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव भी थे। कोम्सोमोल्स्क–ऑन–अमूर विमान संयंत्र (केएनएएजेड) ऐसे विमानों का निर्माण कर रहा है, जो युद्ध में काम आ सके। इनमें एसयू–35 और एसयू–57 लड़ाकू विमान शामिल हैं।

## नाइजर के सैनिकों ने फ्रांस के राजदूत सिल्वेन इट्टे को बनाया बंधक



पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को बताया कि नाइजर में फ्रांसीसी राजदूत सहित अन्य फ्रांसीसी राजनयिकों को बंदी बना लिया गया है। फ्रांस के राजदूत और राजनयिकों को नाइजर सैनिकों ने फ्रांसीसी दूतावास में बंधक बना लिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्रांसीसी दूतावास में फ्रांसीसी राजदूत सिल्वेन इट्टे सहित अन्य फ्रांसीसी राजनयिकों को बंधक बना लिया गया है। राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि नाइजर में हमारे राजदूत और राजनयिक सदस्य हैं। उन्हें फ्रांसीसी दूतावास में बंधक बना लिया गया है। राजदूत तक भोजन पहुंचाने से भी रोका जा रहा है। हमारे राजदूत सैन्य शासन से मिलने वाले राशन खा रहे हैं। फ्रांसीसी राजदूत सहित अन्य राजनयिकों को वापस लाने के सवाल पर मैक्रों ने कहा कि हम जल्द ही राजदूत को स्वेदश लाएंगे। इस पर काम जारी है। वे नाइजर में वैध प्राधिकारी है। मैं हर दिन उनसे बात करता हूं। दरअसल, हाल ही में नाइजर में हुए तख्तापलट के बाद से नाइजर सरकार और फ्रांस के बीच खीचतान जारी है। क्योंकि, फ्रांस अपदस्थ और पूर्व राष्ट्रपति बजौम का समर्थन कर रहा है। बता दें, नाइजर सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति बजौम को बंधक बना लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजर सैनिकों ने तख्तापलट के बाद इट्टे को जल्द देश छोड़ने का आदेश सुनाया था। हालांकि, बाद में नाइजर ने इट्टे का वीजा रद्द कर दिया था। नाइजर में हाल ही में सेना ने तख्तापलट कर दिया था। नाइजर सेना ने दावा करते हुए कहा था कि उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की सरकार को उखाड़ फेंका है। उन्होंने राष्ट्रपति बजौम को कैद कर लिया है। यूएन–अमेरिका के हस्तक्षेप पर सैनिकों ने आपत्ति जताते हुए उन्हें धमकी भी दी थी। विदेशी मीडिया के अनुसार, नाइजर के राष्ट्रीय चौनल पर सैनिकों ने तख्तापलट का एलान किया था। कर्नल अमादौ अब्द्रमाने अपने साथी सैनिकों और अधिकारियों के साथ टीवी पर आए थे।

## कनाडा में सिख किशोर पर हुए हमले की भारतीय वाणिज्य दूतावास ने की निंदा, जल्द कार्रवाई करने की मांग




टोरंटो (एजेंसी)। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कनाडा के अधिकारियों से घटना की जांच करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है, इस साल ब्रिटिश कोलंबिया में सिख युवक पर हमले की यह दूसरी घटना है। इससे पहले मार्च में एक छात्र पर हमला किया गया था। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक 17 वर्षीय सिख किशोर पर घृणा अपराध के तहत हमला किया गया था। पीड़ित सिख किशोर हाई स्कूल का छात्र है। सार्वजनिक बस में झगड़े के बाद किशोर को बस स्टॉप पर निशाना बनाया गया। इस दौरान पीड़ित छात्र को जमकर पीटा गया और उस पर काली मिर्च का स्प्रे किया गया। इस घटना को लेकर भारतीयों में गुस्सा है। वहीं, वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घटना की कड़ी निंदा की। साथ ही अपराधियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हम केलोना में एक भारतीय किशोर पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इसके साथ ही दूतावास ने कनाडा के अधिकारियों से घटना की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

घटना सोमवार को केलोना में रटलैंड रोड की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, छात्र रटलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने बस का इंतजार कर रहा था, तभी दो व्यक्ति आ गए। जब छात्र बस में चढ़ रहा था तो पहले उसे रोकने की कोशिश की गई। इसके बाद उसे धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही लाइटर लहरात हुए धमकी दी। इतना ही नहीं, बदमाशों ने मोबाइल फोन से उसकी रिकॉर्डिंग भी की। जब छात्र पीछे हटा तो हमलावरों का फोन उनके हाथ से गिर गया। इसके बाद गुस्साए व्यक्तियों ने बस चालक के सामने सिख छात्र को लात और मुक्कों से पीटना शुरू कर दिया। वहीं, चालक ने हमलावरों को नहीं रोका बल्कि सभी को बस से उतार दिया। बस से उतरने के बाद, पीड़ित छात्र को और मारा गया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने काली मिर्च भी छिड़की। आसपास खड़े लोगों ने भी व्यक्तियों को नहीं रोका। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बयान में कहा था कि पीड़ित सिख किशोर के बस से उतरने के बाद उस पर हमला किया गया। घटना पर कनाडा के विश्व सिख संगठन ने नाराजगी जताई थी और आरोप लगाया कि पीड़ित छात्र को बस में भी पीटा गया था। विश्व सिख संगठन की उपाध्यक्ष गुंतास कौर ने घटना को अस्वीकार्य और हैरान करने वाला बताया।

## ड्रग सरगना अल चापो का बेटा मैक्सिको में गिरफ्तार

वाशिंगटन (एजेंसी)। मेक्सिको ने ड्रग लॉर्ड एल चापो के बेटे ओविडियो गुजमैन–लोपेज को मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य आरोपों का सामना करने के लिए शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रत्यर्पित किया। इस बात की जानकारी अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक बयान में दी है। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, मैक्सिकन सरकार ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया है। मैक्सिकन सुरक्षाबलों ने जनवरी में कार्टेल के नाम सिनालोआ राज्य की राजधानी कुलियाकन में गुजमैन लोपेज उर्फ द माउस को पकड़ लिया। तीन साल पहले, सरकार ने उसे पकड़ने की कोशिश की थी, लेकिन उसके कार्टेल सहयोगियों ने कुलियाकन में हिंसा शुरू कर दी थी, जिसके बाद ऑपरेशन रद्द कर दिया गया था। जनवरी की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा में कुलियाकन में 30 लोग मारे गए, जिनमें 10 सैन्यकर्मी भी शामिल थे।

## पाकिस्तान में जनता पर महंगाई की मार

इस्लामाबाद ¼, t॥ l h½। पाकिस्तान की जनता को महंगाई से राहत नहीं मिल रही है। हालत ये है कि खान–पीने के सामान के दामों में बढोत्तरी के बाद अब पेट्रोल–डीजल के दामों ने भी पाकिस्तान की आम जनता की जेब को खाली करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की अंतरिम सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान किया है। दरअसल, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों में 26.02 रुपये और डीजल के दामों में 17.34 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसी के साथ ही पाकिस्तान में पेट्रोल के दाम 330 रुपये प्रति लीटर पहुंच गए हैं।

## भारत को चिप निर्माता महाशक्ति बनाने के अभियान में जुटे पीएम



वाशिंगटन (एजेंसी)। पूरी दुनिया सिलिकॉन सेमीकंडक्टर (चिप) के मामले में चीन पर निर्भरता खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया की इस इच्छा को भारत के लिए एक संकल्प में बदलते हुए देश को चिप निर्माता महाशक्ति बनाने को महत्वाकांक्षी अभियान बना दिया है।

पीएम मोदी ने 28 जुलाई को गुजरात में सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन–2023 के उद्घाटन के दौरान दुनियाभर के चिप निर्माताओं को भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण से जुड़ने का आमंत्रण देते हुए कहा कि भारत किसी को निराश नहीं करता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि दुनियाभर की कंपनियां तो भारत में आकर चिप बनाएं ही, साथ ही भारत खुद अपनी चिप विकसित करे। भारत की चिप बनाने में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा चीन से है, जो पिछले तीन दशकों से निवेश के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। भारत को चिप निर्माण की महाशक्ति बनाने का सपना गुजरात के धोलेरा की बंजर जमीन पर आकार लेने लगा है। जहां चिप निर्माण से जुड़ी कंपनियों को निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 70 फीसदी तक अनुदान का विकल्प दिया जा रहा है। भारतीय मूल के ब्रिटिश उद्यमी वेदांता समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने एलान किया है कि 2025 तक पूरी रह से भारत में निर्मित चिप को दुनिया के सामने पेश किया जाएगा।


सिंगापुर के आकार जितनी जगह पर आकार ले रही भारत की पहली सेमीकॉन सिटी में गुजरात सरकार तेजी से बुनियादी ढांचागत सुविधाएं तैयार कर रही है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट, चौड़ी सड़कें, बिजली सहित हर वह सुविधा यहां विकसित की जा रही है, जो किसी आधुनिक शहर में होनी चाहिए। मंत्री वैष्णव कहते हैं कि भारत के सबसे बड़े रासायनिक संयंत्र धोलेरा के पास हैं और किसी भी चिप फैब को चलाने के लिए जरूरी विशेष गैसों और तरल पदार्थों को पंप कर सकते हैं। चिप डिजाइनिंग में तो भारतीय कंपनियां लंबे समय से लगी हैं लेकिन, चिप बनाना पूरी तरह से अलग काम है। हालांकि, पीएम मोदी 2020 से ही उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) के जरिये देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और इसका नतीजा भी सामने है कि भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता बन गया है। हालांकि, चिप निर्माण मोबाइल की असेंबलिंग जितना आसान काम नहीं है।

आज लगभग सभी अत्याधुनिक लॉजिक चिप ताइवान में बनाये जाते हैं। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) की स्थापना 1987 में चिप लीजेंड मॉरिस चांग ने की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने भी एरिजोना राज्य मे चिप निर्माण के लिए अनुदान की योजना तैयार की है, लेकिन वहां भी चिप निर्माण के फैब्रिकेशन प्लांट यानी फैब्स की योजना पूरी नहीं हो पा रही है। जबकि, अमेरिका पहले खुद सबसे बड़ा चिप निर्माता रहा है। दूसरी तरफ भारत में चिप फैबिंग का कोई इतिहास नहीं है। यहां तक कि इसे शुरू करने के लिए जरूरी अतिविशिष्ट इंजीनियरिंग या उपकरण भी मौजूद नहीं है।

## अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे यूक्रेनी राष्ट्रपति

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ युद्ध झेल रहा है। अमेरिका अन्य देशों की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करता है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृष्टिकोण को सुनने और विश्व में यूक्रेन के समर्थन का संदेश देने के लिए उत्सुक हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अगले सप्ताह व्हाइट हाउस का दौरा करने अमेरिका की यात्रा करेंगे। इस दौरान जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। बैठक को लेकर व्हाइट हाउस के एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि दोनों राष्ट्र अध्यक्षों के बीच यह तीसरी बैठक होगी। बता दें, हाल ही में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और तानाशाह किम जोंग–उन की मुलाकात से अमेरिका बौखलाया हुआ है। अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ युद्ध झेल रहा है। अमेरिका अन्य देशों की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करता है। इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृष्टिकोण को सुनने और विश्व में यूक्रेन के समर्थन का संदेश देने के लिए उत्सुक हैं। सुलिवन ने कहा कि हम यूक्रेन के लिए नया सैन्य पैकेज तैयार कर रहे हैं। आप अनुमान लगा सकते हैं कि अमेरिका अतिरिक्त संसाधनों, क्षमताओं और अतिरिक्त हथियारों के राहत पैकेज की घोषमा कर सकता है। हाल ही में, अमेरिका ने यूक्रेन के लिए सैन्य मदद के बड़े पैकेज का एलान किया था।

# सौदेबाजी करने वाले वकीलों का बना रहा था मजाक, जाह्नवी मामले में पुलिसकर्मी की सफाई



वाशिंगटन (एजेंसी)। इस साल जनवरी में सिएटल में तेज गति से आ रही पुलिस की गश्ती कार की चपेट में आने से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी। यह मामला हाल ही में उस समय सामने आया, जब वहां के पुलिस विभाग ने एक फुटेज जारी की, जिसमें अधिकारी डेनियल ऑडरर को इस हादसे को हंसकर टालते हुए देखा गया था। हालांकि, अब इस मामले में पुलिस अधिकारी गिल्ड ने अपने साथी का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया की ओर से जारी किए गए वीडियो मामले को साफ करने में नाकाम रहे हैं। इससे मामले की पूरी कहानी और उसका संदर्भ स्पष्ट नहीं हो पाया। इस वजह से पूरा मामला दूसरी दिशा में ही चला गया। साथ ही ऑडरर का लिखा एक पत्र भी जारी किया है, जिसमें उसने अपनी सफाई दी है। दरअसल, अमेरिका में मौजूद भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने उच्चतम स्तर पर इस मामले को उठाया था, जिसके बाद अमेरिकी सरकार हरकत में आई। यह घटना जनवरी की है, जहां अधिकारी केविन डेव द्वारा चलाए जा रहे पुलिस वाहन ने 24 वर्षीय भारतीय छात्रा को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। अमेरिकी अखबार के अनुसार, अधिकारी ओवरडोज की रिपोर्ट मिलने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रास्ते में 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। वहीं सिएटल पुलिस द्वारा जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में देखा गया कि अधिकारी डेनियल ऑडरर ने इस हादसे को हंसकर टाल दिया। उन्होंने इस बात को भी मानने से इनकार कर दिया कि अधिकारी डेव कसूरवार है। अधिकारी ऑडरर का कहना है कि उसके जीवन का 'सीमित मूल्य' था। दरअसल, ऑडरर ने तीन अगस्त को अपना पक्ष रखने के लिए पुलिस कार्यालय को एक पत्र लिखा था। इसी पत्र को गिल्ड ने जारी कर कहा कि ऑडरर ने अपने बयान में साफ बताया है कि उनका उद्देश्य सिर्फ वकीलों का मजाक उड़ाना था। गिल्ड ने कहा कि वीडियो में सिर्फ एक तरफ की बातचीत कैद हुई है। जबकि इस घटना के और भी कई पहलू हैं, जिन्हें अभी तक सार्वजनिक नहीं किया है।

ऑडरर ने पुलिस जवाबदेही कार्यालय के निदेशक गीनो बेट्स को लिखे अपने पत्र में कहा कि मैं लड़की की मौत की हंसी नहीं उड़ा रहा था, मैं उन वकीलों की हंसी उड़ा रहा था, जो ऐसी घटनाओं का मोलभाव करवाते हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि मैंने ऐसी घटनाओं पर दो पक्षों के बीच मोलभाव करते हुए देखा है।



# पर्दे पर फिर साथ दिखेगी शाहिद कपूर और करीना कपूर की जोड़ी

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और करीना कपूर की ऑनस्क्रीन की जोड़ी को फैंस का खूब प्यार मिला है। एक समय में यह इंडस्ट्री के मोस्ट फेवरेट कपल्स में से एक थे। हालांकि पांच साल तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद अलग हो गए था। शाहिद कपूर और करीना कपूर ने फिदा, चुप चुप के, 36 चाइना टाउन, जब वी मेट और मिलेंगे मिलेंगे जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। दोनों की फिल्म 'जब वी मेट' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फैंस अक्सर इस फिल्म के सीक्वल की मांग करते रहते हैं। बीते काफी समय से 'जब वी मेट' के सीक्वल को लेकर खबरें भी सामने आ रही थी। वीहं अब लेटेस्ट खबरों के मुताबिक इस फिल्म का सीक्वल आने की तैयारी हो रही है। टाइम्स नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक कथित तौर पर 'जब वी मेट' के सीक्वल राज मेहता द्वारा गांधार फिल्म्स बैनर के तहत प्रोड्यूस किया जाएगा। रिपोट्र्स के अनुसार फिल्म के सीक्वल वर्जन का निर्देशन इम्तियाज अली ही करेंगे। उन्होंने ही 'जब वी मेट' का भी निर्देशक किया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी आदित्य और गीत के रूप में फिर साथ नजर आने वाली है। हालांकि मेकर्स की और से इस फिल्म के सीक्वल को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। बता दें कि जब वी मेट कुछ दिनों पहले सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी।



# अतीत के बुरे दौर को याद कर भावुक हुए टीवी अभिनेता शीजान खान

टीवी शो अली बाबा : दास्तान-ए-काबुल अभिनेता शीजान खान की उस वक्त मुसीबतें काफी बढ़ गई थीं जब उनकी गर्लफ्रेंड और को-स्टार तुनिषा शर्मा ने सेट पर अपनी जान दे दी थी। तुनिषा ने 24 दिसंबर, 2022 में शो के सेट पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद उनकी मां ने शीजान पर कई संगीन आरोप लगाए थे और उन्हें तकरीबन दो महीने जेल तक जेल की हवा खानी पड़ी थी। अब हाल ही में शीजान एक इंटरव्यू में उस बुरे दौर को याद कर भावुक हो गए। वे उम्मीद कर रहे है कि उनका केस जल्द खारिज हो।

शीजान ने कहा, मैं एक अति बुरे दौर से गुजरा। ऐसा लग रहा था कि मानो मेरी जिंदगी थम गई है। मुझे याद है कि उस वक्त मैं हर पल केवल यही सोचता था कि क्या मेरी जिंदगी फिर से शुरू हो पाएगी या नहीं? ये जो भी सब मेरे साथ हो रहा है, क्या कभी खत्म होगा? मैं इस बुरे वक्त से निकल पाऊंगा या नहीं? अभिनेता ने कहा, मेरे परिवार वालों को और कितनी तकलीफें झेलनी होंगी? इस सबसे मैं कब बाहर आऊंगा? आंखों के सामने, ताश के पत्तों की तरह मेरी जिंदगी बिखरती जा रही थी। मेरा साथ क्या हो रहा था, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था, लेकिन मुझे यकीन था कि भगवान कभी मेरे साथ गलत नहीं होने देगा और मेरे यकीन की जीत भी हुई।

शीजान ने कहा कि बुरे वक्त में मेरे फैमिली मेंबर्स ने मुझे बहुत सपोर्ट किया, उनसे मेरी शुरुआत से ही अच्छी बॉन्डिंग थी। लेकिन हां, उस घटना के बाद कुछ लोगों के असली रंग देखने को मिले। मेरे कुछ पुराने दोस्त थे जो मेरे घर आते-जाते रहते थे लेकिन 24 दिसंबर के बाद उनमे से ज्यादातर लोग बदल गए। मानो जैसे किसी वक्त यदि मेरे 10 दोस्त हुआ करते थे, तब आज उनमे से केवल 1-2 ही मेरे साथ हैं। अब जो बुरे वक्त में आपके साथ नहीं उन्हें भला अपना मानूं भी कैसे?

# सितारों से भरा था जोनास ब्रदर्स का कॉन्सर्ट


अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा के हसबेंड निक जोनास एंड ब्रदर्स का कॉन्सर्ट सितारों से भरा हुआ था। कार्यक्रम में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस संग चीयर करती नजर आईं, जिसकी तस्वीरें अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। प्रियंका अपने पति के गले में बाहें डाले रोमांटिक होती नजर आ रही है। अन्य तस्वीरों में देसी गर्ल फुल जश्न के मूड में दिखाई दे रही हैं। फैंस निकयांका की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही हैं। कटआउट ड्रेस में पीसी के क्लीवेज और बेली साफ नजर आ रहा है। इस लुक को उन्होंने खुले बालों के साथ कंप्लीट किया है। वहीं निक भी इस दौरान ब्लैक टीशर्ट में दिखाई दे रहे हैं।



# सुखी का नया गाना नशा रिलीज

बालीवुड की फिल्म सुखी का नया गाना नशा रिलीज हो गया है। फिल्म में पॉप स्टार बादशाह नजर आ रहे हैं। यह गाना उनके मां के किरदार की भावना को बखूबी दर्शाता है, जो रूटीन लाइफ से ब्रेक लेकर एन्जॉय करना चाहती हैं। यह एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फिल्म है। यह गाना पॉप सॉन्ग है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इन्फ्लुएंस है, जो सिंथ-पॉप या मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक पॉप की खासियत है, हालांकि इसमें बॉलीवुड के डांस सॉन्ग का टच भी है, और निश्चित रूप से यह एक फुट टैपर है। नशा गाना फिल्म की थीम से कहीं अधिक मेल खाता है और दर्शकों को खुशी का एहसास कराता है। नशा के वीडियो में शिल्पा के इसी नाम के किरदार सुखी और उसके दोस्तों को दिखाया गया है, जो अपने स्कूल रियूनियन में जाते हैं। गाने को बादशाह और अफसाना खान ने गाया है। वहीं, गाने के लिरिक्स राजा दिलवाला ने लिखे हैं, जबकि, म्यूजिक कंपोजिशन बादशाह और हितेन ने दिया है।




# 'जवान' ने तोड़ा 'पठान' का रिकॉर्ड, 9 दिन में किया 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। एटली के निर्देशन में बनी 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म जवान को ग्रैंड ओपनिंग मिली थी और हर दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है।

फिल्म 'जवान' को रिलीज हुए 9 दिन हो चुके हैं। फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म जवान को लेकर लोंगो में एक अलग ही क्रेज बना हुआ है। जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'जवान' का टोटल कलेक्शन 400 करोड़ रुपएसे अधिक हो गया है। फिल्म 'जवान' ने सबसे तेज 400 करोड़ रुपए कमाने का एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शाहरूख खान की ही फिल्म 'पठान' ने कामयाबी का यह पड़ाव जहां रिलीज के 11वें दिन पार किया था, वहीं जवान ने ये मील का पत्थर रिलीज के नौवें दिन ही हासिल कर लिया है।

गौरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

# इस बार दिखेगा बिग बॉस का अलग रंग

सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस' के हर सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के खत्म होने के बाद जल्द ही टीवी पर 'बिग बॉस 17' की शुरुआत होने जा रही है। इस बार भी सलमान खान बिग बॉस को होस्ट करते नजर आने वाले हैं। हाल में ही 'बिग बॉस 17' का प्रोमो भी रिलीज किया गया है। प्रोमो देखकर साफ हो रहा है कि इस बार शो काफी दिलचस्प होने वाला है। प्रोमो से सलमान का एकदम अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वह काफी कूल नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' के प्रोमो में सलमान के तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में सलमान खान वॉक करते हुए नजर आते हैं। इसके बाद वह बताते हैं कि इस बार ऑडियन्स बिग बॉस की कई चीजों से रूबरू होगी। लोगों ने अभी तक सिर्फ बिग बॉस की आंख देती हैं, लेकिन इन बार वो तीन नए अवतार देखेंगे, जिसमें दिल, दिमाग और दम शामिल हैं। इतना बता के वो कहते हैं कि अभी के लिए इतना ही। इसके साथ ही सलमान ने ये भी इशारा किया कि आने वाले वक्त में वो कई और ट्विस्ट लेकर आएंगे, जो आने वाले प्रोमो में देखने को मिल सकता है। सलमान खान प्रोमो में ऑरेंज कुर्ता पायजाना में नजरआ रहे हैं। इसके बाद वह ब्लैक शर्ट और ग्रे ट्राउजर में दिखते हैं। आखिर में वह काऊबॉय हैट और सनग्लासेस में नजर आते हैं। इस प्रोमो को कलर टीवी ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस बार बिग बॉस दिखाएंगे एक अलग रंग, जिसे देखकर रह जाएंगे आप सब दंग।'




# पुष्पा एक्टर अल्लू अर्जुन ने की फिल्म जवान की तारीफ

शाह रुख खान की लेटेस्ट फिल्म जवान की तारीफ में हर कोई एक्टर कसीदे गढ़ रहा है। इसी कड़ी में पुष्पा-2 कलाकार अल्लू अर्जुन का नाम जुड़ रहा है, जिन्होंने जवान की प्रशंसा की है। इसके बाद शाह रुख खान ने भी स्टाइल में अल्लू का आभार व्यक्त किया है। शाह रुख खान की जवान को देखने के बाद अल्लू अर्जुन का उत्साह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अल्लू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का सहारा लिया है। गुरुवार को एक स्पेशल ट्वीट करते हुए लिखा है-इस विशाल ब्लॉकबस्टर जवान की अपार सफलता के लिए पूरी टीम को मेरी तरफ से ढ़ेर सारी बधाई। शाह रुख खान ये अब तक का आपका सबसे बेहतरीन किरदार रहा। अपने स्वैग से आपने हर किसी का दिल जीत लिया है, सच में आपके लिए बहुत खुशी हुई है सर, हमारी दुआएं आपके लिए काम लाई हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

इसके अलावा अल्लू ने इस ट्वीट में जवान फिल्म स्टार कास्ट विजय सेतुपति, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, डायरेक्टर एटली और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध की काफी प्रशंसा की है। अल्लू अर्जुन के जरिए अपनी फिल्म जवान की तारीफ सुनकर शाह रुख खान ने तुरंत साउथ सुपरस्टार को रिप्लाई दिया है। शाह रुख ने लिखा है- आपके प्यार और प्रार्थनाओं के लिए बहुत आभार मेरे यार। रही बात स्वैग की तो जो व्यक्ति खुद द फायर है और वो मेरी तारीफ कर रहा है, तो उससे मेरा दिन जरूर बनेगा।





# लकड़ी कैसे पचा लेती है दीमक?

पेड़-पौधों में पाया जाने वाला सेलुलोज ही दीमक का भोजन होता है। इसलिए वे तमाम चीजें दीमक का भोजन होती हैं जिनमें सेलुलोज होता है। बहुत सी सूखी लकड़ी पर तुमने दीमक का घर बना देखा होगा। लकड़ियों के बने फर्नीचर, कॉपी-किताबों जैसी बहुत सी चीजों को दीमक चट कर जाती है और फिर वह सामान किसी काम का नहीं रह जाता। दीमक जो सेलुलोज भोजन के रूप में प्राप्त करती है उसे पचा पाने की क्षमता उसमें नहीं होती है। इसे पचाने के लिए दीमक को दूसरे जीव की मदद लेना पड़ती है। ये दूसरे जीव प्रोटोजोआ कहलाते हैं, जो दीमक की आँतों में रहते हैं। दोनों के बीच सहभागिता का रिश्ता होता है। दीमक लकड़ी को चबाकर निगल जाती है और आँतों में रहने वाले प्रोटॅजोअंस इस लकड़ी की लुगदी को भोजन में बदल देते हैं। इस भोजन से ही दोनों जीव अपना जीवन चलाते हैं। दीमक पर्यावरण में सफाईगार की भूमिका निभाती है पर कई बार यह कीमती सामान को खराब करके नुकसानदायक भी साबित होती है। दीमक समूह में रहती है और भोजन तलाशने में एक-दूसरे की मदद भी करती है। ये चींटियों से मिलती-जुलती लगती हैं। इसलिए इन्हें 'व्हाइट एंट' भी कहा जाता है। आकार के अलावा चींटियों से इनकी कोई समानता नहीं होती।

# जानो स्पेस सूट के बारे में



बच्चो, आप लोगों ने सुनीता विलियम्स के बारे में जरूर सुना होगा। सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में छह महीने तक रहने और सबसे लंबी स्पेस वॉक करने का रिकार्ड बनाया है। आप ने टेलीविजन चैनल और समाचार-पत्रों में सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की तस्वीरें देखी होंगी। आपने देखा होगा अंतरिक्ष यात्री हमेशा एक खास तरह की ड्रेस पहनते हैं। एक मोटा सा सूट और उस पर हैलमेट और ऑक्सीजन मास्क भी लगा रहता है। अंतरिक्ष में जाने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं सूट पहनना पड़ता हैं। इसे स्पेस सूट कहते है। इस स्पेस सूट को पहने बगैर अंतरिक्ष में रहना संभव नहीं होता है। स्पेस सूट की वजह से ही अंतरिक्ष के प्रतिकूल माहौल में अंतरिक्ष यात्री जीवित रह पाते हैं। इस स्पेस सूट को तैयार करने के लिए भी वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत और शोध किया हैं। यह सूट उस कपड़े से नहीं बना होता है, जिसे हम और आप पहनते हैं। नासा के वैज्ञानिक अंतरिक्ष की स्थितियों का आँकलन करने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों के लिए इस सूट को तैयार करते हैं। 'हार्ड अपर टोर्सो' नामक पदार्थ का इस्तेमाल करते हुए अंतरिक्ष यात्रियों के सूट तैयार किये जाते हैं। इस सूट को पहनने के बाद हमारे शरीर का तापमान और बाहरी वातावरण से शरीर पर पड़ने वाला दबाव नियंत्रित रहता है। इसके साथ ही यह सूट इस तरह से बनाया जाता है कि यह अंतरिक्ष में मौजूद हानिकारक किरणों से हमारे शरीर को बचाने के लिए कवच का काम करे। इस सूट के अंदर ही एक लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम होता है, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है। इस सूट के अंदर गैस और द्रव पदार्थो को रीचार्ज और डिस्चार्ज करने की व्यवस्था भी होती है। इस सूट में ही अंतरिक्ष यात्री वहाँ से एकत्रित किये गए, ठोस कणों को सुरक्षित रख सकते हैं।

# पैंगुइन उड़ क्यों नहीं पाते हैं?

ऑस्ट्रिच और इमू की तरह पैंगुइन भी पंख होने के बावजूद उड़ते नहीं हैं। कहते हैं आज से ६५0 लाख साल पहले पैंगुइन के पूर्वज उड़ पाते थे और धीरे-धीरे उनकी यह क्षमता खत्म हो गई। पैंगुइन के पूर्वज समुद्र के ऊपर उड़ते थे और भोजन की तलाश में समुद्र में डाइव लगाते थे। लाखों सालों पहले पैंगुइन की हड्डियाँ पक्षियों की तरह ही हल्की होती थीं और वे उड़ पाते थे, पर समय के साथ उनकी हड्डियाँ भारी हो गईं और वजन बढ़ जाने से उनका खुद को हवा में उठाना नामुमकिन हो गया। हालाँकि इन्हीं हड्डियों के कारण पैंगुइन अब पानी में डाइव बेहतर तरीके से लगा पाते हैं।





# समुद्र में पायी जाने वाली विचित्र मछलियां

**धरती के 70 प्रतिशत भाग में फैला हुआ सागर पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने, भोजन और ऑक्सीजन प्रदान करने, जैव विविधता बनाये रखने और परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों के मतानुसार धरती पर प्रारंभिक जीवन सागर से ही प्रारम्भ हुआ था और चरणबद्ध विकास के फलस्वरूप यह धरती पर भी पनपने लगा और वर्तमान में उपलब्ध जैव विविधताओं का कारण बना।**

## वाइपर फिश

बेहद गहरे पानी और उच्च दबाव वाले क्षेत्र में रहने वाली यह मछली देखने में काफी डरावनी लगती है। बेहद कठिन परिस्थितियों में रहने के कारण यह बहुत कम खाने पर भी लम्बे समय तक जिन्दा रह सकती है। इसके पास से गुजरने वाले किसी भी शिकार का इसके नुकीले दांतों से बचना नामुमकिन ही है।

## सिलिकेन्थ

प्रागैतिहासिक युग के प्राणियों के सामान दिखने वाली यह मछली एक जीवित जीवाश्म ही है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ७ करोड़ वर्ष पहले मिलने वाली मछलियों की संरचना से काफी मिलती है।

## इलेक्ट्रिक ईल

समुद्र में पायी जाने वाली यह ईल प्रजाति की मछली आकार में २ मीटर तक लम्बी और २० किलो तक वजनी हो सकती है। यह ६00 वोल्ट का तेज विद्युतीय झटका दे सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने विद्युत का इस्तेमाल रास्ता खोजने में भी कर सकती है।

## मिस्ट्री शार्क

दुनिया के सबसे गहरे समुद्री क्षेत्र के रूप में विख्यात मरियाना ट्रेंच में पाई जाने वाली यह अत्यंत दुर्लभ शार्क की तस्वीर है। यह एक प्रागैतिहासिक जीव है जिसे सबसे पहले जापानी वैज्ञानिकों ने देखे जाने का दावा किया था।

## स्टोनफिश

हिन्द महासागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाने वाली यह मछली एकदम पत्थर की तरह समुद्र की सतह पर निष्क्रिय पड़ी रहती है। जैसे ही कोई शिकार इसके पास आता है यह झपटकर उसे पकड़ लेती है। यह एक जहरीली मछली है और इसका शिकार हृदयाघात से बेहद दर्दनाक मौत मरता है।

## स्टार गैजेर्स

यह समुद्र में पायी जाने वाली एक जहरीली मछली है। यह खुद को रेत में अच्छी तरह छुपा लेती है और जैसे ही शिकार इसके पास आता है तेजी से झपट्टा मारकर उसे पकड़ लेती है। अन्य मछलियों के विपरीत इसकी ऑंखें सामने की ओर होती हैं।

## पफर फिश

पफर फिश अपने नाम के अनुसार खतरा महसूस होने पर ढेर सारा पानी अपने लचीले पेट में भरकर अपना आकार बढ़ा लेती है जिससे शिकार कंफ्यूज हो जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलती है। यह भी एक जहरीली मछली है।

## फ्रिल्ड शार्क

बहुत गहरे पानी में पायी जाने वाली यह शार्क की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति है जिसे देखने मात्र से ही भय उत्पन्न होता है। यह पत्थर की बनी हुई दिखती है और एक जीवित जीवाश्म है।

## वैम्पायर स्क्विड

यह गहरे पानी में पाया जाने वाला एक प्रकार का स्क्विड ही है जिसने अपने आप को गहरे पानी के अनुकूल ढाल लिया है। यह अँधेरे में बल्ब के सामान चमकीली संरचनाओं से प्रकाश उत्पन्न करता है। खतरा महसूस होने की स्थिति में यह चमकीली स्याही छोड़ता है जिससे शिकारी चौंक जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलता है।

## बिगफिन स्क्विड

स्क्विड प्रजाति से सम्बन्ध रखने वाला यह जीव गहरे पानी में पाया जाता है। यह स्क्विड आकार में १६ फीट तक लम्बा हो सकता है।

## मड स्किपर

यह ऐसे समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहती है जहाँ ज्वार और भाटा निरंतर आता रहता है। यह खारे पानी और जमीन दोनों पर रह सकती है। यह एम्फीबियन प्रजाति की तरह ही त्वचा से साँस ले सकती है।

## एंगलर फिश

लगभग सभी महासागरों में पाई जाने वाली यह मछली आकार में १ मीटर तक लम्बी हो सकती है। इसके सर पर चारे के सामान संरचना होती है जिसे यह जब हिलाती है तो जीवन के लिए संघर्ष करते हुए चारे के सामान प्रतीत होता है जिससे दूसरी मछलियां आकर्षित होती हैं और इसका आसान शिकार बन जाती हैं।

## हैमर हेड शार्क

देखने में किसी दूसरी दुनिया के जीव सी लगने वाली यह शार्क सामान्य रूप से दुनिया भर के महासागरों में पाई जाती है। इसकी ऑंखें शरीर से बहुत दूर होती हैं जो इसे ज्यादा क्षेत्र तक देखने में सक्षम बनाती हैं।








# अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित स्मारक माउंट रशमोर

**माउंट रशमोर अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित एक स्मारक है। यह 60 फुट या 18 मीटर लंबी रचना है जिसमें भूतपूर्व राष्ट्रपतियों जार्ज वाशिंगटन, थॉमस जैफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन को अंकित किया गया है।**

यह स्मारक 1,278 एकड़ में फैला हुआ है। इसकी देखरेख नेशनल पार्क सेवा द्वारा की जाती है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के आंतरिकी विभाग का ब्यूरो है। इस स्मारक को वर्ष में लगभग 2 मिलियन लोग देखने आते हैं। पर्वत पर बनाए गए इस स्मारक को लकोटा सिउक्स भी कहा जाता है क्योंकि इसमें छह राष्ट्रपतियों मूर्तियाँ उकेरी गई हैं। बाद में इसका नाम न्यूयार्क के एक जाने-माने वकील चार्ल्स ई रशमोर के नाम पर रखा गया। असल में रशमोर पर्वत में इस तरह की कलाकृति उकेरने का उद्देश्य दक्षिणी डकोटा की ब्लैक हिल्स में पर्यटकों का आकर्षण बढ़ाना था। कॉंग्रेस के प्रतिनिधि मंडल और राष्ट्रपति केल्विन कूलिज के बीच लंबे समझौते के बाद यह प्रोजेक्ट प्रारंभ हो पाया। मूर्तिकार गुट्जन बोर्गलम के निर्देशन में 1927 में काम शुरु हुआ और 1941 में बनकर तैयार हुआ।





# दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी जाइंट एंटइटर

इस घने बाल वाले प्राणी को एंट बियर भी कहते हैं। यह अपनी लंबी थूथन से कीटों को खाता है। इसकी सूंघने की शक्ति मनुष्य से 40 गुना अधिक होती है। यह अपनी जीभ को 18 इंच तक तेजी से बाहर निकाल सकता है। जाइंट एंटइटर दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी है जो अपने विचित्र मुख-आकार, थूथन और अपनी पतली व लम्बी जीभ से केवल चींटी, दीमक और अन्य छोटे कीट खाने के लिये प्रसिद्ध है। चींटीखोरों की चार जातियाँ पाई जाती हैं: सिर-से-पूँछ तक १.८ मी (५ फुट ११ इंच) लम्बा विशाल चींटीखोर, केवल ३५ सेमी (१४ इंच) लम्बा रेशमी चींटीखोर, १.२ मी (३ फुट ११ इंच) लम्बा उत्तरी तामान्दुआ और लगभग उतना ही लम्बा दक्षिणी तामान्दुआ। चींटीखोर पिलोसा नामक जीववैज्ञानिक गण में शामिल हैं जिसमें स्लॉथ भी आते हैं, यानि स्लॉथों और चींटीखोरों का आनुवंशिक (जेनेटिक) सम्बन्ध है।

# वॉल मैगजीन

गर्मी की छुट्टियां खत्म हो गई थीं। सभी बच्चों के स्कूल खुल गए थे। सरगुन आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। एक दिन असेम्बली में स्कूल की प्रिंसिपल स्वाति कपूर बोलीं, 'बच्चो, तुम सबके लिए एक बहुत अच्छी खबर है। तुम सभी ने गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखा होगा। तुम सब अपने माता-पिता के साथ घूमने भी गए होंगे। मैं चाहती हूं कि तुम सब अपने अनुभवों पर आधारित एक प्रोजेक्ट बनाकर जमा करो और जिसका प्रोजेक्ट सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे इनाम दिया जाएगा।' यह सुनकर सभी बच्चे खुशी से उछल पड़े।

प्रिंसिपल ने बच्चों को सिर्फ एक सप्ताह का समय दिया था। सभी बच्चे अपने-अपने तरीके से प्रोजेक्ट बनाने की तैयारियों में जुट गए। अचानक सरगुन की क्लास की सबसे चंचल और सुंदर लड़की गौरी बोली, 'हम सब तो कुछ न कुछ नया कर ही लेंगे, पर बेचारी सरगुन कैसे करेगी? इसके दाएं हाथ में तो केवल तीन.।' उसकी बात पूरी होती, उससे पहले ही सरगुन की बेस्ट फ्रेंड अर्निका बोली, 'गौरी, तुम्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए। देख लेना, सरगुन ही सबसे नई और उपयोगी वस्तु खोजेगी और तुम देखती रह जाओगी।' उसकी बात सुनकर गौरी ने मुंह चिढ़ा दिया और अपनी सीट पर बैठ गई ।

गौरी अक्सर सरगुन का मजाक उड़ाती थी। सरगुन के दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां थीं। उसकी दो उंगुलियां दो साल पहले एक एक्सीडेंट में बुरी तरह मसल गई थीं, इसलिए अब उसके दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां रह गई थीं। शुरुआत में सरगुन को अपना काम करने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन फिर धीरे-धीरे उसे आदत पड़ गई। अब तो उसे ऐसा महसूस ही नहीं होता था कि उसकी दो उंगलियां नहीं हैं। सभी बच्चे अपना-अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगे हुए थे। प्रिंसिपल ने बच्चों को ग्रुप में प्रोजेक्ट बनाने की अनुमति दे दी थी, इसलिए सरगुन, अर्निका और कुछ अन्य छात्रों के साथ अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगी हुई थी। किसी ने भी अपने प्रोजेक्ट की खबर किसी को नहीं होने दी थी। प्रोजेक्ट जमा कराने से एक दिन पहले सभी बच्चे इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि उनका प्रोजेक्ट ही बेस्ट होगा। अगले दिन अचानक तेज बारिश होने लगी। सभी बच्चे स्कूल बड़ी मुश्किलों से अपने-अपने प्रोजेक्ट लेकर पहुंचे। स्कूल पहुंचकर सभी ने अपने-अपने प्रोजेक्ट निकाले। गौरी ने अपने सुंदर चित्रों से तैयार किए गए प्रोजेक्ट को निकाला तो यह देखकर उसके होश उड़ गए कि सारे चित्रों में न जाने कैसे पानी की बूंदें पड़ गई थीं। केवल दो-तीन चित्र ही साफ बचे थे, बाकी सभी में बड़े-बड़े धब्बे बन गए थे। यह देखकर गौरी खुद पर काबू नहीं रख पाई और रोने लगी। उसके रोने पर किसी का ध्यान नहीं गया। सभी अपने प्रोजेक्ट को सजाने-संवारने में जुटे थे।

अचानक सरगुन ने उसके कंधे पर हाथ रखा और बोली, 'गौरी, तुम्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। तुम मेरे ग्रुप में शामिल हो जाओ । इससे तुम्हारे मार्क्स नहीं कटेंगे।' यह सुनकर गौरी को थोड़ी सांत्वना मिली। उसने अपने साफ चित्र सरगुन को देते हुए कहा, 'मेरे पास तो केवल ये हैं, तुम इन्हें अपने प्रोजेक्ट में कहीं प्रयोग कर सको तो अच्छा होगा।' सरगुन बोली, 'बिल्कुल गौरी, तुम्हारे चित्र मेरे प्रोजेक्ट को और सुंदर बना देंगे।' इसके बाद गौरी सरगुन के ग्रुप में शामिल हो गई। सभी बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट जमा करा दिए।

आखिर परिणाम का दिन भी आ गया। सभी बच्चे असेम्बली में खड़े हुए थे और बेसब्री से परिणाम का इंतजार कर रहे थे। अचानक मंच पर प्रिंसिपल आईं और बोलीं, 'सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाए हैं। लेकिन पुरस्कार तो किसी एक को ही दिया जाना था, इसलिए इस बार आठवीं कक्षा के प्रोजेक्ट 'वॉल मैगजीन' को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस प्रोजेक्ट की ग्रुप हेड सरगुन है और उसके ग्रुप में अर्निका, गौरी, काव्या, तन्मय व गौरांश शामिल हैं। इस मैगजीन में सामान्य ज्ञान की बातों के साथ ही कहानी, कविता, चित्रों, पहेलियों, चुटकुलों और अन्य मनोरंजक जानकारियों को भी नए तरीके से पेश किया गया है। हमने निर्णय लिया है कि स्कूल की पत्रिका में इस सामग्री को डाला जाएगा और इन सभी बच्चों को उसके सम्पादन मंडल में शामिल किया जाएगा।' यह सुनकर सरगुन के साथ ही पूरा ग्रुप उछल पड़ा। इस समय सबसे भावुक गौरी थी। वह तुरंत उठकर सरगुन के पास गई और उसके गले लगते हुए बोली, 'सरगुन, अगर तुम मेरी मदद नहीं करतीं तो मैं मदद का मूल्य कैसे जान पाती? अब मैं कभी भी किसी का मजाक नहीं उड़ाऊंगी, हर किसी की मदद करूंगी।' सरगुन गौरी के हाथ में हाथ डालकर बोली, 'गौरी अभी तो स्कूल मैगजीन को ऊंचाइयों पर ले जाना है और तुम्हारे बनाए सुंदर चित्रों के बिना यह मुश्किल है।' इसके बाद पूरा ग्रुप एकसाथ अपनी जीत की खुशी मनाने लगा ।

